# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


भारत ही नहीं सारी दुनिया में गुस्सा, कहा- इन आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाओ, सारे देश में अलर्ट

दर्दनाक तस्वीर

पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे 'बड़ा हमला'



## आतंकियों ने पहले नाम व धर्म पूछा और 26 सैलानियों को भून डाला

# पहलगाम के गुनहगारों को ढूंढकर 'मारेंगे'

### इन आतंकियों ने जान लेने के बाद कहा- मोदी को बता देना, पीएम यूएई का दो दिन का दौरा रद्द कर सुबह भारत लौटे, गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में डाला डेरा, आतंकियों और साजिशकर्ताओं पर बड़ी सैन्य कार्रवाई के संकेत

**पीएम मोदी बुधवार सुबह भारत लौट आए**

- हमले की खबर मिलने के बाद पीएम यूएई में हो गए थे बैचेन
- उन्होंने तत्काल गृहमंत्री शाह से कहा कि वे श्रीनगर पहुंचे
- शाह ने इस निर्देश के बाद की आपात बैठक की व रात 9 बजे श्रीनगर पहुंच गए
- श्रीनगर पहुंचने के बाद शाह ने सीएम उमर व एलजी मनोज सिन्हा के साथ बैठक की
- उधर, पीएम मोदी ने रात 11 बजे यूएई का दौरा रद किया और रात में ही वे भारत लौट आए
- बुधवार सुबह घटनास्थल पर जाएंगे अमित शाह

**दोपहर 3.30 बजे पहलगाम में क्या हुआ?**

- काफी पर्यटक बैसरन घाटी में सैर कर रहे थे। तभी सेना की वर्दी में 6 आतंकी आए
- संभवत: लोकल वेंडर व कारोबारियों को यह सूचना था कि हमला होने वाला है
- ये सभी हमले वाली जगह से कुछ देर पहले ही दूर चले गए, वे आतंकियों से मिले हुए थे
- आतंकियों ने नाम व धर्म पूछ-पूछकर सैलानियों को भूनना शुरु कर दिया, 5 मिनट तक करीब 50 राउंड फायरिंग की
- इस दौरान वहां कोई सुरक्षा कर्मी तक मौजूद नहीं था, बाद में जो सुरक्षा कर्मी आए वे सिर्फ ढाढस बंधा रहे थे
- आतंकी 26 हत्याओं के बाद चैलेंज देकर गए कि जाकर मोदी को बता देना
- पूरे हमले की लगता है कि पटकथा पहले से लिखी हुई थी, लोकल लोगों का इसमें पूरा सपोर्ट था

आतंकी किश्तवाड़ के रास्ते आए और फिर कोकरनाग के जरिए दक्षिण कश्मीर के बायसरन पहुंचे थे और बाद में पहाड़ियों के रास्ते भाग गए

**इस हमले का असर?**

1. कश्मीर जाने वाले सारे पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कीं
2. सारे होटलों, शिकारों और गाइडों की बुकिंग रद्द कर दी गई
3. सारी रेल यात्राएं व फ्लाइटों की टिकट रद्द की गईं
4. अमरनाथ यात्रा व वैष्णो देवी यात्रा पर भी पड़ेगा असर



आतंकियों का हिसाब करने के लिए शाह ने श्रीनगर में बनाई रणनीति

एजेंसी ▶▶श्रीनगर/नई दिल्ली

आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के 6 आतंकियों ने पहलगाम में मंगलवार दोपहर 26 सैलानियों को चुन-चुनकर भून डाला। हमले में 20 से ज्यादा सैलानी घायल हो गए। आतंकियों ने लगभग 40 पर्यटकों के एक समूह को घेर लिया और अचानक उन पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी।

अचानक हुई इस गोलीबारी से शांत घाटी में चीखें गूंज उठी। हर तरफ लोग भाग रहे थे, आतंकियों की गोलियों से खुद को बचाने की कोशिश कर थे। कुछ मिनट पहले जहां माहौल खुशनुमा था, वह हर तरफ मौत का भयावह मंजर देखने को मिला। घायलों के परिजन लोगों से मदद की गुहार लगा रहे थे, जहां दर्जनों पर्यटक खून से लथपथ पड़े हुए थे। आतंकी सेना की वर्दी में आए और पर्यटकों से परिचय-पत्र मांगना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने पर्यटकों का मजहब जानकर और उनपर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जब तक सुरक्षा बल मौके पर पहुंचते, आतंकी कई पर्यटकों की हत्या कर पहाड़ियों की तरफ भाग गए। वारदात के ▶▶शेष पेज 4 पर

## पेड़ों की पीछे छिपकर सैलानियों ने जान बचाई



अस्पताल में घायल



मौके की तस्वीर

**कहां हुआ हमला?**

श्रीनगर से 90 किलोमीटर की दूरी पर है पहलगाम। यहां से छह किलोमीटर दूर है बायसरन घाटी, जहां पहुंचने में 30 मिनट का वक्त लगता है। इस जगह को 'मिनी स्विट्जरलैंड' भी कहा जाता है। यहां घास के मैदान हैं। एक तरफ देवदार के घने जंगल हैं। यहां पर्यटक तुलियन झील तक ट्रैकिंग करने के लिए भी आते हैं। यहां पैदल रास्ते या खच्चरों पर बैठकर ही आसानी से पहुंचा जा सकता है। यहीं पर हमला हुआ। यहां अलग-अलग राज्यों के पर्यटक और विदेशी सैलानी मौजूद थे। घटनास्थल पर खानपान के कुछ ठिकाने बने हुए हैं। कुछ पर्यटक वहां भेलपुरी खा रहे थे। कुछ पर्यटक खच्चरों के जरिए आवाजाही कर रहे थे। कुछ मैदान में बैठकर पिकनिक कर रहे थे। हमले के वक्त पर्यटकों ने पेड़ों के पीछे जाकर अपनी जान बचाई।

### यूएई से पीएम ने कहा... हम आतंकियों को नहीं बख्शेंगे

इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।





सर्च अभियान चलाते सुरक्षा बल

### आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली जिम्मेदारी

आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। टीआरएफ, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी संगठन है। पाकिस्तान में बैठा शेख सज्जाद गुल टीआरएफ का प्रमुख है। टीआरएफ की कहानी 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले के साथ ही शुरू होती है। जम्मू कश्मीर में हाल ही में 85 हजार से अधिक डोमिसाइल जारी किए गए हैं। टीआरएफ यह कहकर लोगों को भड़का रहा है कि ये डोमिसाइल स्थानीय लोगों को नहीं, बल्कि बाहरी लोगों को प्रदान किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले- यह कायराना करतूत



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमले में हुए सभी दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस घृणित कृत्य में अपने प्रिय जन खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कायराना और अमानवीय कृत्य है। इसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारा देश एकजुट है, आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोई भी साजिश कभी कामयाब नहीं होगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से हमले में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

**हमले की चौतरफा निंदा**

### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल बोले पूरा देश एकजुट



आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं और निर्दोष भारतीय यूं अपनी जान न गंवाएं।




**हमले के अपराधी-जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र : उमर**


मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। हमारे आगंतुकों पर यह हमला एक घृणित कार्य है। इस हमले के अपराधी जानवर, अमानवीय और घृणा के पात्र हैं।कहने की जरूरत नहीं है कि यह हमला हाल के वर्षों में नागरिकों पर किए गए किसी भी हमले से कहीं बड़ा है।

**अमेरिका भारत के साथ खड़ा: डोनाल्ड ट्रंप**

आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भारत के अविश्वसनीय लोगों को हमारा पूरा समर्थन और गहरी सहानुभूति है।



**आतंकियों को उचित सजा मिले : पुतिन**



हम उम्मीद करते हैं कि इसके जिम्मेदारों और अपराधियों को उचित सजा मिलेगी। मैं आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने में भारतीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहूंगा।

## चश्मदीदों की जुबानी

**1 आपबीती**

### गोली मारी और कहा जाकर मोदी को बता देना

हमले में कर्नाटक के शिवमोगा जिले के एक कारोबारी पर्यटक मंजूनाथ राव की भी मौत हो गई। मंजूनाथ अपनी पत्नी पल्लवी और अपने छोटे बेटे के साथ घाटी में घूमने गए थे। पल्लवी ने उस भयानक मंजर और दर्दनाक आपबीती को बताते हुए कहा कि आतंकी हिंदुओं की पहचान कर गोली मार रहे थे। बकौल पल्लवी, जब आतंकियों ने उसके पति को गोली मारी तो उसने आतंकियों से खुद को भी मारने को कहा लेकिन आतंकियों ने कहा कि तुम्हें नहीं मारूंगा, जाओ मोदी को बता देना।

**2 आपबीती**

### इस्लामी आयत पढ़ने को कहा, नहीं पढ़ी तो गोली मारी

एक पीड़ित युवती ने बताया कि जब आतंकवादी आए तो उनका परिवार डर के मारे टेंट के अंदर छिपा हुआ था। उन्होंने युवती के 54 वर्षीय पिता संतोष जगदाले से कहा कि वे बाहर आकर एक इस्लामी आयत पढ़ें। जब वे ऐसा नहीं कर पाए, तो उन्हें तीन बार गोली मारीं। आतंकी ने एक गोली उनके सिर में, फिर कान के पीछे और फिर पीठ में गोली मारी। पिता के जमीन पर गिर जाने के बाद, बंदूकधारियों ने उसके बगल में लेटे उसके चाचा पर हमला किया और उनकी पीठ में कई गोलियां मार दीं। असावरी को नहीं पता कि उसके पिता और चाचा जीवित हैं या मर चुके हैं। इसके बाद आतंकवादियों ने उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करने का आरोप लगाया।

**क्यों चुना गया यह वक्त?**

- वर्ष 2000 में पहलगाम में अमरनाथ यात्रा के बेस कैंपर पर हमले में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।
- आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय किया है, जब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर हैं।
- मार्च 2000 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत यात्रा पर आए थे, तब दक्षिण कश्मीर के छत्तीसिंहपुरा में 35 सिखों की हत्या कर दी थी।
- इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दौरे पर हैं।
- वहीं, सवा दो महीने बाद यानी 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है। जहां पर हमला हुआ, वह इलाका अमरनाथ यात्रा के नूनवान स्थित बेस कैंप से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर है।

**मृतकों की सूची**

मंजू नाथ शिवमू- कर्नाटक
शिवम मोग्गा- कर्नाटक
विनय नरवाल- हरियाणा
शुभम द्विवेदी- यूपी
दिलीप जयराम देसले- महाराष्ट्र
अतुल श्रीकांत मोने- महाराष्ट्र
संदीप नेवपाणे- नेपाल
बीटन अधिकेरी
उधवानी प्रतीप कुमार- यूएई
संजय लखन लेले
सय्यद हुसैन शाह- अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर)
हिम्मत भाई- गुजरात
प्रशांत कुमार -बालेश्वर
मनीष रंजन
रामचंद्रम
शैलेंद्र काल्पिया

**घायलों की सूची**

वीनी भाई- गुजरात
मानिक पटेल
रिनो पांडे
एस बालचंद्रू- महाराष्ट्र
डॉ. परमेश्वरम- तमिलनाडु
अभिजवम राव- कर्नाटक
संत्रू आगे- तमिलनाडु
शशि कुमारी- ओडिशा
बालचंद्रा- तमिलनाडु
शोभित पटेल- मुंबई

**पर्यटकों के लिए हेल्पलाइन नंबर**

अनंतनाग पुलिस ने पर्यटकों के लिए 24/7 इमर्जेंसी हेल्प डेस्क बनाया है। सहायता या जानकारी की आवश्यकता वाले पर्यटकों की सहायता के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष अनंतनाग में एक समर्पित सहायता डेस्क स्थापित की गई है। ये दो नंबर जारी किए गए हैं - 9596777669, 01932225870, वॉट्सएप के लिए - 9419051940


2011 से संचालित
शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003 74411 61485
Website : ssscn.ac.in

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
हैदराबाद मुंबई
शाम 7.30 बजे से


### योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संशोधनों को मंजूरी

# अब 11 से 200 जोड़ों के ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह होंगे

**मोहन कैबिनेट का बड़ा फैसला**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह, निकाह के लिए जोड़ों की सीमा तय कर दी गई। अब कम से कम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों के ही सामूहिक विवाह और निकाह होंगे।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने संशोधनों को मंजूरी दे दी। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिए संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेंडर जारी कर ▶▶शेष पेज 4 पर

**कैलेंडर बनाकर संभागवार होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन**



**2022 के बाद.... अब तबादले 1 से 31 मई तक**

प्रदेश में करीब ढाई साल बाद 1 से 31 मई तक सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले होंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रिमंडल बैठक की ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी। इससे पहले मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी तबादलों से रोक हटाने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि तबादला नीति मंत्रिमंडल की अगली बैठक तक आ जाए। बता दें, प्रदेश में 2022 के बाद अब तबादले होंगे। तब जून 2021 की तबादला नीति के आधार पर तबादले हुए थे। प्रदेश में 7.50 लाख कर्मचारी हैं। इनमें से डेढ़ से दो लाख कर्मचारी तबादलों से प्रभावित ▶▶शेष पेज 4 पर

### दमोह में दर्दनाक सड़क हादसा...

## महादेव घाट के पुल से अनियंत्रित बोलेरो नदी में गिरी, आठ की मौत

**दमोह।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी के महादेव घाट पुल के पास मंगलवार दोपहर एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो ▶▶शेष पेज 4 पर

मरने वालों में एक परिवार की 5 बहनें



**सीएम ने दुख व्यक्त किया, आर्थिक मदद भी दी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 8 नागरिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रूपए एवं ▶▶शेष पेज 4 पर

### ट्रक रांग साइड जा रहा था

## ट्रक और मारुति वैन की टक्कर में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर

■ स्कूटी सवार भी चपेट में आया

सागर-बीना सड़क मार्ग पर नरयावली रोड पर ग्राम जेरई के ब्रिज के पास मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक और वैन की भिडंत हो गई। टक्कर के समय वाहनों की चपेट में स्कूटी सवार भी आ गया।



हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, ग्राम जेरई के पास नए ब्रिज से अनाज से भरा ट्रक रांग साइड जा ▶▶शेष पेज 4 पर

### सुहागरात से पहले सजी चिता

## दुल्हन लेकर लौटे दूल्हे की चार घंटे बाद मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶शहडोल



यहां दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई हैं, जहां सड़क हादसे में दूल्हा समेत एक अन्य युवक की मौत हो गई। दुल्हन की विदाई के बाद दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन के लिए गिफ्ट लेने दोस्त के साथ बाजार निकला था। दहेज में मिली मोटर साइकिल से हादसा हुआ है। जिले के ब्यौहारी के झिरिया गांव में रहने वाले दूल्हे दीपेंद्र साकेत (22) की सीधी जिले के मगरोहर गांव में शादी हुई थी। झिरिया से ब्यौहारी दुल्हन के लिए सोने की नथ लेकर दूल्हा घर लौट रहा था। घर से 2 ▶▶शेष पेज 4 पर

भारतीय रिजर्व बैंक ने 10 साल से ज्यादा उम्र के नाबालिगों को बचत जमा खाते खोलने और संचालित करने की दी अनुमति

# आरबीआई के फैसले का स्वागत... पालक बोले, बच्चों का भविष्य होगा सुरक्षित, बच्चे बोले-अब गुल्लक में नहीं, अपने खाते में जमा करेंगे पैसा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई ) ने 10 साल से ज्यादा उम्र के नाबालिगों को स्वतंत्र रूप से बचत जमा खाते खोलने और संचालित करने की जो अनुमति दी है उसका सभी वर्ग के लोगों ने स्वागत किया है। आरबीआई के इस निर्णय के बाद बच्चों की खुशी बढ़ गई है और उनमें यह बात घर कर रही है कि अब वे गुल्लक में नहीं बैंक खाता में पैसा जमा करेंगे।

रिजर्व बैंक के इस निर्णय का बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि इससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा, जबकि कि खाता खुलने की खबर से खुशी से उछल रहे नाबालिक बच्चों ने कहा कि वे अब गुल्लक में नहीं खाते में पैसा जमा करेंगे। बच्चों का कहना है कि उन्हें दादा-दादी, नाना-नानी सहित अन्य बड़ों से जो पैसा मिलता है उसे वह अब अपने खाते में जमा करेंगे।

हरिभूमि चर्चा

### आरआरबीआई का फैसला बहुत अच्छा



आरआरबीआई का फैसला बहुत अच्छा है। इसके कारण हमारे पैसों की बचत हो जाएगी। तीज-त्यौहारों पर और पॉकेट मनी के रूप में हमें भी पैसे मिलते हैं, लेकिन अभी वे घर के ही किसी काम में खर्च हो जाया करते हैं। हमारा खाते होने पर हम पैसों को खाते में जमा कराएंगे तो भविष्य में पढ़ाई के खर्च में हमारी मदद करेंगे।

**अरणि पाण्डेय**, कक्षा 12, जवाहरलाल सीबीएसई स्कूल, भेल

### मैं अपना बचत खाता खोलूंगी



जैसे ही बैंक ने यह अनुमति दी कि अब हम बच्चे भी अपना बचत खाता खोल सकते हैं मैं 1 जुलाई के बाद अपना बचत खाता जरूर खोलूंगी, क्योंकि सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना में मेरे पापा ने पहले ही मेरे नाम से एक खाता खोला हुआ है और हम विद्यार्थियों की बचत की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने रिजर्व बैंक के इस नियम का हम स्वागत करते हैं। अपने क्षेत्र के बैंक में सबसे पहले खाता अब मेरा होगा।

**आर्या अग्रवाल** कक्षा 11वीं, निवासी चौक बाजार

### खाता खोलकर पॉकेट मनी बचाएंगे



*रिजर्व बैंक ने हम विद्यार्थियों की बचत की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के इस निर्णय का हम स्वागत करते हैं अब मैं भी अपना बचत खाता खोलकर अपनी पॉकेट मनी में से छोटी-छोटी राशि भविष्य के लिए बचाने का एक अच्छा साधन मिल गया।*

***वेदांत अग्रवाल**, लखेरापुरा*

### इसके दुष्परिणाम ज्यादा सामने आएंगे



जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि अब किसी भी आयु के नाबालिग अपने अभिभावक के माध्यम से बैंक में बचत और सावधि जमा खाता खोल सकते हैं। आरबीआई ने इन्हें अधिक व्यावहारिक और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। परंतु इसके दुष्परिणाम ज्यादा सामने आएंगे। ज्यादातर अभिभावक इसे अपने काले धन को सफेद करने का जरिया बनाएंगे और ज्यादातर लेन -देन बच्चों के खातों के माध्यम से होगा, जो कि काले धन को बढ़ावा देगा, ऐसा देश के विकास के लिए उचित नहीं होगा।

**कनिष्क चोइथानी**, उम्र 16 वर्ष, कैलाश नगर गोविन्दपुरा

### शुभ आशीष की धन राशि खुद के खाते में जमा कर सकेंगे



रिजर्व बैंक हम बच्चों के ही हित में नहीं, बल्कि पालकों के हित में भी यह निर्णय लिया है। क्योंकि बड़े-बुजुर्ग और नाते -रिश्तेदारों से मिलने वाली शुभ आशीष की राशि अब उन्हें सहेजना नहीं पड़ेगा। अब हम अपनी शुभ आशीष की धन राशि खुद के खाते में जमा कर सकेंगे और खातेदार कहलाएंगा। राशि एकत्रित कर अपने सुनहरे भविष्य को संवार सकेंगे। आरबीआई का यह फैसला बच्चों के लिए हितकारी है।

**नमन गर्ग**, उम्र 17 वर्ष, सराफा चौक, भोपाल


### हमें बचत की भी आदत पड़ जाएगी



रिजर्व बैंक के इस निर्णय से मेरे जैसे पढ़ने वाले बच्चों को बहुत सुविधा हो जाएगी। छोटे-छोटे खर्चों के लिए हमें बार-बार अपने अभिभावकों से पैसे नहीं मांगने पड़ेंगे। वह हमारे खाते में कुछ राशि जमा कर देंगे, जिसको हम सुविधा अनुसार खर्च कर पाएंगे, साथ ही हमें बचत की भी आदत पड़ जाएगी।

**आयुष तम्बी**
उम्र 14, कक्षा -10 केंद्रीय विद्यालय

## खबर संक्षेप



### श्रीजी मंदिर में जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु का प्राकट्य उत्सव कल

**भोपाल।** लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु का 548वां प्राकट्य उत्सव 24 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसमौके पर सुबह मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। जो सराफा चौक, लोहा बाजार, जुमेराती, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, भवानी चौक, सोमवारा होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। तो वहीं दोपहर में यहां जगतगुरु का तिलकोत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद विशेष प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु वरुथिनी एकादशी पर प्रकट हुए थे। इसके चलते 24 अप्रैल को एकादशी के मौके पर प्रकट्य उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे श्रीजी मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी।

### विद्यार्थी अपनी जिम्मेदारी पूर्ण समर्पण के साथ निभाएं और आगे बढ़ें

**भोपाल।** शिक्षा पूर्ण होने और प्लेसमेंट हो जाने के बाद सभी विद्यार्थी एक नए जीवन की ओर आगे बढ़ेंगे। अपनी जिम्मेदारी पूर्ण समर्पण के साथ निभाएं और आगे बढ़ें। जीवन में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। विद्यार्थी कठिनाई के समय में निराश न हों, बल्कि अपने अंदर की कमी को निखारे और आगे बढ़े। जीवन में कुछ हट के करना होगा, जिससे दुनिया आपको याद रखे। यह बात पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कही। आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी के वर्ष-2025 बैच के प्लेसमेंट में चयनित इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, मैनेजमेंट, फार्मेसी, बीबीए, बीसीए एवं अन्य कोर्स के छात्रों के लिए प्लेसमेंट-डे का आयोजन आईईएस कैम्पस में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री लखन पटेल ने किया।

राजधानी में दोपहर को धूप इतनी तेज कि चलते-चलते गिर रहे लोग

# जेपी व हमीदिया अस्पताल में तीन घंटे में पहुंचे 45 से ज्यादा हीट स्ट्रोक के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में सूरज के तेवर दिनोंदिन और सख्त होते जा रहे हैं। राजधानी का पारा 40 डिग्री के पार जा पहुंचा है। दोपहर में एक बजे के बाद धूप इतनी तेज हो चुकी है कि कई लोग भी चलते चलते गिर रहे हैं। जेपी और हमीदिया अस्पताल में मंगलवार को ही ओपीडी में 385 मामले आए, जिसमें 45 से ज्यादा मरीज हीट स्ट्रोक के थे वहीं 35 प्रतिशत मरीज लूज मोशन, पेटदर्द, उल्टी चक्कर और बुखार के थे। अस्पताल के बच्चा वार्ड में डायरिया और उल्टी दस्त से पीड़ित 10 बच्चे भर्ती हुए।

डॉक्टरों ने गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। तली और मसालेदार चीजों से परहेज करने को कहा है। वहीं ज्यादा धूप से होने वाली घबराहट से बचने के लिए विटामिन सी वाले पेय पदार्थों का उपयोग करें। धूप में यदि बाहर निकले तो सिर को कपड़ा ढंक ले, नाक और मुंह पर कपड़ा बांध लें। इससे गर्म हवा से बचा जा सकता हैं। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी और धूप के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है, जिससे हीट स्ट्रोक होता है।

*डॉक्टर्स का अलर्ट:* धूप में जरूरी हो तभी घर से निकलें, धूप से बचने छाता या टोपी का करें उपयोग

घबराहट होने पर ओआरएस घोल, पानी या नींबू पानी पिएं



*जेपी अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़।*

### एक से 22 अप्रैल तक 6070 मामले

*गर्मी बढ़ने से एक से 22 अप्रैल तक तक डिहाइड्रेशन, वायरल बुखार, हीट स्ट्रोक और अन्य संक्रामक रोग के करीब छह हजार 70 मरीज ओपीडी में आए। एम्स, जेपी और हमीदिया अस्पताल के जनरल वार्ड पूरी तरह से भरे हुए हैं। यहां मरीजों में ज्यादा संख्या बुखार, सिर दर्द, सांस लेने में परेशानी, पेट संबंधी बीमारियों और स्किन फंगल की परेशानी वालों की है। इसके अलावा लूज मोशन और स्किन की परेशानी के मरीज भी बढ़े हैं।*

### तीन लोग गिरे गश खाकर

108 एंबुलेंस कॉल सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार भोपाल स्टेशन रोड के पास दो युवा तेज धूप में गश खाकर गिरे जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहीं मिसरोद क्षेत्र में भी एक बुजुर्ग भी तेज धूप के कारण चक्कर आकर गिर गए थे। हमीदिया अस्पताल के मेडिसिन एक्सपर्ट डॉ. अनिल सेजवार ने बताया कि गर्मी में सबसे अधिक डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। ऐसे में खुद को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए लगातार पानी पीते रहना चाहिए।

### तेज धूप में बढ़े बायपोलर डिसऑर्डर के मेनिया केस

तेज धूप और झुलसाने वाली गर्मी दिमाग पर भी असर डाल रही है। इससे बायपोलर डिसऑर्डर के मेनिया केस सामने आ रहे हैं। हमीदिया के मनोरोग विभाग की ओपीडी में ऐसे केस अप्रैल माह में 15 फीसदी तक बढ़े हैं। व्यक्ति तेज धूप के संपर्क में ज्यादा रहता है तो इस तरह के मामले बढ़ते हैं। इससे बचना है तो खुद को हाइड्रेट रखें, तेज धूप में ज्यादा देर से बचें। दवा समय पर खाएं और पर्याप्त नींद जरूर लेना चाहिए।

**डॉ. रुचि सोनी**, मनोचिकित्स, जीएमसी

### एकाएक गर्मी बढ़ने से बढ़ी पेट की समस्या

*एकाएक गर्मी बढ़ने से पेट की समस्याओं और बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। वायरल फीवर की वजह से मरीज की भूख खत्म होने के साथ डिहाइड्रेशन हो रहा है। कम से कम तीन लीटर पानी पीएं, तेज धूप के दौरान ज्यादा देर बाहर न रहें, दूषित पानी और बासी भोजन के सेवन न करें।*

***डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, अधीक्षक, जेपी अस्पताल*

### लू और हीट स्ट्रोक के लक्षण

- उल्टी और दस्त
- पेट दर्द
- बुखार
- शरीर का तापमान बढ़ना
- चक्कर आना
- बेहोशी

**बचाव के उपाय**

*अधिक मात्रा में पानी पिएं*
*शरीर को ठंडा रखें, ठंडे पानी से नहाए*
*हल्के और ढीले कपड़े पहनें*
*धूप में निकलने से बचें या छाता या टोपी का उपयोग करें*
*ओआरएस घोल पिएं*

बड़ी झील में सीधे मिल रही गंदगी के फोटो किए वेबसाइट पर अपलोड





## पुराने शहर की तंग गलियों में कचरा वाहनों के साथ पहुंची टीम पूछा, कब-कब आती है गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिए दिल्ली से आई सर्वे टीम ने चौथे दिन पुराने शहर समेत बैरागढ़ के इलाकों में जाकर सर्वे किया। मंगलवार को सर्वे टीम नगर निगम के जोन एक, दो, चार और नौ में सर्वे करने पहुंची। टीम सुबह छह बजे ही पुराने भोपाल की तंग गलियों में कचरा एकत्र करने वाली गाड़ियों के साथ चलकर सर्वे करने में जुट गईं। इस दौरान नागरिकों से पूछा कि कचरा गाड़ी कब-कब आती है। साथ ही पुराने भोपाल के सुलभ शौचालय, सामुदायिक भवन, सार्वजनिक पार्क, गली, मोहल्ले में जाकर जीवी प्वाइंट की तलाश की।

पुराने शहर के कचरा स्टेशनों का निरीक्षण करने की वजह से जोन एक बैरागढ़ के वार्डों में निरीक्षण करने टीम दोपहर में पहुंची। इस दौरान बड़ी झील में मिल रहे नालों की गंदगी के फोटो लेकर साइट पर अपलोड किए। जोन नौ में सर्वे टीम ने दूसरे दिन भी सर्वे किया। टीम वार्ड 38 में साफ-सफाई व्यवस्था देखने पहुंची। इस दौरान यहां बने गली-मोहल्ले और कवर्ड कैंपस कालोनियों में जाकर पब्लिक फीडबैक लिया।

### दो दर्जन जगहों पर परखी स्वच्छता

सर्वे टीम ने मंगलवार को 25 से अधिक स्थानों का निरीक्षण कर निगम के किए गए दावों को परखा। दरअसल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) की टीमें यूएलबी (अर्बन लोकल बाडी) की साइट खुलते ही आनलाइन लोकेशनों पर पहुंच रही हैं। इस बार भी भोपाल नगर निगम ने देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का दावा किया है। इन्हीं दावों को दिल्ली की टीमें परखने में लगी हुई है।

अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

## अंजनी नंदन धाम मंदिर से चांदी के नारियल और थाली चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी इलाके में स्थित अंजनी नंदन धाम मंदिर परिसर पर सोमवार रात चोरों ने धावा बोलकर वहां एक कमरे में रखा चांदी का सामना चुरा लिया है। इस दौरान बदमाशों ने मंदिर और उसके अंदर रखी दानपेटी से कोई छेड़छाड़ नहीं की है।

इस मामले में पुलिस ने मंदिर के प्रबंधक कृष्णा पचौरी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मंदिर के समीप ही पुजारी के लिए एक कमरा बना हुआ है, जिसका बदमाशों ने रात में ताला तोड़ा है। कमरे के अंदर अलमारी से चांदी का नारियल, पूजा की चांदी की थाली आदि सामान ले गए हैं। पचौरी का कहना है कि सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने कमरे का ताला टूटा देखा। वे जब अंदर गए तो कमरे और उसके अंदर की अलमारी का सामान भी बिखरा पड़ा था। सूचना पर ईंटखेड़ी थाना पुलिस, एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

शोधार्थी विद्यार्थियों ने परमार को शोध एवं अध्ययन कार्यों से अवगत कराया

## भारतीय संस्कृति में है समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण : उच्च शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में यज्ञ अनुष्ठान के विभिन्न पहलुओं पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित शोध, परीक्षण एवं प्रयोगात्मक अध्ययन कार्यों के विस्तृत प्रतिवेदन का अवलोकन किया।

प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण द्वारा शोधार्थी विद्यार्थियों ने मंत्री परमार को अपने शोध एवं अध्ययन कार्यों से भी अवगत कराया। मंत्री परमार



ने भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्वपूर्ण अंग यज्ञ अनुष्ठान पर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित आध्यात्मिक पुरुषार्थ करने वाले समस्त शोधार्थी विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिक दल की सराहना करते हुए, उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंत्री परमार ने कहा कि यज्ञ अनुष्ठान, भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण अंग है।

आरकेएमपी बीना और इटारसी से सवार हो सकेंगे यात्री

## रीवा-चर्लपल्ली के बीच कल से चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 01704-01703 रीवा-चर्लपल्ली-रीवा ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाई जा रही है।

यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी। यह विशेष ट्रेन 24 अप्रैल से 25 मई तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 1 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन उसी दिन बीना (7:50 शाम), रानी कमलापति (10 बजे रात), इटारसी (11:35 बजे रात) होते हुए अगले दिन दोपहर 2:45 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

### 01703 चर्लपल्ली-रीवा विशेष ट्रेन (10 ट्रिप)

*यह विशेष सेवा 25 अप्रैल 2025 से 26 मई 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को शाम 4:55 बजे चर्लपल्ली से रवाना होगी। यह ट्रेन अगले दिन इटारसी (12:25 दोपहर), रानी कमलापति (3:40 दोपहर), बीना (6:15 शाम) होते हुए तीसरे दिन सुबह 3:30 बजे रीवा पहुंचेगी।*

### इन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन

*चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जंक्शन, पेड्डापल्ली, मंचेराल, बेलमपल्ली, सिरपुर कागज नगर, बल्लारशाह, नागपुर जंक्शन, आमला जंक्शन, बैतूल, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर, सतना, रीवा।*

आरोपी ने भवन निर्माण अनुमति के एवज में मांगे थे रुपए

## प्रभारी सीएमओ को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते किया ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त भोपाल की टीम ने मंगलवार को प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरकिया जिला हरदा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रेप किया है। आरोपी ने भवन निर्माण अनुमति के एवज में डिमांड की थी। भगवानदास सेन, जिला हरदा ने एसपी लोकायुक्त को शिकायती आवेदन के माध्यम से बताया कि प्रभारी सीएमओ आत्माराम सांवरे द्वारा भवन निर्माण की अनुमति के लिए 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

उक्त शिकायत का सत्यापन पुलिस अधीक्षक दुर्गेश राठौर द्वारा कराया गया। इसके बाद निरीक्षक घनश्याम मर्सकोले के नेतृत्व में लोकायुक्त टीम गठित की गई और प्रभारी सीएमओ को मौके से 5000 रुपए रिश्वत राशि लेते हुए रंगें हाथों पकड़ा गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### आरआई को 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा



*इधर, एक अन्य मामले में घाटीगांव के राजस्व निरीक्षक को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ लोकायुक्त ग्वालियर की इकाई ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार राजस्व निरीक्षक दिलीप नगर ने भूमि को नाप कर कब्जा मुक्त करवाने के ऐवज में फरियादी प्रवीण सिंह से 50000 रिश्वत की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक के द्वारा आवेदक की शिकायत का सत्यापन कराया। रिश्वत मांगवार्ता की बात के दौरान आरोपी द्वारा 50 हजार से कम करके 35,000 पर रिश्वत के मामले में समझौता किया। जिसमें से 5000 रुपए उसने बतौर एडवांस ले लिए। वहीं 30000 और देने को कहा। लोकायुक्त एसपी ने शिकायत के सत्यापन के बाद ट्रेप दल का गठन किया। उक्त टीम के द्वारा आज आरोपी को उसके निवास पर 30,000 रिश्वत लेते हुए लेते हुए पकड़ लिया।*

भोपाल रेल मंडल के यात्री इटारसी से ले सकेंगे सुविधा, 34 घंटे में तय होगा सफर

## सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस का कल पीएम करेंगे वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ, 45 पैसे पर किमी रहेगा किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल, आरकेएमपी व इटारसी स्टेशन के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल 24 अप्रैल को सहरसा और मुंबई के बीच सफर करने के लिए रेल यात्रियों 130 की रफ्तार से दौड़ने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है।

सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी से सहरसा-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेगी। इसके चलते भोपाल व आरकेएमपी के यात्री इस ट्रेन में इटारसी स्टेशन से सफर कर सकेंगे। इसको लेकर भोपाल रेल मंडल की ओर से भव्य



तैयारी शुरू कर दी गई है। इस ट्रेन के इटारसी पर पहुंचने पर भव्य समारोह के साथ स्वागत किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि अमृत भारत ट्रेन भारतीय रेल की एक क्रांतिकारी पहल है, जो कम किराए में हाई-स्पीड, अत्याधुनिक डिजाइन और सुविधाओं से भरपूर यात्रा का अनुभव प्रदान करती है। इसकी अधिकतम गति 130 किमी प्रति घंटा होगी और किराया केवल 45 पैसे प्रति किलोमीटर रहेगा।

### जनरल और सेकंड क्लास के यात्रियों को मिलेगी सुविधा

यात्रियों को आरामदायक सफर का अनुभव कराने के लिए ट्रेन में कई आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। जनरल और सेकंड क्लास के डिब्बों में विशेष सुधार किया गया है। ट्रेन 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। झटका मुक्त यात्रा के लिए सेमी-ऑटोमैटिक कपलर लगाए गए हैं। दोनों छोर पर लोकोमोटिव के साथ पुश-पुल ऑपरेशन के लिए कंट्रोल कपलर की सुविधा भी दी गई है। ट्रेन सहरसा से सुबह 5 बजे रवाना होगी। अगले दिन दोपहर 3 बजे मुंबई पहुंचेगी। वर्तमान में इस रूट पर चलने वाली हमसफर ट्रेन साढ़े 35 घंटे में यह दूरी तय करती है। नई अमृत भारत एक्सप्रेस 34 घंटे में यह सफर पूरा करेगी।

### 1950 किलोमीटर की दूरी तय करेगी ट्रेन

रेलवे के अनुसार सहरसा से लोकमान्य तिलक के बीच कुल 1950 किलोमीटर की दूरी को तय करेगी, जिसका मार्ग सहरासा से शुरू होकर खगड़िया हसनपुर रोड, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, इटारसी, भुसावल होते हुए लोकमान्य तिलक तक अपने सफर को पूरा करेगी।

भोपाल
बुधवार, 23 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 12, अंक : 22
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### 112 दिन में 23,838 रु. महंगा हुआ सोना
## गोल्ड का नया रिकॉर्ड, 1 लाख हुआ



**नई दिल्ली।** 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम मंगलवार 22 अप्रैल को सराफा बाजार में पहली बार 1 लाख रुपए पर पहुंच गया। भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। जबकि दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत शेष पेज 4 पर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जेद्दा में हुआ भव्य स्वागत

# 21 तोपों की दी गई सलामी... 'ए वतन, मेरे वतन आबाद रहे तू' गाना गाया गया

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी सुबह भारत वापस आ गए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंगलवार दोपहर जेद्दा हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई और इस अवसर पर सऊदी अरब के एक शख्स ने उन्हें बॉलीवुड फिल्म 'राजी' का गाना 'ए वतन, मेरे वतन आबाद रहे तू' गाकर सुनाया।

### प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक शहर जेद्दा की यह पहली यात्रा

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा- ऐतिहासिक बंदरगाह शहर जेद्दा में 21 तोपों की सलामी और औपचारिक स्वागत। मक्का के उप-राज्यपाल एचआरएच प्रिंस सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद, वाणिज्य मंत्री एचई माजिद बिन अब्दुल्ला अल कसाबी और जेद्दा के मेयर एचई सालेह अली अल-तुर्की की तरफ से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया कि सऊदी अरब के जेद्दा शेष पेज 4 पर



### पीएम के प्लेन को लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट किया

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के प्लेन की जेद्दा में लैंडिंग से पहले सऊदी एयर स्पेस में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। पीएम मोदी के प्लेन को रॉयल सऊदी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट किया।



यह प्रधानमंत्री की तीसरी सऊदी अरब यात्रा इससे पहले वे 2016 और 2019 में सऊदी अरब का दौरा कर चुके

### भारत का व्यापारिक संबंध लगभग 43 अरब डॉलर का

सऊदी अरब के साथ भारत का व्यापारिक संबंध लगभग 43 अरब डॉलर का है और इस यात्रा में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को भी और मजबूत करने की योजना है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पहले ही संकेत दिया था कि भारत और सऊदी अरब के बीच रक्षा और आर्थिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण समझौते संभव हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्रेमजी के अस्पताल में मुफ्त होगा इलाज

**रांची।** झारखंड में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा बनाए जा रहे अस्पताल में गरीबों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अस्पताल का परियोजना के जनवरी 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। देशभर में 15 और इसी तरह के अस्पताल तैयार किए जाएंगे।



### कविता कृष्णमूर्ति, रिकी केज सम्मानित होंगे

**बेंगलुरु।** प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम और संगीतकार रिकी केज को संगीत की दुनिया में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 25 अप्रैल को 12वें लोकमत सुर ज्योत्स्ना राष्ट्रीय संगीत पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जाएगा। 'प्रेस्टीज सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स' में समारोह आयोजित होगा।



### कर्नाटक में जातीय जनगणना रिपोर्ट गायब

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई मूल जातीय जनगणना रिपोर्ट गायब है। साथ ही पार्टी ने यह दावा भी किया कि रिपोर्ट फिलहाल मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के पास है। भाजपा और राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ विधायकों ने मूल सामाजिक-आर्थिक और रिपोर्ट में कथित खामियों पर चिंता जताई।



## 2845 उम्मीदवारों के इंटरव्यू, वैकेंसी 1132.... 1,009 उम्मीदवारों को नियुक्ति दी गई

### यूपीएससी के परिणाम घोषित

**शक्ति के पिता यूपी पुलिस में हवलदार**

# यूपीएससी में 'मातृ-शक्ति'

प्रयागराज की शक्ति दुबे टॉपर दूसरे स्थान पर हर्षिता व तीसरे पर अर्चित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का रिजल्ट घोषित हो गया है। इस साल शक्ति दुबे ने टॉप कर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। शक्ति दुबे ने अपनी ग्रेजुएशन की डिग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकैमेस्ट्री में की है। ग्रेजुएशन करने के बाद बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से बायोकैमेस्ट्री में एमएससी की है। 2018 में पोस्ट ग्रेजुएट होने के बाद शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। आयोग द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि दुबे ने इस परीक्षा में राजनीतिक विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुना और सफलता हासिल की। उन्होंने 2018 से ही सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू कर दी थी।

दूसरे स्थान पर हर्षिता गोयल और तीसरे स्थान पर डोंगरे अर्चित पराग हैं। पिता देवेंद्र दुबे बताते हैं कि पिछले वर्ष दो नंबर से सफलता न मिलने के बाद शक्ति थोड़ा परेशान थीं, लेकिन हार नहीं मानीं, तैयारी में लगी रहीं और सफलता प्राप्त की। शक्ति दुबे के पिता देवेंद्र कुमार दुबे पुलिस विभाग में हवलदार हैं। उनकी माता प्रेमा दुबे गृहिणी हैं। नंबर 2 पर हर्षिता गोयल रही हैं। हर्षिता मूल रूप से हरियाणा की हैं और कई वर्षों से गुजरात के वडोदरा में रह रही हैं।

पिछले वर्ष दो नंबर से सफलता न मिलने के बाद शक्ति थोड़ा परेशान थीं, लेकिन हार नहीं मानीं, तैयारी में लगी रहीं और सफलता प्राप्त की



शक्ति दुबे
**प्रथम**
प्रयागराज



हर्षिता गोयल
**द्वितीय**
हरियाणा



अर्चित पराग
**तृतीय**
पुणे

**टॉप-10 टॉपर्स**

1. शक्ति दुबे
2. हर्षिता गोयल
3. डोंगरे अर्चित पराग
4. शाह मर्गी चिराग
5. आकाश गर्ग
6. कोमल पूनिया
7. आयुषी बंसल
8. राज कृष्ण झा
9. आदित्य विक्रम अग्रवाल
10. मयंक त्रिपाठी

### 7 जनवरी से 17 अप्रैल तक चले इंटरव्यू

इंटरव्यू राउंड की शुरुआत 7 जनवरी 2025 से हुई थी, जोकि 17 अप्रैल 2025 तक चले थे। मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले लगभग 2845 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। सिविल सेवा परीक्षा 2024 के तहत आईएएस, आईपीएस समेत सर्विसेज में 1132 पदों पर भर्ती निकाली थी। पहले अधिसूचना में भी 1056 वैकेंसी ही थी, लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 1132 कर दिया गया।

#### कैंसर पीड़ितों के लिए काम कर चुकी हैं हर्षिता

हर्षिता सीए हैं। हर्षिता थैलेसीमिया और कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए अहमदाबाद के बीलीफ फाउंडेशन के साथ काम कर चुकी हैं। परीक्षा में राजनीति विज्ञान और इंटरनेशनल रिलेशंस उनके वैकल्पिक विषय थे। हर्षिता की माता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता में उनके पिता और परिवार का बहुत बड़ा योगदान है। अर्चित पुणे (महाराष्ट्र) के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा मुंबई से प्राप्त की और 12वीं की पढ़ाई पुणे से की। उन्होंने ने वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) की डिग्री ली है। उनका एक ऑप्शनल सब्जेक्ट फिलॉसफी (दर्शनशास्त्र) था।

### मप्र से 30 से अधिक युवाओं का चयन

## ग्वालियर की आयुषी को 7 वीं रैंक भोपाल के क्षितिज को 58 वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार मप्र के 30 से अधिक युवाओं का चयन हुआ है। इसमें ग्वालियर की आयुषी बंसल ने 7वीं रैंक हासिल की है। ग्वालियर के माधव अग्रवाल ने 16वीं रैंक, रीवा के रोमिल द्विवेदी ने 27वीं रैंक, मंदसौर जिले के गरोठ के रहने वाले ऋषभ चौधरी ने 28वीं रैंक, क्षितिज आदित्य शर्मा 58वीं रैंक, दिव्यांशी अग्रवाल 249वीं रैंक, स्वर्णिम चौधरी 258वीं रैंक, इटारसी के मोनू शर्मा ने 359वीं रैंक, आशीष रघुवंशी 202वीं रैंक, भोपाल के क्षितिज आदित्य शर्मा ने 58वां स्थान हासिल किया है। इंदौर के योगेश शेष पेज 4 पर



आयुषी बंसल
**7वीं रैंक**
ग्वालियर

#### सीएम डॉ. यादव ने दी बधाई

**यह अथक परिश्रम, धैर्य एवं समर्पण का प्रतिफल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी की परीक्षा में चयनित मप्र सहित देशभर के सभी प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, धैर्य एवं समर्पण का प्रतिफल है। यह परिणाम बताते हैं कि युवाओं ने शासकीय सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया है।



### ग्वालियर की आयुषी बंसल

#### कम उम्र में पिता को खोया, अभी आईपीएस की ले रही हैं ट्रेनिंग

ग्वालियर की आयुषी बंसल को 7वीं रैंक मिली है। इससे पहले आयुषी ने यूपीएससी -2023 में 97वीं और 2022 में 188वीं रैंक हासिल की थी। आयुषी के माता-पिता दोनों एलआईसी में काम करते थे। उन्होंने बहुत कही कम उम्र में अपने पिता को खो दिया था। आईआईटी की तैयारी के लिए वे दिल्ली आ गईं। यहां मैकेंजी एंड कंपनी में काम किया। 2022 में जॉब क्विट करके यूपीएससी प्रिपरेशन शुरू की। आयुषी बोलीं कि मुझे ऑनलाइन कोचिंग से फायदा फायदा मिला है। इससे आपके टॉपिक को लेकर कॉन्सेप्ट क्लीयर होते हैं। ग्वालियर के विनय नगर निवासी आयुषी ने कहा कि मैंने 10वीं ग्वालियर से की थी। इसके बाद 12वीं दिल्ली से की। इसके बाद इंजीनियरिंग के लिए कानपुर गई। इंजीनियरिंग करने के बाद मैंने 10 महीने तक प्राइवेट सेक्टर में जॉब किया। आयुषी ने कहा कि मैंने ठान लिया था कि यूपीएससी फाइट करूंगी और अच्छी प्रशासनिक अधिकारी बनूंगी। पहले प्रयास में ही मैं आईपीएस बनी और कर्नाटक कैडर मिला।

शरबत जिहाद बयान पर हाईकोर्ट नाराज

## कहा-यह अक्षम्य, कोर्ट की अंतरात्मा पर यह है आघात

**नई दिल्ली।** बाबा रामदेव के शरबत जिहाद वाले बयान पर दिल्ली हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कड़ा आदेश जारी करने की चेतावनी देते हुए कहा इससे न्यायालय की अंतरात्मा को आघात पहुंचा है, इसका कोई औचित्य नहीं था। अदालत ने रामदेव का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया है। योग गुरु बाबा शेष पेज 4 पर




■ सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने का यह मामला

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद बोले

## शास्त्री हिंदू राष्ट्र बनाने चले थे, गांव बना रहे

**जबलपुर।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर तंज कसते हुए कहा कि जो व्यक्ति हिंदू राष्ट्र बनाने चला था, अब वही हिंदू गांव बना रहा है। यह तो वही बात हुई कि बनाने चले थे हाथी और अब बना रहे हैं चूहा। एक दिवसीय दौरे पर जबलपुर पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपनी बातों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शेष पेज 4 पर



■ ऐसा क्या हुआ ...हाथी बनाना था, चूहा बना रहे

वकीलों को भी मिल रही है चुनौती

## नौकरियां चली जाएंगी एआई पर कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से हो रहे आविष्कार से तमाम सुविधाएं मिल रही हैं तो रोजगार से जुड़ी चिंताएं भी लोगों को सता रही हैं। इस चिंता में अब सुप्रीम कोर्ट भी शामिल हो गया है। अदालत ने मंगलवार को एक केस की सुनवाई के दौरान कहा कि भविष्य में ड्राइवर का काम एआई से होगा। इसके खतरनाक परिणाम होंगे और बड़े पैमाने पर लोग बेरोजगार हो सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और शेष पेज 4 पर



■ केस की अगली सुनवाई 14 मई को होगी

दुबे विवाद के बीच उपराष्ट्रपति धनखड़ का बड़ा बयान

## संसद ही 'सुप्रीम' इससे ऊपर कोई नहीं, चुने प्रतिनिधि ही कर सकते हैं संविधान में बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय में कहा कि संसद सर्वोच्च है और चुने हुए प्रतिनिधि ही असली मालिक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है, और लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही संविधान में बदलाव कर सकते हैं। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाना है तो संसद को बंद कर देना चाहिए। अब इस मुद्दे को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर टिप्पणी की है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद सबसे ऊपर है। संविधान की प्रस्तावना में ही इसका सार है। संविधान कहता है हम, भारत के लोग। इसका मतलब है कि सबसे बड़ी शक्ति लोगों के पास है। कोई भी शेष पेज 4 पर



#### कपिल सिब्बल ने कहा..कोर्ट कर सकता है संविधान की व्याख्या

राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने भी धनखड़ से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ भी कहा है, वह देश के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप है। यह राष्ट्रीय हित में है। सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संसद के पास कानून बनाने की पूरी शक्ति है। सुप्रीम कोर्ट का कर्तव्य है कि वह संविधान की व्याख्या करे और पूरी तरह से न्याय करे।

### 1 इधर, मुंबई में भाजपा का 'वक्फ बिल समझाओ' अभियान

## *गरीब मुसलमानों को लाभ और संपत्तियों की लूट रोकना वक्फ बिल का मुख्य उद्देश्य : किरेन रिजिजू*

भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा करीब 9 लाख 72 हजार वक्फ संपत्तियां

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम का मुख्य उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और वक्फ संपत्तियों की लूट व दुरुपयोग को रोकना है। उन्होंने यह बात मुंबई में 'वक्फ सुधार जनजागरूकता अभियान' के तहत लोगों को संबोधित करते हुए कही। रिजिजू ने कहा कि भारत एक बड़ा देश है और यहां की हर इंच जमीन का सही उपयोग होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा करीब 9 लाख 72 हजार वक्फ संपत्तियां हैं, लेकिन इसका लाभ गरीब मुसलमानों को नहीं मिल पा रहा। उन्होंने चिंता जताई कि कई संपत्तियां बाहुबलियों द्वारा कब्जा कर ली शेष पेज 4 पर



#### वक्फ कानून पर अफवाह फैला रहे कुछ लोग: मेघवाल

*वक्फ कानून पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि जनता को इस तरह के लोगों से सावधान रहना चाहिए जो गुमराह करने की कोशिश करते हैं। ये सभी लोग अफवाह फैला रहे हैं। भाजपा के नेताओं ने जनता को यह समझाने का जिम्मा उठाया है कि यह कानून क्या है और हमारी पार्टी के लोग इसके बारे में जनता को विस्तार से बताने का काम कर रहे हैं।*

### 2 उधर, दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में 'वक्फ बचाओ सम्मेलन'

## *ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा-यह बिल इस्लामी मूल्यों, शरीयत, धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ*

पहला फेज 11 अप्रैल से शुरू हुआ, जो 7 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) मंगलवार को दिल्ली में प्रदर्शन किया। वक्फ बचाओ अभियान के तहत तालकटोरा स्टेडियम में तहफ्फुज-ए-औकाफ कारवां (वक्फ की हिफाजत) नाम से आयोजन हुआ है। कार्यक्रम में जमात-ए-इस्लामी हिंद समेत देशभर के मुस्लिम संगठनों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि पहुंचे हैं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हुए हैं। बैठक में वक्फ कानून के खिलाफ आगे की कानून लड़ाई लड़ने को लेकर चर्चा हुई। सुबह 10 बजे से शुरू हुई बैठक करीब 2 बजे तक चली। एआईएमपीएलबी के वक्फ शेष पेज 4 पर



#### एआईएमपीएलबी ने वीडियो जारी किया

*एआईएमपीएलबी महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने वीडियो मैसेज जारी किया। वीडियो में मुजद्दिदी ने सरकार पर सांप्रदायिक एजेंडा चलाने और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो में कहा- यह अभियान वक्फ संपत्तियों की रक्षा और विधेयक को निरस्त करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा* शेष पेज 4 पर

# प्रभार के जिले के साथ गृह जिले में पेयजल आपूर्ति पर नजर रखेंगे मंत्री

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक से पहले पेयजल को लेकर दिए निर्देश
- मंत्रिमंडल सदस्यों को दी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों से कहा है कि बढ़ती गर्मी के मद्देनजर वे प्रदेश के सभी अंचलों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी रखें।

उन्होंने कहा कि मंत्रीगण अपने प्रभार के जिलों और अपने गृह जिले में भी पेयजल की आवश्यकतानुसार समुचित आपूर्ति के लिए स्वस्फूर्त प्रयास करें। पीने के पानी की आपूर्ति बाधित न हो। किसी को भी पेयजल के लिए कठिनाई न होने पाए। उन्होंने कहा कि पेजयल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करें और उन्हें अपना मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा-निर्देश भी दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिमंडल की बैठक से पहले संबोधित कर रहे थे।

## ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। निवेशकों द्वारा सहमति देने पर ग्वालियर में जल्द ही टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस टीएमजेड में बड़े निवेशकों द्वारा निवेश करने की रूचि व्यक्त की गई है। इस प्रयोजन के लिए पहले चरण में ग्वालियर आईटी पार्क की 70 एकड़ तथा दूसरे चरण में साडा ग्वालियर की 300 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में लगभग 12 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है। इससे 5 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### दो चीतों के रिलोकेशन पर मिल रही वैश्विक सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गांधी सागर अभयारण्य में दो चीतों के पुनर्वास के विषय में मंत्रिमंडल सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में पहली बार चीतों का सफल पुनर्वास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभाष और पावक दोनों नर चीतों को गांधी सागर अभयारण्य की जलवायु और सहज वातावरण भा गया है। दोनों बड़े ही आनंद से अभयारण्य में विचरण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चीतों के पुनर्वास के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने जो अभूतपूर्व कार्य किए हैं, उसके लिए सरकार को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर से सराहना मिल रही है।

### टेक-आईटी कॉन्क्लेव 27 अप्रैल को इंदौर में

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 27 अप्रैल को इंदौर में एमपी टेक कॉन्क्लेव होने जा रही है। इस कॉन्क्लेव के लिए अब तक 500 से अधिक टेक कंपनियों ने इंदौर आने में रुचि दर्शाई है। उन्होंने आशा जताई कि आईटी कॉन्क्लेव में राज्य सरकार को अपेक्षा के अनुरूप निवेश प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

# मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने में आयुष विभाग निभाएगा भागीदारी, हर पर्यटन स्थल के पास बनेंगे वैलनेस सेंटर



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश समन्वय से मरीजों के उपचार में तेजी लाएं आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेडिकल टूरिज्म एक उभरता हुआ सेक्टर है। स्वास्थ्य के साथ-साथ आयुष विभाग को भी इस क्षेत्र में भागीदारी करना चाहिए। प्रदेश के हर पर्यटन स्थल, धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के स्थलों के आसपास वैलनेस सेंटर स्थापित किए जाएं, इससे यहां आने वाले पर्यटक आयुष विभाग की प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति और पंचकर्म सुविधा का भी लाभ ले सकेंगे। डॉ. यादव मंत्रालय में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्ती से अंकुश लगाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन में प्रदेश में जहां-जहां नए आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित किए जाने हैं, इन्हें प्रारंभ करने के लिए तेज एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएं। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग आपसी समन्वय और तालमेल से काम करें और अधिक से अधिक मरीजों को अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों से उपचार का लाभ दें। उन्होंने कहा कि दोनों ही विभाग रोजगारपरक शिक्षा की ओर बढ़ें, ताकि प्रदेश को अधिकाधिक डॉक्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी मिलें। डॉ. यादव ने बिना किसी डिग्री के क्लीनिक चलाकर एवं घर-घर जाकर भोले-भाले ग्रामीण मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टर पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

## ग्रामीण क्षेत्रों तक सुनिश्चित करें सेवाओं की पहुंच

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनमानस में आयुष पद्धति के प्रति विश्वास और बढ़े, इसके लिए जन जागरूकता अभियानों को तेज किया जाए तथा आयुष सेवाओं की पहुंच दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि जिन आयुर्वेदिक महाविद्यालय को हम निकटतम बड़े विश्वविद्यालय से जोड़ सकते हैं, उन्हें जोड़ने की कार्रवाई केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार करें। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग द्वारा 543 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, 36 होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, 14 यूनानी चिकित्सा अधिकारी, 65 आयुर्वेद व्याख्याता एवं 150 से अधिक पैरामेडिकल स्टॉफ एवं संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्टिंग भी कर देने की जानकारी मिलने पर विभागीय अधिकारियों की सराहना की।

### मध्यप्रदेश देश में पांचवें स्थान पर

आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान लांच किया गया है। इस अभियान में प्रदेश में तेजी से कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अब तक 8.50 लाख से अधिक परीक्षण किए जा चुके हैं। इस मामले में मध्यप्रदेश देश में 5वें स्थान पर रहा है। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव आयुष डीपी आहूजा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आतंकियों को करारा जवाब दिया जाएगाः शर्मा

**भोपाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकियों के कायराना हमले में निर्दोष नागरिकों के दुखद निधन पर भाजपा प्रदेश



अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शोक व्यक्त किया है एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हमले में निर्दोष नागरिकों के काल कवलित होने पर आतंकियों को करारा जवाब दिया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### पीएचक्यू ने किए 22 आरक्षकों के तबादले

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने मंगलवार को 22 पुलिस आरक्षकों के तबादले किए हैं। ये सभी ट्रांसफर आरक्षकों की मांग पर किए गए हैं, इसलिए स्वयं के व्यय पर माना जाएगा। पीएचक्यू द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश के मुताबिक इन आरक्षकों के यूनिट प्रमुखों को निर्देश दिया गया है कि इन सभी को सरकारी नीति के अनुसार समय सीमा में रिलीव किया जाए, ताकि ये नई पदस्थापना स्थल पर ज्वॉइनिंग दे सकें।

## डॉक्टर, कलेक्टर निर्णय लेकर गंभीर घायलों को चिकित्सा संस्थान तक भेजने की व्यवस्था करेंगे

# एयर एबुलेंस सुविधा का किया जाएगा विस्तार, दुर्घटना स्थल पर भी पहुंचेंगी

*पार्थिव देह ले जाने के लिए जिलों में उपलब्ध होंगे शव वाहन*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश का प्रथम राज्य है, जहां मरीजों के लिए एयर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा का विस्तार इस तरह किया जाएगा कि किसी भी दुर्घटना स्थल पर भी एयर एम्बुलेंस को पहुंचाया जा सके। दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को चिकित्सक और कलेक्टर द्वारा निर्णय लेकर चिकित्सा संस्थानों तक भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

वर्तमान में एयर एम्बुलेंस सेवा के अंतर्गत एक हेलीकाप्टर और एक एरोप्लेन उपलब्ध है। गरीब नागरिकों को इस सुविधा का लाभ देने का प्रयास है। भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत राज्य के विभिन्न जोन निर्धारित कर सेवा की उपलब्ध की जाएगी। डॉ. यादव मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### अंगदान के कार्य को भी प्रोत्साहित किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अस्पतालों से घर तक पार्थिव देह ले जाने के लिए शव वाहन उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था जिलों से प्रारंभ होगी, जिसका बाद में विकास खण्ड और तहसील स्तर तक विस्तार होगा। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य शिविरों के से नागरिकों की स्वास्थ्य समस्याओं का निराकरण किया जाए। कैंसर जैसे रोगों से ग्रस्त लोगों को उपचार दिलाया जाएं।

### सेवानिवृत्त चिकित्सा विशेषज्ञों की सेवाएं लेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि विभिन्न सेवानिवृत्त चिकित्सा विशेषज्ञों की सेवाएं विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में नागरिकों के उपचार में प्राप्त की जाएं। नए मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के पदों को भरने की प्रक्रिया भी संचालित है।

### आईए, हम सब मिलकर पृथ्वी को हरा-भरा और सुंदर बनाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए संकल्पित होने का अवसर देता है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि 'यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यामन्नं कृष्टयः संबभूवुः। यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत्सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु॥' यह वैदिक मंत्र पृथ्वी की महानता और सबके लिए उसके पोषक स्वरूप का भान कराता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण करें और पृथ्वी को हरा-भरा व सुंदर बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारी जननी है, इसका संरक्षण हमारा धर्म है। आइए, हम सब मिलकर हमारी अपनी धरती को फिर से हरियाली से भर दें।

**मुख्यमंत्री की विश्व पृथ्वी दिवस पर नागरिकों से अपील**

## राहुल, प्रियंका और खरगे को भेजा जाएगा बुलावा

# संविधान बचाओ अभियान के तहत 28 को ग्वालियर में कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस 28 अप्रैल को ग्वालियर में एक बड़ी रैली करेगी। इस रैली में मप्र कांग्रेस के सभी नेता शामिल होंगे। इस संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी को बुलाया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई एमपी कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी और प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में यह तय हुआ कि ग्वालियर की प्रदेश स्तरीय रैली के बाद जिला और ब्लॉक स्तर पर संविधान बचाओ रैलियां की जाएंगी। बैठक का प्रमुख फोकस आगामी संविधान बचाओ अभियान पर रहा। निर्णय लिया गया कि 25 से 30 अप्रैल के बीच पूरे देश में संविधान बचाव रैली की जाएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश में इस अभियान का आगाज 28 अप्रैल से ग्वालियर में एक भव्य रैली के साथ किया जाएगा। जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां 3 मई से 10 मई तक होगी।

प्रदेश के प्रत्येक जिले में समस्त डीसीसी द्वारा पीसीसी के समन्वय से रैलियां की जाएंगी। रैलियों में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां समेत मुद्दों को उजागर किया जाएगा।

### हर गांव वार्ड तक संदेश लेकर जाएं कार्यकर्ताः पटवारी

बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा संविधान पर हो रहे हमलों को रोकने और जनता को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए यह अभियान निर्णायक साबित होगा। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने अपील करते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता इस आंदोलन को अपनी जिम्मेदारी माने और हर गांव, हर वार्ड तक संविधान का संदेश लेकर जाए। बैठक में कांग्रेस नेता अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, कमलेश्वर पटेल, ओमकार मरकाम, अशोक सिंह, सज्जनसिंह वर्मा, बाला बच्चन, विजयलक्ष्मी साधौ, विधायक फुलसिंह बरैया, आरिफ मसूद, विभा पटेल, आशुतोष चौकसे आदि शामिल हुए।

# वेतन दिलाने की गुहार लेकर अब सीएम हाउस पहुंचे आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में पदस्थ आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लेकर सीएमएचओ, अधीक्षक से गुहार लगाने के बाद भी वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारी मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंचे।

कर्मचारी अपनी पीड़ा से मुख्यमंत्री से अवगत कराना चाहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं होने पर कर्मचारियों ने मांगों का ज्ञापन निज सचिव को देकर पीड़ा व्यक्त की। मुख्यमंत्री के निज सचिव द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र निराकरण कर दो दिनों में वेतन भुगतान करने आश्वासन दिया गया। संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि राजधानी के जेपी अस्पताल सहित प्रदेश के लगभग कई जिलों में आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को चार से पांच माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों के परिवारों की स्थिति बहुत ही दयनीय हो रही है। सरकार शीघ्र संज्ञान में लेकर आउटसोर्स कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित करने के लिए ठोस नीति बनाकर आउटसोर्स प्रथा पर रोक लगाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार समान कार्य समान वेतन दिया जाएं। जेपी अस्पताल के करीब 150 आउटसोर्स कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। समझाइश देने पहुंचे सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव से कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें बीते चार माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनका घरेलू खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। हालांकि सिविल सर्जन की आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर आए, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक दिन के भीतर वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे दोबारा हड़ताल पर चले जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि कुछ संगठनों के आह्वान पर की गई हड़ताल में भोपाल जिले के संविदा स्वास्थ्यकर्मी शामिल नहीं हुए हैं।

## हाई कोर्ट की फुल बेंच ने आबकारी अधिनियम की धारा को असंवैधानिक घोषित किया

# अब अपराध में शामिल वाहन राजसात करने का अधिकार कलेक्टर नहीं, ट्रायल कोर्ट को होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने आबकारी अधिनियम की उस धारा को असंवैधानिक घोषित कर दिया, जिसके अंतर्गत अवैध शराब आदि अपराधों में शामिल वाहन को राजसात करने का अधिकार कलेक्टर के पास था। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत, जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी व जस्टिस विवेक जैन की फुल बेंच ने यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस महत्वपूर्ण आदेश के पारित किए जाने के साथ ही राजसात करने का अधिकार अब ट्रायल कोर्ट को मिल गया है। हाई कोर्ट ने इस आदेश के साथ ही उस समस्या को निर्मूल कर दिया गया है, जो ट्रायल पूरी होने के बाद वाहन मालिक के दोषमुक्त होने की दशा में पैदा होती थी। नवीन व्यवस्था के अंतर्गत अब वाहन वापस हासिल करने के लिए अपेक्षाकृत विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाई जा सकेगी। ट्रायल कोर्ट इस सिलसिले में सुनवाई का अवसर मुहैया कराएगी।

### गोवंश अधिनियम में कलेक्टर को राजसात का अधिकार

हाई कोर्ट की फुल बेंच ने अपने आदेश में एक और महत्वपूर्ण व्यवस्था दी है। इसके अंतर्गत गोवंश अधिनियम के अंतर्गत होने वाले अपराध में कलेक्टर वाहन को तब राजसात कर सकेंगे, जब ट्रायल कोर्ट आरोपी को सजा सुना देगी और वाहन का उपयोग होना साबित हो जाएगा। हाई कोर्ट का यह आदेश उन सभी विचाराधीन प्रकरणों पर प्रभावी होगा, जिसमें आज की तिथि तक जिला दंडाधिकारी ने राजसात या जब्ती का आदेश नहीं दिया है।

## 23 से 25 तक राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व करेगा संगोष्ठियों को संबोधित

# आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिलों में भाजपा करेगी संगोष्ठियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा जिला स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी को भारत सरकार के मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, शासन के मंत्री, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधि संबोधित करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा 23 अप्रैल को शाम 5 बजे भोपाल जिला द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। इसी तरह 23 अप्रैल को केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार दमोह, महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया ग्वालियर ग्रामीण, उत्तर प्रदेश शासन के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह छतरपुर, प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य शिवपुरी में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

**खास बातें**

- आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में होगी संगोष्ठी
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा करेंगे संगोष्ठी को संबोधित
- मंत्री पटेल नरसिंहपुर अजा मोर्चा अध्यक्ष आर्य शिवपुरी में करेंगे संबोधित

### कल मुख्यमंत्री होंगे आयोजन में शामिल




24 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ग्वालियर नगर, केन्द्रीय मंत्री रक्षा खडसे उज्जैन नगर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह जबलपुर नगर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला शहडोल, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सतना में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। 25 अप्रैल को भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया शाजापुर, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा कटनी, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह विदिशा, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा रतलाम, उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री व सांसद दिनेश शर्मा एवं वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा दतिया, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य सागर नगर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करेंगे।

# बरसों से जमे मास्टरों को 3 साल के लिए गांव भेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में बरसों से जमे शिक्षकों को अब ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ाने के लिए भेजा जाएगा। शिक्षकों को कम से कम तीन साल यहां पढ़ाना होगा। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी हैं। विभाग ने ऐसे शिक्षकों की जानकारी जुटा रहा है जो कई वर्षों से शहरी क्षेत्र के एक ही स्कूल में पढ़ा रहे हैं।

दरअसल, हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री ने इसको लेकर निर्देश दिए हैं। वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान मंत्री ने बरसों से शहरों में जमे शिक्षकों को गांव में भेजने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि शहरों में जिन स्कूलों का रिजल्ट लगातार कम आ रहा है, उनके शिक्षकों को प्रशासकीय आधार पर गांव में भेजा जाएगा। विभागीय सूत्रों की माने तो मई के पहले सप्ताह में ट्रांसफर की तिथि घोषित करने की तैयारी की जा रही है।

स्कूल शिक्षा विभाग में तबादले के लिए आवेदन ऑफलाइन नहीं लिए जाएंगे। शिक्षकों के आवेदन ऑनलाइन ही लिए जाएंगे। रिलीविंग और ज्वॉइनिंग की कार्रवाई ऑनलाइन होगी।

विभागीय जानकारों की माने तो तीन साल की सेवाएं शेष होने और गंभीर बीमारी या विकलांगता से पीड़ित हैं, उन्हें इस प्रक्रिया से मुक्त रखा जाएगा। स्थानांतरण में वरीयता क्रम निर्धारित किया गया है। नई नीति के अनुसार शिक्षकों को निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की निजी पदस्थापना में पदस्थ नहीं किया जाएगा।

## यूपीएससी रिजल्ट में मप्र की प्रतिभाओं ने लहराया परचम, माता-पिता का सपना किया पूरा

# जॉब छोड़ी, सेल्फ स्टडी पर किया फोकस, आईएएस बनकर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया गया है। इस बार कुल 1009 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिसमें मप्र से बड़ी संख्या में युवा प्रतिभाओं ने परचम लहराते हुए अलग-अलग रैंक हासिल की, जिसमें ग्वालियर की आयुषी बंसल ने 7वीं रैंक हासिल की। रीवा के रोमिल द्विवेदी को 27वीं रैंक और मंदसौर जिले के गरोठ के रहने वाले ऋषभ चौधरी को 28वीं रैंक मिली, इसके साथ ही भोपाल के क्षितिज ने 58 वीं रैंक हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया।



### कोरोना में अफसरों का सेवा भाव देखा और आईएएस बनना ठान लिया, नौकरी छोड़ी और जुट गया पढ़ाई में

भोपाल के क्षितिज आदित्य शर्मा 58वीं रैंक हासिल करने वाले भोपाल के क्षितिज आदित्य शर्मा ने 'हरिभूमि' से बातचीत में बताया कि मैंने कैंपियन स्कूल से पढ़ाई की, इसके बाद लॉ की प्रिपरेशन की। उन्होंने कहा कि मेरे पापा एडवोकेट हैं और मैं भी इसी लाइन में जाना चाहता था, इसीलिए मैं हैदराबाद के नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ से लॉ में पढ़ाई की। इसके बाद मुंबई में मेरी पोस्टिंग हुई, लेकिन इसी दौरान जब कोरोना आया तो घर में रहकर मैंने आईएएस और आईपीएस की लाइफस्टाइल देखी कि वह किस तरह से जनता की सेवा में लगे हुए हैं और तभी मैंने इस फील्ड में जाने का ठान लिया। अपना मूड चेंज किया जॉब छोड़ी, और लग गया यूपीएससी प्रिपरेशन में। क्षितिज ने कहा कि इसके लिए मैंने शुरुआत में ऑनलाइन कोचिंग क्लास ली, लेकिन उससे मैं संतुष्ट नहीं हुआ और मैंने पूरा फोकस सेल्फ स्टडी पर किया। क्षितिज ने कहा कि मेरे बड़े भाई एमबीए कर रहे हैं और जब भी मैं पढ़ते-पढ़ते बोर हो जाता था तो अपने भाई को लेकर लॉन्ग ड्राइव पर निकल जाता था। क्षितिज ने कहा कि पिछले वर्ष मेरा चयन भारतीय राजस्व सेवा में हुआ था, लेकिन मुझे आईएएस ही बनना था।

### जबलपुर के स्वर्णिम को 258वीं रैंक

जबलपुर के लार्डगंज में रहने वाले स्वर्णिम चौधरी का



यूपीएससी में चयन हुआ है। स्वर्णिम को 258वीं रैंक मिली है। इसी तरह इंदौर के योगेश राजपूत को रिजल्ट में 540वीं रैंक मिली है।

### पंचायत समन्वय अधिकारी के रूप में कार्यरत प्रतीक ने पाई 753वीं रैंक

उज्जैन के प्रतीक सिसोदिया ने 753वीं रैंक मिली है। पंचायत समन्वय अधिकारी के रूप में काम



करने वाले प्रतीक के पिता कैलाश सिसोदिया ने बताया ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े प्रतीक ने उज्जैन के कालिदास ऑक्सफोर्ड स्कूल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद वे देवास चले गए। वहां उन्होंने तलवारबाजी सीखी, जिसमें उनका चयन नेशनल खिलाड़ी के रूप में हुआ।

**रोमिल द्विवेदी, 27वीं रैंक**

### जॉब सेटिस्फेक्शन पब्लिक सेक्टर में ज्यादा मिलता है

*यूपीएससी-2024 में 27वीं रैंक हासिल करने वाले रोमिल द्विवेदी रीवा के रहने वाले है। रोमिल ने तीसरे अटेंप्ट में यूपीएससी क्लियर की है। वह सहकारिता विभाग के ज्वॉइंट कमिश्नर केके*



*द्विवेदी के बेटे हैं। रोमिल द्विवेदी ने इस उपलब्धि पर कहा कि साल 2017 से 2023 तक मैंने 6 साल तक प्राइवेट सेक्टर में नौकरी की। मेरा यह मानना है कि जॉब सेटिस्फेक्शन पब्लिक सेक्टर में ज्यादा मिलता है। आप जमीन से जुड़े लोगों के साथ काम करते हैं। जो भी करते हैं उसका आम लोगों पर सीधा असर दिखता है। सिविल सर्वेंट सीधे पब्लिक से कनेक्ट होकर काम करते हैं। प्राइवेट सेक्टर का जॉब मोनोटोनस होता है। सैलरी पैकेज पब्लिक सेक्टर की तुलना में बहुत ज्यादा होता है, लेकिन फिर भी मुझे लगता है कि पब्लिक सेक्टर में आपको इतना पैसा मिलता है जिससे आप अपनी बहुत अच्छी जिंदगी जी सकते हैं। बता दें कि पिछले साल रोमिल का सिलेक्शन ऑल इंडिया रेलवे सर्विस में हुआ था।*

**ऋषभ चौधरी, 28वी रैंक**

### किताब और इंटरनेट से घर में ही रोजाना 8 घंटे पढ़ाई की



*मंदसौर जिले के ऋषभ चौधरी ने 28वी रैंक हासिल की है। ऋषभ के पिता मनोज चौधरी का निधन 2023 में चुका है, परिवार का ट्रांसपोर्ट और बीमा का व्यवसाय है। ऋषभ चौधरी बताते हैं कि वह किताब और इंटरनेट का सहारा लेकर घर में ही रोजाना 8 घंटे पढ़ाई करते थे, पहले अटेंप्ट में 2022 में उनका प्रिलिम्स क्लियर नहीं हुआ वहीं दूसरे चरण में 2023 की मुख्य परीक्षा में असफल हो गए। जिसके बाद उन्होंने खूब मेहनत की ओर साल 2024 में तीसरी बार प्रयास करने पर उन्हें यह सफलता हाथ लगी है।*

**359वी रैंक**

### मोनू ने सेल्फ स्टडी करके हासिल की सफलता

इटारसी के ईडब्ल्यूएस लाइन के मोनू शर्मा का चयन पहले इंडिया रेलवे सर्विस में हुआ था। इस



बार मोनू शर्मा ने यूपीएससी में 359वी रैंक हासिल की है। मोनू ने ये सफलता चौथे प्रयास में पाई है। पिता प्राइवेट जॉब करते हैं और मां गृहिणी हैं। मोनू शर्मा ने बताया कि उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सेल्फ स्टडी करके सफलता हासिल की है। लक्ष्य आईएएस का था, लेकिन जो रैंक आई है, उससे आईपीएस मिल जाएगा। मोनू से छोटी दो बहनें और हैं। छोटी बहन रोणिका भी एमपीपीएससी की तैयारी कर रही हैं।

**344वीं रैंक**

### पहले यूपीएससी के नाम से लगता था डर, विषयों पर बनाई पकड़

आगर के आयुष जैन ने यूपीपीएससी परीक्षा 2024 में 344वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने कहा कि पहले



तो यूपीएससी के नाम से ही डर लगता था। लगता था कि ये मेरे बस की बात नहीं है। लेकिन फिर मैंने इसके बारे में गहराई से जानकारी ली। समझा कि किन विषयों पर पकड़ बनानी होगी। तब पता चला कि जिन विषयों में मुझे पहले से रुचि थी, वहीं इस परीक्षा के लिए सबसे अहम हैं। जैसे इतिहास और आर्ट्स स्ट्रीम के अन्य सब्जेक्ट। यह आयुष का तीसरा प्रयास था।

### पापा कहते थे कि काश मेरा कोई बच्चा आईएएस या आईपीएस होता, बेटी ने पूरा किया ख्वाब



भितरवार की दिव्यांशी अग्रवाल को 249वीं रैंक हासिल की। दिव्यांशी कहती हैं कि पापा कभी-कभी कहते थे कि काश मेरा कोई बच्चा आईएएस या आईपीएस होता। तभी मैंने सोच लिया था कि मुझे आईएएस बनना है। दिव्यांशी ने कहा कि मैंने सेल्फ स्टडी की और एक साल की तैयारी में यूपीएससी क्लीयर हो गया। दिव्यांशी बताती हैं कि मेरे पापा नरेंद्र कुमार अग्रवाल की किराने की दुकान है। मां रश्मि अग्रवाल हाउस वाइफ हैं। पापा को मैंने बचपन से कड़ी मेहनत करते देखा है अपने माता-पिता को कड़ी मेहनत करते देखा और वही हार्डवर्क करने की आदत मेरे भीतर भी है।

**शिवपुरी जिले की**

### कृतिका की 400वीं रैंक और नीतेश ने हासिल की 719वीं रैंक





*शिवपुरी जिले की दो युवा प्रतिभाओं ने यूपीएससी 2024 में सफलता पाई है। करैरा के व्यापारी की बेटी कृतिका नौगरेया (डॉल) ने 400वीं रैंक हासिल की है। वहीं शिवपुरी के हिम्मतगढ़ के नीतेश धाकड़ को 719वीं रैंक मिली। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले नीतेश धाकड़ की इस सफलता से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को नई प्रेरणा मिली है।*

### 202वीं रैंक पाने वाले आशीष ने बेसिक किताबों को पढ़ा और उन्हीं को फॉलो किया



*अशोकनगर जिले के आशीष रघुवंशी को 202 रैंक मिली है। आशीष ने बताया कि यूपीएससी का सिलेबस काफी बड़ा है बस मैंने बेसिक किताबें को पढ़ा और उन्हीं को फॉलो किया। कम सोर्स को ही बार-बार पढ़ा और रिवाइज किया। खुद को मार्क्स भी दिए। रोज सवालों के जवाब लिखने की प्रैक्टिस की। ऑनलाइन सब उपलब्ध है। आपको सर्च करते आना चाहिए। मैंने एआई की मदद भी ली। चैट जीपीटी से भी सवाल सुनकर जवाब लेता था। आशीष कहते हैं मैंने अनुशासन का पालन किया। रोज लगातार पढ़ाई की। यह परीक्षा आपके धैर्य और आत्मविश्वास की भी परीक्षा है। एमपी पुलिस के एएसआई नरेश रघुवंशी के बेटे आशीष रघुवंशी ने पहले ही अटेम्प्ट में यूपीएससी एग्जाम में कामयाबी हासिल कर ली। आशीष ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए किया। उसके बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी की और पहले ही अटेम्प्ट में उन्हें कामयाबी हासिल हुई है। आशीष रघुवंशी अशोकनगर के डंगोरा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैंने मोबाइल इंस्टा, फेसबुक से बनाई दूरी बनाई। रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई की, 2022 से दिल्ली में रहकर यूपीएससी की शुरू की तैयारी की। शुरुआत में 6-7 घंटे अध्ययन करते थे। बाद में अध्ययन का समय बढ़ाकर 10-11 घंटे कर दिया। कड़ी मेहनत का परिणाम रहा कि पहले ही प्रयास में यूपीएससी में सफलता हासिल कर ली।*

### रतलाम के जावेद मेव को मिली 815वीं रैंक



*इससे पहले जावेद का साल-2023 की यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा में असिस्टेंट कमांडेंट में चयन हो चुका है। जावेद ने बताया कि यह उनका 7वां अटेम्ट था। 3 मई को ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद जाना है। जावेद की पढ़ाई 1 से 8 तक रतलाम में प्राइवेट स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने शासकीय उत्कृष्ट स्कूल रतलाम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई की। इसके बाद जेईई मेन्स एग्जाम की तैयारी की। एनआईटी जयपुर से बीटेक किया। जावेद के पिता मोहम्मद सलीम प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर हैं। मां शबाना मेव गृहिणी हैं। छोटा भाई अजहर मेव भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। जावेद ने बताया कि पढ़ाई तो की है, लेकिन ऐसा गोल नहीं बना रखा था कि रोज 12 घंटे पढ़ना है। जब भी पढ़ाई करने बैठता तो सब कुछ भूलकर मन लगाकर पढ़ता। कोचिंग शुरू में लगाई। दिल्ली में 6 साल रहकर सेल्फ स्टडी की।*

---

### भोज विवि के कार्यवाहक कुलगुरु होंगे केसी गुप्ता

**भोपाल।** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलगुरु अब राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के सी गुप्ता होंगे। कुलपति प्रो. संजय तिवारी को मंगलवार को राजभवन द्वारा विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद से कार्य मुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के सी गुप्ता को कार्यवाहक कुलगुरु बनाया गया है। के. सी. गुप्ता इस पद पर तब तक रहेंगे, जब तक विश्वविद्यालय में नियमित कुलपति की नियुक्ति नहीं हो जाती। उल्लेखनीय है कि, प्रो. संजय तिवारी की नियुक्ति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में कुलपति पद पर हो जाने के फल स्वरुप राज भवन द्वारा उन्हें कार्य मुक्त किया गया है। प्रो. डॉ. संजय तिवारी का विदाई समारोह विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया।

## कचरा खंती में दस से ज्यादा जगहों पर भड़की आग

# आदमपुर छावनी की कचरा खंती में लगी आग, 10 किमी दूर से दिखा धुएं का गुबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड स्थित आदमपुर छावनी लैंडफिल साइट मंगलवार दोपहर करीब एक बजे अचानक आग सुलग उठी। तेज गर्मी और हवा की वजह से आग देखते ही देखते कचरे के पहाड़ में 10 से ज्यादा जगहों पर आग फैल गई। आग इतनी भयानक थी कि कचरे के ढेर से 50 फीट ऊंची लपटें उठ रही थीं और काले जहरीले धुएं का गुबार 10 किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था। मौके पर मौजूद दो गाड़ियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन भीषण आग पर काबू पाया नहीं जा सका।

आग की सूचना पर शहर के सभी फायर स्टेशनों से दमकलों को आदमपुर छावनी भेजा गया। फायर ब्रिगेड की 40 से ज्यादा दमकलें और जलकार्य विभाग के 60 वाटर टैंकर आग बुझाने में जुटे, लेकिन खबर लिखे जाने तक आग पूरी तरह काबू में नहीं आ सकी थी। अब तक 200 से ज्यादा ट्रिप पानी डाला जा चुका था, लेकिन कचरे के पहाड़ में दहकती आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी। फायर इंचार्ज सौरभ पटेल का कहना है कि आग की सूचना के बाद चालीस से अधिक दमकलों को मौके पर भेजा गया।

**आधा दर्जन गांवों में फैला जहरीला धुआं**



लैंडफिल साइट के आसपास बसे आधा दर्जन गांवों में जहरीले धुएं का असर दिखने लगा। गांवों में लोगों की आंखें लाल हो गईं और सांस लेने में परेशानी बढ़ गई। हालत बिगड़ते देख ग्रामीणों ने बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया, कई परिवार अपने रिश्तेदारों के यहां भोपाल चले गए।



### पेट्रोल पंप के पास कूड़े में लगी आग

अयोध्या नगर स्थित नरेला जोड़ भवानी धाम में पेट्रोल पंप के पास कचरे में आग शाम का आग लग गई। जिसने कुछ ही देर में पेड़ों को चपेट में ले लिया। 15 फीट तक उठी आग की लपटों के कारण पंप के पास लगे फ्लैक्स-बैनर भी पूरी तरह जल गए। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही गोविंदपुरा और आइएसबीटी से दमकलें मौके पर पहुंची। जिन्होंने आग पर काबू किया।

### पराली जलाने वाले चार किसानों पर केस दर्ज



खेतों में पराली जलाने वाले किसानों पर सख्ती शुरू कर दी गई है। मंगलवार को परवलिया सनी इलाके में चार खेतों में पराली जलती मिलने पर इन किसानों पर एफआईआर कराकर 37 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि ग्राम परवलिया सनी के तहत गीता प्रसाद पिता किशनलाल पर 15 हजार रुपए, गब्बर सिंह पिता नवल सिंह ठाकुर पर ढाई हजार रुपए, ग्राम परेवा खेड़ा के कृषक राजेश पिता धन सिंह मीणा पर 15 हजार रुपए और होरीलाल पिता मिट्ठू लाल पर पांच हजार का जुर्माना लगाया।

## करीब डेढ़ लाख नगदी जब्त

# पकड़े गए सॉल्वर की निशानदेही पर मुख्य सरगना और परीक्षा का अभ्यर्थी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मिसरोद पुलिस ने फर्जी तरीके से परीक्षा देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विगत रविवार को केन्द्रीय विद्यालय कैंप बंगरसिया के प्राचार्य ने सीबीएसई की भर्ती परीक्षा में अज्ञात फर्जी व्यक्ति द्वारा परीक्षा दिए जाने की सूचना पुलिस को दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने एक फर्जी परीक्षार्थी को मौके से पकड़ा था। इसके बाद उससे पूछताछ के आधार पर राजस्थान के रहने वाले मुख्य सरगना और अभ्यर्थी को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया।

पुलिस उपायुक्त डॉ. संजय अग्रवाल ने प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से खुलासा करते हुए बताया कि 20 अप्रैल को प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष ने पुलिस को सूचना दी कि परीक्षा केन्द्र क्र. 108035 केन्द्रीय विद्यालय बंगरसिया भोपाल मे परीक्षार्थी रोल न. 108115179 बबलेश मीणा के स्थान पर कोई अज्ञात व्यक्ति फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और आरोपी को कस्टडी में ले लिया। आरोपी सोनू कुमार मिश्रा से पूछताछ की गई तो उसने पहले गुमराह किया और स्वयं को परीक्षार्थी बबलेश मीणा निवासी दौसा राजस्थान का होना बताया। पुलिस ने जब सख्ती की तो उसने असली नाम सोनू कुमार निवासी पटना बिहार का बताया। उसने बताया कि पटना में पढ़ाई के दौरान जसवंत मीणा से उसकी पहचान हुई थी। उसने बबलेश मीणा की जगह पर पेपर देने के लिए 4 लाख का ऑफर दिया, वहीं बबलेश मीणा से 10 लाख रुपए में डील की। इस प्रकार मुख्य सरगना जसवंत मीणा द्वारा 6 लाख रुपए का कमीशन लेना चाहता था। इसके बाद उसने बबलेश से 2 लाख रुपए ले लिए और सोनू को काम करने के एवज में एडवांस 50 हजार दिए।

### सोनू फ्लाइट से आया भोपाल

इसके बाद सोनू 19 अप्रैल को दिल्ली से फ्लाइट के भोपाल पहुंचा और एक होटल में रुका। इसके बाद 20 अप्रैल को परीक्षार्थी बबलेश मीणा बन कर परीक्षा केन्द्र बंगरसिया भोपाल मे परीक्षा देने पहुंचा। यहां बायोमीट्रिक मिसमैच होने पर शंका हुई तो प्रबंधन ने मामले की जानकारी पुलिस दी। पुलिस ने उसे मौके से पकड़ लिया। आरोपी सोनू कुमार से पूछताछ के आधार पर मुख्य सरगना जसवंत कुमार मीणा निवासी जयपुर राजस्थान एवं अभ्यर्थी बबलेश मीणा निवासी दौसा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक टेबलेट, दो मोबाइल फोन, आईडी कार्ड और डेढ़ लाख नगदी जब्त की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## किन्नरों की मनमानी रोकने के लिए आरपीएफ का नया कदम

# अब अप-डाउनर्स बनेंगे मुखबिर, ट्रेन में अव्यवस्था की देंगे सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रेनों में यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए रेलवे ने एक अनोखी पहल की है।

भोपाल मंडल में अब नियमित रेल यात्रियों यानी अप-डाउनर्स को मुखबिर के रूप में ट्रेनों की निगरानी में शामिल किया गया है। यह पहल ट्रेनों में होने वाली अव्यवस्थित गतिविधियों पर लगाम लगाने और विशेष रूप से किन्नरों द्वारा यात्रियों को परेशान करने की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

**किन्नरों के खिलाफ नहीं, जबरन वसूली के खिलाफ है कार्रवाई**



आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि यह अभियान उन किन्नरों के खिलाफ नहीं है जो टिकट लेकर शांति से यात्रा करते हैं और नियमों का पालन करते हैं, बल्कि उनके विरुद्ध है जो टिकट लिए बिना ट्रेनों में चढ़कर यात्रियों से जबरन पैसे वसूलते हैं और अनुशासनहीनता का माहौल बनाते हैं।

### तीन माह में 250 से अधिक पर कार्रवाई

*जनवरी से मार्च के बीच आरपीएफ ने 250 से अधिक किन्नरों को ट्रेनों में यात्रियों को परेशान करने के आरोप में पकड़ा है। मार्च में गंजबासौदा में हुए एक हादसे के बाद विशेष अभियान चलाकर लगभग 140 से 150 और किन्नरों पर कार्रवाई की गई। इन सख्त कदमों के बावजूद ट्रेनों में अव्यवस्था की घटनाएं पूरी तरह से नहीं रुकी, जिसके चलते अब आम यात्रियों की भागीदारी का रास्ता अपनाया है।*

**अब तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी**

*आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, अक्सर ऐसी घटनाओं की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती, जिससे कार्रवाई में देरी होती है। अब अप-डाउनर्स ट्रेनों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि, जबरन वसूली या यात्रियों को परेशान करने की घटना की सूचना सीधे आरपीएफ को दे सकेंगे, जिससे तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले माह गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन में किन्नरों की पिटाई से युवक की मौत हो गई थी।*

### सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा का प्रयास

आप-डाउनर्स की भागीदारी से निगरानी तंत्र और मजबूत होगा और यात्रियों को



ट्रेनों में सुरक्षित, सुविधाजनक और व्यवस्थित माहौल मिल सकेगा। इनसे किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या अव्यवस्था की सूचना तुरंत संबंधित आरपीएफ अधिकारियों को मिलेगी।

**प्रशांत यादव**
आरपीएफ कमांडेंट

# 'रेट्रो' का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। 'रेट्रो' एक मई को रिलीज होने वाली है। 'रेट्रो' के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं।

वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं। और कभी रोमांटिक होते हैं। 'रेट्रो' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि सूर्या अपनी प्रेमिका (पूजा हेगड़े) से वादा करते हैं कि वह हिंसा छोड़ देंगे।

# 'डॉन-3' में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'डॉन 3' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

## करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

मुंबई। निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है 'नागजिला'। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं।

## जैकेट का शेष

### पहलगाम के गुनहगारों...

बाद सेना ने घायलों को वहां से निकालने के लिए हेलीकॉप्टर बुलाए। हालांकि, हेलीकॉप्टर के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने अपने टट्टूओं पर कुछ घायलों को नीचे उतार लिया था। इस हमले कोच्चि में तैनात नौसेना लेफ्टिनेंट विनय नरवाल (26 वर्ष) की मौत हो गई है। 16 अप्रैल को उनकी शादी हुई थी, वो छुट्टी पर थे। मरने वालों में एक नेपाल और एक साऊदी अरब का भी नागरिक है। इसके अलावा 20 घायल की सूची भी प्रशासन की ओर से जारी कर दी गई है।

### अब 11 से 200 जोड़ों...

सामूहिक विवाह, निकाह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**वधू के खाते में जाएगी 49 हजार रुपए की राशिः** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत पात्रता के लिए कन्या तथा कन्या के अभिभावक का गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करना अनिवार्य होगा। इनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन भी अनिवार्य होगा। योजना में प्रति कन्या राशि 55 हजार रूपए में से वधू को 49 हजार रुपए का चेक और शेष 6 हजार रुपए सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए संबंधित निकाय को प्रदान किया जाएगा।

**टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के लिए 145 करोड़ स्वीकृतः** राज्य मंत्रिमंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2027-28 के लिए नवीन योजना 'टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के विकास' के लिए 145 करोड़ रूपए की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना में बफर क्षेत्रों में संवेदनशील क्षेत्रों में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। यह राशि वन्य प्राणियों की सुरक्षा, चारागाह एवं जल स्त्रोत, उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण पर खर्च की जाएगी।

### 2022 के बाद....

होते हैं। जनवरी 2025 में सरकार ने गंभीर बीमारी सहित कुछ अन्य मामलों में तबादले में छूट दी थी। ये तबादले प्रभारी मंत्री की सहमति से किए गए थे।

### महादेव घाट के पुल...

गए। घायलों की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया। मृतक जबलपुर जिले के पौड़ी व आसपास गांव के निवासी हैं। यह लोग बांदकपुर से दर्शन कर घर वापस जा रहे थे। मरने वालों में एक ही परिवार की 5 बहनें भी हैं। सूचना मिलने के बाद कलेक्टर सुधीर कोचर और एसपी श्रुतिकीर्ति सोमवंशी घटना स्थल पहुंचे। मृतकों को शासन की ओर से मुआवजा राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। मृतक के परिजन गोविंद सिंह ने बताया सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं। अलग-अलग चार पहिया वाहन से बांदकपुर दर्शन के लिए मंगलवार सुबह आए थे। वाहन में 13 लोग सवार थे, जिसमें 6 लोगों की मौके पर मौत हो गई और सात घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। वहां दो घायलों ने भी दम तोड़ दिया और बाकी पांच घायलों की हालत गंभीर होने पर ग्रीन कारीडोर बनाकर जबलपुर रेफर किया गया। सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं।

### सीएम ने दुख व्यक्त...

घायलों को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

### ट्रक और मारुति...

रहा था। सामने से आ रही वैन से भिड़ंत हो गई। इसी दौरान स्कूटी सवार ट्रक और वैन की चपेट में आ गया। जिसमें स्कूटी सवार युवक की भी मौत हो गई। वहीं वैन में सवार दो लोगों की मौत हुई है। हादसा इतना दर्दनाक था कि वैन और स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में मारुति वेन में सवार नरेंद्र ठाकुर और महादेव ठाकुर निवासी ग्राम भीलोंन,खुरई और स्कूटी सवार की पहचान शुभम दीक्षित निवासी टीकमगढ़ के रूप में हुई है।

### दुल्हन लेकर लौटे...

किलोमीटर पहले सरई सांधा गांव में यह दर्दनाक हादसा हुआ है। आमने-सामने बाइक भिड़ने से दूल्हे समेत एक अन्य युवक की मौत हो गई। वहीं दूल्हे की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दुल्हन समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पेज एक का शेष

### गोल्ड का नया ...

93,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,500 रुपए है। इसी तरह मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 92,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है। इसी तरह चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 रुपए है।

### प्रधानमंत्री मोदी....

में उतरा। इस यात्रा से भारत और सऊदी अरब के बीच दोस्ती और मजबूत होगी। यह प्रधानमंत्री तीसरी सऊदी अरब यात्रा है इससे पहले वह 2016 और 2019 में सऊदी अरब का दौरा कर चुके हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक शहर जेद्दा की पहली यात्रा है, जहां रणनीतिक साझेदारी परिषद (एसपीसी) की दूसरी बैठक होनी है। द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अक्टूबर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब की पिछली राजकीय यात्रा के दौरान एसपीसी की स्थापना की गई थी। उल्लेखनीय है, प्रधानमंत्री मोदी को 2016 में सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया था।

### ग्वालियर की आयुषी...

राजपूत ने 540वीं रैंक, मंदसौर के युगांश भटनागर 307वीं रैंक, आयुष जैन 344वीं रैंक, मानव मोदी 388वीं रैंक, कृतिका नौगरैया 400वीं रैंक, सचिन गोयल 420वीं रैंक, रामलखन गुर्जर 505वीं रैंक, रूपल जायसवाल 512वीं रैंक, योगेश राजपूत 540वीं रैंक, नीतेश धाकड़ 719वीं रैंक, देवांगी मीणा 764वीं रैंक, प्रतीक सिसौदिया 753वीं रैंक, जावेद मेव 815वीं रैंक, अरूण मालवीय ने 893वीं रैंक हासिल की है।

### कहा-यह अक्षम्य...

रामदेव ने तीन अप्रैल को अपने शरबत ब्रांड का प्रचार करते हुए हमदर्द कंपनी के शरबत पर विवादित टिप्पणी की थी।

हमदर्द के वकील ने अदालत को बताया कि हाल ही में पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने दावा किया था कि हमदर्द के रूह आफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसे और मस्जिद बनाने में किया गया। बाद में, रामदेव ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया।

हमदर्द का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह मामला अपमान से परे है और यह सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने का मामला है। वरिष्ठ वकील ने कहा कि यह नफरत फैलाने वाला भाषण है। उनका कहना है कि यह शरबत जिहाद है। उन्हें अपना काम जारी रखना चाहिए। वह हमें क्यों परेशान कर रहे हैं? चूंकि रामदेव के लिए मामले पर बहस करने वाले वकील उपलब्ध नहीं थे, इसलिए अदालत कुछ समय बाद मामले पर फिर से विचार करेगी।

### शास्त्री हिंदू राष्ट्र...

आखिर ऐसा क्या हो गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद विशेषकर हिंदू राष्ट्र की जगह हिंदू गांव बना रहे हैं। जिस गांव में आप रहते हैं, जहां आपके बाबा बागेश्वर विराजमान हैं, जिसे बागेश्वर धाम कहा जाता है, क्या वह हिंदू गांव नहीं है। अगर वह गांव हिंदू गांव है, तो फिर आपको नया हिंदू गांव बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? और अगर नहीं है, तो किस आधार पर आप उसे हिंदू गांव मानने से इनकार कर रहे हैं? उसे हिंदू गांव न कह कर आपके द्वारा बनाई जा रही कॉलोनी को हिंदू गांव कह रहे हैं।

### नौकरियां चली...

जस्टिस एनके सिंह की बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही, जिसमें मांग की गई थी कि सरकार को इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स की खरीद और उनके इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करने वाली नीति बनाने को को कहा जाए। इसी दौरान अदालत ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण ड्राइवरों के रोजगार पर भी असर पड़ेगा। मजाकिया अंदाज में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि एआई से तो वकीलों को भी टक्कर मिल रही है। ऐसे टूल आ गए हैं, जिनसे आप कोई भी कानूनी राय ले सकते हैं। इलेक्ट्रिक कारों की खरीद की नीति को लेकर दायर पीआईएल के लिए प्रशांत भूषण पक्ष रख रहे थे। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि हमें कुछ समय दिया जाए। फिर हम बताएंगे कि आखिर सरकार की इसे लेकर क्या नीति है। अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख तय की है।

### संसद ही 'सुप्रीम'...

भारत के लोगों से ऊपर नहीं है। धनखड़ ने आगे कहा कि भारत के लोगों ने संविधान के तहत अपने प्रतिनिधियों को चुना है। ये प्रतिनिधि ही लोगों की इच्छा और आकांक्षाओं को व्यक्त करते हैं। लोग चुनावों के दौरान इन प्रतिनिधियों को जवाबदेह ठहराते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि ही संविधान के असली मालिक हैं। वे ही तय करते हैं कि संविधान में क्या लिखा जाएगा।

**हर व्यक्ति लोकतंत्र का एक परमाणुः** धनखड़ ने जोर देकर कहा कि संविधान में संसद से ऊपर कोई नहीं है। संसद उतनी ही सर्वोच्च है, जितना कि देश का हर व्यक्ति। हम, भारत के लोग में हर व्यक्ति लोकतंत्र का एक परमाणु है। इस परमाणु में शक्ति है। यह शक्ति चुनावों में दिखती है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक देश हैं।

### गरीब मुसलमानों ...

गई हैं, जिनका गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने बताया कि वक्फ कानून में जो संशोधन किए गए हैं, वे पूरी तरह से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमने जो संशोधन किए हैं, वे कांग्रेस शासन के समय बनी समितियों की सिफारिशों पर आधारित हैं, जैसे 1976 की वक्फ जांच रिपोर्ट, सच्चर समिति रिपोर्ट और के रहमान खान रिपोर्ट। सभी रिपोर्टों ने वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन की जरूरत बताई थी। रिजिजू ने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय का बड़ा वर्ग इस कानून का समर्थन कर रहा है।

### ऑल इंडिया मुस्लिम..

बचाओ अभियान का पहला फेज 11 अप्रैल से शुरू हुआ, जो 7 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे, जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी।

### एआईएमपीएलबी ....

*है। यह विधेयक वक्फ संपत्तियों की प्रकृति और स्वायत्तता को नुकसान पहुंचाएगा, जिसे वे इस्लामी मूल्यों, शरीयत, धार्मिक स्वतंत्रता और भारतीय संविधान के खिलाफ मानते हैं।*

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
Water Work Department
Municipal Corporation Rest House, Shyamlla Hills, Bhopal
Ph. No. 0755-2701669

NOTICE INVITING e-TENDER

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT NO. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 07/T.Sec./EE/ W.W.D./ 2025-26 First call | 2025_UAD_ 418144_1 | Outsourcing of Manpower required for Annual Operation And Maintenance for water supply in Amrawadkhurd, BDA Colony, Vedvati Colony, Bhimsen Joshi and Ravindranath Parisar, Under Zone 14. | 11,61,504.00 | 8,711.00 | 21.05.2025 |

T.N.1675/025/026
Executive Engineer (WWD)
Municipal Corporation, Bhopal

**म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
कार्यालय महाप्रबंधक (सं/सं) वृत्त, रायसेन
पाटनदेव, सागर रोड, रायसेन-464551 (म.प्र.), ई-मेल : raisencircle@gmail.com
क्र./महा.प्र./सं.सं./वृत्त/2025-26/597 रायसेन, दिनांक : 22.04.2025

NOTICE INVITING E-TENDERS

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered A4, A5 category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work..

| Particulars | App. Value (In. Lakh) | Tender Document fees (In Rs.) | Bid Submission Start & End Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| PTR Augmentation 3.15 MVA to 5 MVA with 2 Km. 11 KV Line on Covered Conductor at 33/11 kV S/s Silwani town and 01No. Installation of 3.15 MVA Addl. PTR in Saikheda S/s with 4 Km. 11 KV Line on Pcc under Silwani D/c of O&M Division Raisen. | 56.73 | 5900/- | 22.04.2025, 18:00 Hrs. up to 01.05.2025, 12:30 Hrs. | 02.05.2025 at 13:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/119752/2025 GENERAL MANAGER (O&M)

**(खंडन) जाहिर सूचना**
दि.30/01/2025

कृषि भूमि खसरा क्र.151/2/2 रकबा 0.809 हेक्टेयर स्थित ग्राम पिपलिया लोरका मंडीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.
मेरे पक्षकार मनोज कुमार सोनी आत्मज श्री मांगीलाल सोनी आयु वयस्क निवासी बी-21 वार्ड.नं. -11 इंदिरा नगर मंडीदीप जिला रायसेन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि खसरा क्र. 151/2/2 रकबा 0.809 हेक्टेयर स्थित ग्राम पिपलिया लोरका मंडीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. मे स्थित है को क्रय करने का विक्रय अनुबंध सम्पादित एवं निष्पादित किया था मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री राजेश जैतपुरिया आत्मज स्व. श्री हरगोविन्द जैतपुरिया आयु वयस्क निवासी म.न.86 जानकी नगर, चूना भट्टी, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.), से अनुबंध कर ब्याना राशि का भुगतान किया जा चुका है जिसका खंडन किया जा रहा है।
उक्त कृषि भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र आगामी समयावधि मे सुनिश्चित हुआ था किन्तु उपरोक्त भूमि खसरा क्र. 151/2/2 रकबा 0.809 हेक्टेयर स्थित ग्राम पिपलिया लोरका पर स्थल निरीक्षण के बाद देखा गया की उपरोक्त कृषि भूमि बयाना / अनुबंध होते समय जैसा बताया गया था वैसा नही पाया गया और रिकार्ड व नक्शा मे भिन्नता पाई जाने से यह अनुबंध पत्र आज दिनांक को निरस्त किया जाता है और जाहिर सूचना दिनांक 30/01/2025 का मेरा पक्षकार खंडन करता है आज दिनांक के बाद मेरे पक्षकार का उपरोक्त कृषि भूमि का क्रय करने का अनुबंध निरस्त करते हुये जाहिर सूचना का खंडन किया जा रहा है। दिनांक. 19/04/2025

भवदीय चन्द्रभान उपाध्याय अभिभाषक,
कार्यालय -110 इन्द्रा नगर, मंगलवार बाजार मंडीदीप जिला रायसेन मो.न.9826218994

**हरिभूमि क्लासीफाइड**
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644



### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष:** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह:** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक:** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

**नाम परिवर्तन**
मैं सीमा मालवीय पत्नि श्री दामोदर मालवीय आयु 35 वर्ष, निवासी-ग्राम कॉसखेड़ा, जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश मेरी पुत्री के शासकीय व अशासकीय दस्तावेजो ने नाम व सरनेम प्रिया मालवी (PRIYA MALVI) पुत्री श्री दामोदर मालवीय (DAMODAR MALVIYA) है। व अन्य शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम मनोरमा मालवीय (MANORA MALVIYA) पुत्री श्री दामोदर मालवीय (DAMODAR MALVIYA) है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे त्रुटिवश हिन्दी व अंग्रेजी में प्रिया मालवी (PRIYA MALVI) पुत्री श्री दामोदर मालवीय (DAMODAR MALVIYA) दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का हिन्दी एवं अंग्रेजी में सही नाम व सरनेम मनोरमा मालवीय (MANORAMA MALVIYA) पुत्री श्री दामोदर मालवीय (DAMODAR MALVIYA) है। मेरी पुत्री का सही नाम व सरनेम मनोरमा मालवीय (MANORAMA MALVIYA) पुत्री श्री दामोदर मालवीय (DAMODAR MALVIYA) है। एवं भवष्यि में इसी नाम व सरनेम से जानी पहचानी जायेंगी।

**नाम परिवर्तन**
मैं मिनाक्षी सोलंकी करण सिंह सोलंकी पता- 13, लालघाटी, रामा कॉलोनी, हुजुर, नयापुरा, भोपाल, (म.प्र.)-462030 (आधार नं.7078 7173 2269) यह कि पासपोर्ट मे मेरा नाम बदायूँनी मिनाक्षी ग्यान दर्ज है जोकि त्रुटिवश दर्ज हो गया था, मेरा सही नाम मिनाक्षी सोलंकी है जोकि मेरे पेन कार्ड आधार कार्ड आदि मे दर्ज है, यही नाम पासपोर्ट मे दर्ज कराना चाहती हूँ और भविष्य में भी इसी नाम से जाने जाऊं।

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844
R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644


प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## शब्द पहेली - 5845



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5844 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5855

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5854 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# लखपति हुआ सोना, खरीदार मायूस, निवेशक खुश, 19 साल में 10 गुना बढ़ा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

24 कैरेट सोने ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार कर लिया। महज 24 घंटे में दामों में 2000 रुपए की उछाल दर्ज की गई है। सोने भाव में ऐतिहासिक बढ़ोतरी होने के बाद खरीदार जो नथिया, झुमका, नेकलेस, चुड़ी आदि खरीदने की मंशा रखे हुए थे इस उछाल के बाद वे मायूस हो गए। तो वहीं ऐसे ग्राहक जिन्होंने चार, छह महीने या सालभर पहले सोना खरीदा या फिर ऐसे निवेशक जिन्होंने ने अपनी पूंजी सोने में लगाई वे बेहद खुश है क्योंकि कोई लखपति बना तो करोड़पति बन गया। ऐसे उपभोक्ता और निवेशकों को सालभर में 35 फीसदी का रिटर्न मिला।

मगर सराफा व्यापारियों का दर्द यह है कि ऊंचे भाव पर ग्राहकी नदारद हो गई है।व्यापारियों की मानें तो उपभोक्ता मांग और खरीदारी में करीब 60 से 70 फीसदी की कमी आई है। स्थानीय सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 102150 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। घरेलू फ्यूचर्स मार्केट यानी पर भी सोना 1 लाख के स्तर के बेहद करीब है। सोना को 10 हजार से 1 लाख तक पहुंचने में 19 साल लगे हैं। एमसीएक्स पर 5 मई 2006 को इसने पहली बार 10 हजार के स्तर को छुआ था। उधर ग्लोबल मार्केट में सोने ने रिकॉर्ड 3,500 डॉलर प्रति औंस के लेवल को फतह कर लिया।

**नथिया
झुमका
नेकलेस
सब हुआ
सपना
खुदरा बिक्री
प्रभावित**



## सोने को अफोर्ड करना मुश्किल हो रहा

सोने की कीमतों में तेजी के कारण आभूषणों की मांग में गिरावट आई है। लोग कीमतों में कटौती की उम्मीद में खरीदारी टाल रहे है। सोने की कीमतों में वृद्धि से खुदरा विक्रेताओं की स्थिति भी प्रभावित हुई है। वे दोबारा स्टॉक करने के लिए अनिच्छुक हैं। दुकानदारों के अनुसार सोने की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की वजह से इन दिनों इसके खरीददारों में काफी कमी आ गई है। सोने को अफोर्ड करना मुश्किल हो रहा है। पिछले साल सोने का दाम में करीब 27 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। लेकिन सोने के भाव ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचने से इसकी लेवाली 30 फीसदी पर गिरी है। जबकि वैश्विक तौर पर इसमें 15 फीसदी की कमी आई है। घर-परिवार हो या देश- दुनिया, जब भी आर्थिक संकट गहराया है, तो सोना ही सहारा बना है। फिर बात चाहे 2008 की आर्थिक मंदी की है, कोरोना काल की हो या फिर बड़े राजनीतिक उथल-पुथल का समय हो। जब बाजार से लेकर करेंसी तक धराशायी थे, तो सोने लगातार चमक रहा था। आर्थिक संकट में आरबीआई अपने गोल्ड रिजर्व का इस्तेमाल करके देश की आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने की कोशिश करता है। यह सोने का उपयोग करके करेंसी की आपूर्ति को नियंत्रित करता है।

## ज्वेलरी इंडस्ट्रीज को हो रहा नुकसान

एक दिन में सोने व चांदी के भावों में 1000 से 2000 की तेजी हो रही है। जिसके कारण



ज्वेलरी इंडस्ट्रीज को केंद्र सरकार से रिलीफ पैकेज का अनुरोध 3 फीसदी जीएसटी की जगह 1 प्रतिशत जीएसटी दर किया जाए। ज्वेलरी इंडस्ट्रीज को बैंक लोन का ब्याज कम किया जाएगा।

**संजीव गर्ग (गांधी)**
व्यापारी, एसके ज्वेलर्स, सराफा चौक बाजार

## ऊंचे भाव पर खरीदारी नदारद

दस ग्राम सोने के भाव 1 लाख रुपए के पार होने के बाद खरीदारी नदारद होने के साथ ही ज्वेलरी शॉप पर



खरीदी की पूछ परख भी खत्म हो गई है। इस भाव में खरीदार नही है। वैवाहिक सीजन होने के बावजूद मार्केट में सन्नाटा है। भाव में अति हो चुकी है। पुराना गहना भी नही आ रहा है कि उसको बदलकर लोग नई ज्वेलरी ले।

**मुकेश गोयल**
व्यापारी, नूपुर ज्वेलर्स , न्यू मार्केट

## अब 10 ग्राम की जगह 8 ग्राम सोना ही खरीद रहे ग्राहक

राजधानी भोपाल के सभी सराफा व्यापारी हैप्पी कस्टूम डे मना रहे हैं। क्योंकि उपभोक्ताओं को निवेशकों को एक वर्ष में ही



अपने निवेश पर अपने आभूषणों की खरीदी पर 35 फीसदी का रिटर्न मिल गया। जिन्होंने 1 वर्ष पूर्व 65000- 70000 रुपए प्रति दस ग्राम के भाव सोना था अब वह सब लखपति हो गए है। अतः हमारे सभी लखपति ग्राहकों को सर्राफा व्यापारियों की ओर से बधाई। सोने का भाव 1लाख के पार पहुंचने से निश्चित रूप से उपभोक्ताओं का अब खरीदी का वॉल्यूम कम हुआ है। जिनका बजट 10 ग्राम सोना खरीदने का हुआ करता था वह 80000- 85000 में उसकी पूर्ति कर लेते थे मगर अब उनको उसके लिए 1 लाख रुपए खर्च करना पड़ा है। निश्चित रूप से हमारे यहां वॉल्यूम तो कम हुआ है परंतु उसके अन्य विकल्प के रूप में लाइटवेट के आभूषणों की मांग बढ़ी है। साथ 18 कैरेट की ज्वेलरी की मांग भी बाजार में 30 से 40 फीसदी तक बढ़ी है। ग्राहकों के रुझान में कोई कमी नहीं हुई । बस यह है कि अब वह 10 ग्राम की जगह 8 ग्राम सोना खरीद रहे है। आने वाले समय में इन भावों के बाद भी सोने में 10 से 12 फीसदी और तेजी की संभावना है पर बाजार में काफी सारे उपहार और स्कीमों की भरमार रहने वाली है। निश्चित रूप से ग्राहक उन सब से प्रभावित होकर बाजार की ओर रुख करेगा।

**नवनीत अग्रवाल** सराफा व्यापारी, श्रीधर ज्वेलर्स , सराफा चौक बाजार

---

### एक वाहन की जांच पूरी होने के बाद ही दूसरे वाहन को उड़नदस्ता रोक सकेगा

# नए निर्देश... पारदर्शी होगी प्रक्रिया, अब चेक पोस्ट पर 15 मिनट में वाहनों की जांच

**जांच के दौरान बॉडी वार्न कैमरे भी अनिवार्य**

***जांच के दौरान एक सहायक परिवहन उप निरीक्षक का मौजूद होना अनिवार्य***

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में परिवहन जांच चौकियों को बंद किए जाने के बावजूद वाहनों से अवैध वसूली की शिकायतें लगातार परिवहन विभाग के पास पहुंच रही थीं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा ने जांच प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें परिवहन चेक प्वाइंट और संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड को 15 मिनट में वाहन की जांच पूरी करना होगी।

बगैर वाजिब कारण के वाहन को इससे अधिक समय तक नहीं रोका जा सकेगा। अधिक समय तक रोके जाने पर इसका कारण बताना होगा। एक वाहन की जांच पूरी होने के बाद ही दूसरे वाहन को उड़नदस्ते रोक सकेंगे। जांच के दौरान बॉडी वार्न कैमरे भी अनिवार्य किए गए हैं।



## कर्मचारियों को वर्दी में रहना होगा

परिवहन आयुक्त के नए आदेश के अनुसार अब जांच केवल अधिकृत वर्दीधारी अधिकारियों की उपस्थिति में ही की जा सकेगी। जांच के दौरान कम से कम एक सहायक परिवहन उप निरीक्षक का मौजूद होना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों को वर्दी में रहना होगा और वर्दी पर नाम की प्लेट भी अनिवार्य होगी।

## वाहन मालिक को बेवजह की वसूली से मुक्ति मिलेगी

कुछ समय से वाहनों को रोककर वसूली की जाने लगी थी। इसे



लेकर परिवहन आयुक्त को शिकायत भी की गई थी। इस मामले में नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इससे जांच में पारदर्शिता आएगी और वाहन मालिक को बेवजह की वसूली से मुक्ति मिलेगी। वसूली की शिकायत के बाद विगत दिनों चेक प्वाइंट सागर-1 के प्रभारी परिवहन उप निरीक्षक को हटाया भी जा चुका है।

**सीएल मुकाती** अध्यक्ष, इंदौर ट्रक आपरेटर्स एंड ट्रांसपोर्ट

## कैमरों की निगरानी और रिकॉर्डिंग की जिम्मेदारी यूनिट प्रभारी पर

परिवहन विभाग के परिवहन चेक प्वाइंट और संभागीय उडनदस्तों द्वारा की जाने वाली जांच की पूरी रिकार्डिंग की जाएगी। जांच दल को बॉडी वार्न कैमरे लगाने होंगे। जांच के दौरान दो कमरे चालू रहेंगे। इनमें से एक लाइव मोड में होगा। अन्य कैमरे स्टैंड बाय मोड में रहेंगे। कैमरों की निगरानी और रिकार्डिंग की जिम्मेदारी संबंधित यूनिट प्रभारी पर होगी। जांच की रिकॉर्डिंग संभालकर रखना होगी और कैमरों को पूरी तरह से चार्ज रखना होगा।

## *अंतरराज्यीय सीमा पर 45 चेक प्वॉइंट बनाए गए*

*करीब एक साल पहले मध्य प्रदेश में गुजरात माडल को लागू करते हुए परिवहन चौकियों को बंद कर दिया गया था। इसके स्थान पर अंतरराज्यीय सीमा पर 45 चेक प्वाइंट बनाए गए हैं, लेकिन यहां पर ट्रकों और वाहनों से अवैध वसूली की शिकायतें आने लगी थीं। शिकायतों को देखते हुए परिवहन आयुक्त ने जांच में पारदर्शिता के लिए नए निर्देश जारी किए गए।*

## *दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई*

*जांच प्रक्रिया के दौरान किसी भी निजी व्यक्ति की उपस्थिति को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। रात में जांच करने के दौरान ऐसे स्थान का चयन अनिवार्य होगा, जहां पर पर्याप्त रोशनी हो। स्टाफ को एलईडी बैटन और रिफ्लेक्टिव जैकेट उपलब्ध कराए जाएंगे। परिवहन आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

## *चालान पीओएस मशीन से*

*नए निर्देशानुसार जांच के दौरान परिवहन चेक प्वाइंट और संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के पास प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन की उपलब्धता अनिवार्य की गई है। इन मशीनों के माध्यम से ही वाहनों के चालान बनाने होंगे। नकद का लेन-देन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। जहां मशीन उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता से मशीन उपलब्ध कराई जाएगी।*

---

**विवाद से विश्वास स्कीम करेगी मदद**

# इनकम टैक्स की पुरानी देनदारी जुर्माने से मिल जाएगी निजात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने डायरेक्ट टैक्स 'विवाद से विश्वास योजना 2024' के तहत टैक्स विवादों को सुलझाने के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 30 अप्रैल 2025 तय की है। वित्त मंत्रालय ने 8 अप्रैल 2025 को जारी एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी थी। इसमें कहा गया कि इस योजना का मकसद आयकर से जुड़े पुराने विवादों को बिना कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाए सुलझाना है, ताकि टैक्सपेयर्स को राहत मिले और सरकार को भी राजस्व प्राप्त हो। यह योजना 2020 में शुरू हुई पहली विवाद से विश्वास योजना की सफलता के बाद दोबारा लाई गई है, जिसमें 1,46,701 विवाद सुलझाए गए थे। हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस बार योजना को पहले जैसी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, जिसके कई कारण हो सकते हैं।

इस योजना के तहत टैक्सपेयर्स को विवादित टैक्स की राशि और उस पर एक निश्चित प्रतिशत अतिरिक्त राशि चुकानी होगी। इसके बदले में आयकर विभाग ब्याज, जुर्माना और अन्य दंडों को माफ कर देगा, जिससे विवाद हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। आइए, इस योजना के बारे में विस्तार से समझते हैं कि यह क्या है, इसके लिए कौन आवेदन कर सकता है, और टैक्सपेयर्स को क्या करना होगा। डायरेक्ट टैक्स विवाद से विश्वास स्कीम 2024 की घोषणा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई 2024 में केंद्रीय बजट के दौरान की थी। यह स्कीम 1 अक्टूबर 2024 से लागू हुई। इसका मुख्य उद्देश्य आयकर से जुड़े लंबित मामलों को खत्म करना है, जो कई सालों से कोर्ट और अपील प्रक्रिया में अटके हैं। इस स्कीम के जरिए टैक्सपेयर्स विवादित टैक्स की राशि और उसका एक निश्चित हिस्सा चुकाकर ब्याज और जुर्माने से पूरी तरह छूट पा सकते हैं। सरकार ने कहा कि इस स्कीम को विवाद से विश्वास इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह सरकार और टैक्सपेयर्स के बीच भरोसा बढ़ाने का काम करती है। इससे न केवल टैक्सपेयर्स को राहत मिलेगी, बल्कि कोर्ट और आयकर विभाग पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होगा। इस स्कीम को "विवाद से विश्वास 2.0" के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह 2020 में शुरू हुई पहली स्कीम का बेहतर और नया संस्करण है। इसके अलावा, यह स्कीम सरकार के लिए समय पर राजस्व जुटाने का भी एक तरीका है। इस स्कीम के जरिए सरकार 2.7 करोड़ टैक्स विवादों को सुलझाने की उम्मीद कर रही है, जिनकी कुल कीमत करीब 35 लाख करोड़ रुपये है। यह स्कीम छोटे-बड़े सभी टैक्सपेयर्स के लिए खुली है, जो अपने टैक्स विवादों को जल्दी और आसानी से खत्म करना चाहते हैं।

---


## बिजनेस न्यूज

### मिलेनियम ग्रुप में 'मैत्रिम 2025 टेक्नो-कल्चरल फिएस्टा' का भव्य समापन




**भोपाल।** मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस नीलबड़ कैंपस भोपाल में 5 दिन तक चले 'मैत्रिम 2025 टेक्नो-कल्चरल फिएस्टा' का भव्य समापन हुआ। इस टेक्निकल एवं कल्चरल इवेंट में भोपाल के सभी सभी कॉलेजेस के करीब 2000 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही प्रदेश के कई दिग्गज इस फेस्ट में बतौर जज के रूप में आमंत्रित रहे। आरजीपीवी के डॉ पियूष शुक्ला, बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी की डॉ सुनीता गोंड , डॉ भूपेंद्र सिंह , बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफ डॉ अनुपम पाठक, माखनलाल यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रोफ विजय मनोहर तिवारी , माखनलाल यूनिवर्सिटी के के रजिस्ट्रार डॉ अविनाश वाजपेयी, मुख्यमंत्री , मध्य प्रदेश शासन के ओएसडी डॉ तरुण सेन ने इस फेस्ट में शामिल होकर सभी स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाया और अपने वक्तव्यों से उन्हें आने वाले सफल करियर के लिए प्रेरित किया। इन ५ दिनों में हैकथॉन , वेब कोडिंग, डांस, सिंगिंग , ट्रेजर हंट, पोएट्री , सर्किट डिज़ाइन, रोबो रेस, नुट्रिशन मॉडल्स, पोस्टर प्रेजेंटेशन शामिल रहे। इन सभी इवेंट्स में ट्रॉफीज और सर्टिफिकेट्स के साथ 2 लाख कॅश अवाड्र्स दिए गए ।

### कोलार स्थित एमजी ज्वेलर्स पर पहुंची मोनालिसा




**भोपाल।** महाकुंभ से चर्चा में आई रूद्राक्ष बेचने वाली मोनालिसा बॉलीवुड में डेब्यू के लिए खुद करने के बाद आज राजधानी के कोलार स्थित एमजी ज्वेलर्स शोरूम पर पहुंचीं। शोरूम के संचालक योगेश सोनी ने बताया कि मोनालिसा ने यहां मनपसंद ज्वेलरी पसंद की। इसी बीच मोनालिसा ने शोरूम के स्टॉफ के साथ फोटो भी खिचवाए। सोशल मीडिया पर मोनालिसा का यह नया लुक तहलका मचा रहा है।

### मोशन एजुकेशन ने एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में किए नए मानक स्थापित

**भोपाल।** शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में कोटा के असली जीतू एनवी सर (नितिन विजय) के नेतृत्व में मोशन एजुकेशन ने एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में नए मानक स्थापित किए हैं। जेईई मेन 2025 के अब तक के परिणामों के आधार पर मोशन एजुकेशन के 65.8 प्रतिशत छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई किया है, जो राष्ट्रीय औसत 16.25 प्रतिशत से काफी आगे है। मोशन ने साबित कर दिया है कि सामान्य छात्र भी सही मार्गदर्शन और संसाधनों के साथ भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं जैसे आईआईटी-जेईई या नीट में सफलता पा सकता है। इस अवसर पर मोशन एजुकेशन के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी,नितिन विजय ने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि सफल होने के लिए टॉपर होना जरूरी नहीं, बल्कि सीखने की ललक, अनुशासन और हिम्मत होना चाहिए। हम मानते हैं कि हर छात्र में उज्ज्वल भविष्य की संभावना होती है। हम अपने छात्रों और शिक्षकों के इस अद्भुत प्रदर्शन पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सभी की मेहनत, अनुशासन और लगातार प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय हैं। यह सफलता न केवल हमारी शैक्षणिक कठोरता को दर्शाती है, बल्कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भविष्य के नेताओं को तैयार करने के हमारे संकल्प को भी प्रदर्शित करती है। इस शानदार प्रदर्शन में और योगदान देते हुए, 4 छात्रों ने टॉप 100 में, 17 ने टॉप 500 में, 39 ने टॉप 1000 में और 453 छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 10,000 के भीतर स्थान प्राप्त किए हैं, जो संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यक्तिगत शिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के नए वेयरहाउस का उद्घाटन

**भोपाल।** अग्रणी एफएमसीजी कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में अपने पहले वर्टिकल स्टोरेज वेयरहाउस का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक सुविधा जीसीपीएल की आपूर्ति श्रृंखला संचालन में रणनीतिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो प्रोजेक्ट परिवर्तन के तहत लांच किया गया है। यह एक प्रमुख पहल है जो नवाचार, दक्षता और स्थिरता को केंद्र में रखकर वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स को नए सिरे से परिभाषित करती है। 2.84 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह वेयरहाउस 3,200 से अधिक पैलेट पोजिशनों और हाई-डेंसिटी +6 वर्टिकल रैकिंग सिस्टम से लैस है, जो भंडारण दक्षता को अधिकतम करते हुए फिजिकल स्पेस की आवश्यकता को न्यूनतम करता है। महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों के लिए यह मदर हब के रूप में कार्य करता है।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने रखी 1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की नींव

**सालबोनी।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल के सालबोनी में अपने अत्याधुनिक 1,600 मेगावाट (2&800 मेगावाट) के अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का निर्माण कार्य शुरू किया। इस प्लांट के शिलान्यास समारोह में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ ही जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन संगीता जिंदल और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के पार्थ जिंदल और राज्य सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। 16,000 करोड़ की यह परियोजना कंपनी की अब तक की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड परियोजना है।

### रेनो ने नया डिजाइन सेंटर खोला

**चेन्नई।** रेनो ग्रुप के पूर्ण-स्वामित्व वाली सब्सिडिएरी रेनो इंडिया ने रेनो डिजाइन सेंटर चेन्नई का उद्घाटन करते हुए भारत पर केन्द्रित अपनी नई रणनीति रेनाल्ट- रिथिंग पेश की है। इस रणनीति का मकसद बदलाव लाना है। चेन्नई में आज नए रेनो डिजाइन सेंटर का उद्घाटन हुआ है, जो बदलाव लाने और 'भारत में डिजाइन' के रेनो के सपने को आगे बढ़ाएगा। यह 'भारत में निर्माण' के मजबूत आधार पर काम करेगा। खासकर आरएनटीबीसीआई के करीब होने के कारण यह एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में भी काम करेगा। रेनो ग्रुप के चीफ डिजाइन ऑफिसर लॉरेन्स वैन डेन एकर ने कहाकि भारत एक अनूठा और जीवंत देश है। यहाँ की जरूरतों को समझने, स्थानीय खासियतों को जानने और क्षमताओं का उपयोग करने के लिए एक खास डिजाइन स्टूडियो जरूरी है। चेन्नई का रेनो डिजाइन सेंटर भारतीय बाजार के लिए मॉडल और कॉन्सेप्ट तैयार करेगा, साथ ही रेनो ग्रुप की वैश्विक परियोजनाओं में भी योगदान देगा।

---

**इस्पात उत्पादों के आयात पर 12 प्रतिशत रक्षोपाय शुल्क लगाने का फैसला**

# भारत ने स्टील के आयात पर लगाया 12 फीसदी अस्थायी टैरिफ, 200 दिनों तक रहेगा लागू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने बेलगाम आयात को रोकने के लिए कुछ इस्पात उत्पादों पर 12 फीसदी अस्थायी टैरिफ लगाया है। इस टैरिफ को स्थानीय रूप से सुरक्षा शुल्क के रूप में जाना जाता है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी।

इस फैसले पर केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर 12 प्रतिशत रक्षोपाय शुल्क लगाने के सरकार के फैसले से घरेलू उत्पादकों, मुख्य रूप से एसएमई को राहत मिलेगी, जिन्हें बढ़ते आयात के कारण भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया में कच्चे स्टील के दूसरे सबसे



बड़े उत्पादक भारत ने कहा कि सोमवार से प्रभावी यह टैरिफ 200 दिनों के लिए लगाया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा, इस अधिसूचना के तहत लगाया गया सुरक्षा शुल्क इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो सौ दिनों की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा ।

## *घरेलू उत्पादकों को मिलेगी राहत*

*केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि इस कदम से घरेलू उत्पादकों, खासकर छोटे और मध्यम स्तर के उद्यमों को राहत मिलेगी, जिन्हें बढ़ते आयात से भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। रक्षोपाय शुल्क बाजार में स्थिरता बहाल करने और घरेलू उद्योग के विश्वास को मजबूत करने में मदद करेगा। इस्पात मंत्रालय के बयान के अनुसार मंत्री ने कहा कि यह उपाय घरेलू इस्पात विनिर्माताओं को आयात बढ़ने के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने और बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए समय पर उठाया गया आवश्यक कदम है। उन्होंने कहा कि इस्पात मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है कि घरेलू इस्पात क्षेत्र मजबूत, आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बना रहे।*

## एचडीएफसी बैंक ने 22 राज्यों में 61,500 से अधिक सौर स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक अपने प्रमुख सीएसआर पहल, परिवर्तन के तहत एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर घोषित करके सतत प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। बैंक 2025 तक अभिनव सौर-संचालित बुनियादी ढांचे, जागरूकता और स्थानीय भागीदारी के माध्यम से भारत भर में 1,000 से अधिक गांवों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों तक पहुंच प्रदान कर ग्रामीण और अर्ध-शहरी समुदायों को सशक्त बनाना। नवीकरणीय ऊर्जा में बैंक का काम इस साल के पृथ्वी दिवस की थीम, हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के अनुरूप है, जो स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के वैश्विक त्वरण का आह्वान करता है। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के अपने स्तंभ के तहत, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 22 राज्यों में 61,655 से अधिक सौर स्ट्रीटलाइट्स स्थापित की हैं। स्ट्रीट लाइट के अलावा, परिवर्तन सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सौर पैनल लगा रहा है।

## छोटी इलायची में भारी सट्टेबाजी से व्यापारियों को काफी नुकसान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

प्रमुख इलायची उत्पादक राज्य केरल में इस सुगंधित मसाले का उत्पादन 2024-25 के सीजन में कमजोर रहा और इसके नए माल की आवक भी देर से शुरू हुई।

दिलचस्प तथ्य यह है कि छोटी (हरी) इलायची के वायदा कारोबार पर केरल के उत्पादकों, व्यापारियों का नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के सिंडीकेट द्वारा कब्जा कर लिए जाने की सूचना मिल रही है। जानकारी के अनुसार सट्टे की तर्ज पर सिंडीकेट द्वारा आगामी तिथियों के लिए होने वाले अनुबंध फ्यूचर कांट्रैक्ट का गहरा जाल बनाया गया है जिसमें दिल्ली, मुंबई एवं जयपुर जैसे प्रमुख खपत केंद्रो के साथ-साथ स्वयं मध्यप्रदेशके भी असंख्य कारोबारी बूरी तरह उलझ गए। समझा जाता है कि इस गहरी साजिश के तहत वास्तविक सौदा तो नहीं हुआ मगर डायरियों एवं पर्चियों में कारोबार सौदा के माध्यम से करोडों रुपए का लेन-देन दिखाया गया। इसके बाद इलायची और डोडा (एक अन्य मसाला) की कीमतों को घटा दिया गया, जिससे उन व्यापारियों को भारी नुकसान हो गया जो पहले ऊंचे दाम पर इसका अनुबंध कर चुके थे।

**कार्यालय छावनी परिषद पचमढ़ी**

क्र. 112/TC/Road/158 दिनांक :- 22 अप्रैल 2025

// टेंडर प्रथम आमंत्रण //

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा शासकीय विभाग / स्थानीय निकाय/ छावनी परिषद में पंजीयन ठेकेदारो से छावनी सड़को के पुनः डामरीकरण हेतु टेण्डर गर्वमेन्ट defproc.gov.in पोर्टल पर आमंत्रित किये जाते है। ठेकेदार का छावनी परिषद पचमढ़ी में पंजीयन होना आवश्यक है। कार्य संबंधी विवरण एवं समस्त सूचनाये defproc.gov.in साईट पर दिनॉक 23/04/2025 के 18.00 बजे तक प्रकाशित की जावेगी।

| कार्य की राशि | अमानत राशि | टेण्डर फार्म कीमत | ई-टेण्डर प्रकासन तिथि | तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करने की अंतिम तिथि | तकनीकी बिड खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| रू. 80,00,000/- | रू. 1,60,000/- | रू. 5000/- | 23/04/2025 | 15/05/2025 के 17.00 बजे तक | 16/05/2025 के 17.00 बजे तक |

राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद पचमढ़ी

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद की जड़ों को काटने का वक्त

आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत को उसकी जड़ पर वार करना होगा। केवल ऑपरेशन क्लीन जैसे सफाई अभियान से बात नहीं बन रही है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पीछे जो भी जड़ें काम कर रही हैं, उन जड़ों को काटना जरूरी है। आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया है। आतंकियों ने नाम पूछ कर गैर मुस्लिमों को गोली मारी है। अमरनाथ यात्रा से पहले यह कायराना आतंकी हमला इस यात्रा में बाधा डालने की कोशिश है। पवित्र अमरनाथ यात्रा पर ज्यादातर हिंदू जाते हैं। इस बार यात्रा 3 जुलाई से शुरू है। सरकार बेशक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से एक्शन ले रही है, सेना व अन्य सुरक्षा बल सम्मिलित रूप से ऑपरेशन क्लीन चला रही हैं, टेरर फंडिंग के स्रोतों पर वार किया गया है, अलगावादियों को कॉर्नर किया है, इसके बावजूद घाटी में आतंकी हमले बंद नहीं हो सके हैं। राज्यपाल शासन के बाद अब एक चुनी हुई सरकार है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त करना जरूरी है, इसके लिए सदियों तक इंतजार नहीं किया जा सकता है। अस्सी के दशक से इस राज्य के बेकसूर आवाम आतंकी दहशत में जी रहे हैं, पर्यटक डरे रहते हैं। बेखौफ होकर न कृषि होती है और न ही उद्योग-व्यापार। कश्मीर में आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई संलिप्त है, इन्हें दंतहीन-विषहीन बनाना जरूरी है। भारत को आतंक के मददगार और आतंकवाद में शामिल गुटों पर एक साथ वार करना होगा। भारत साढ़े चार दशक से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, आगे कब तक लड़ना होगा, यह भी पता नहीं है, लेकिन एक मजबूत विकसित राष्ट्र के लिए जरूरी है कि देश अपने दुश्मनों को कड़ा सबक सिखाए। हाल के वर्षों में कश्मीर में आतंकवाद का एक पैटर्न देखने को मिला है, जिसमें गैर मुस्लिमों पर हमला किया गया है। वर्ष 2022 में भी शोपियां व कुलगाम में हुए आतंकी हमले में भी नाम पूछ कर गोली मारी गई थी। मुंबई 26/11 आतंकी हमले में भी ऐसा ही देखने को मिला था। यह सीरियाई आतंकी गुट इस्लामिक स्टेट का तरीका था, जिसे अब पाक के आतंकी गुट लश्कर व जैश ने भी अपना लिया है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। लश्कर पाक स्थित आतंकी गुट हैं, इसलिए साफ है कि पहलगाम हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। कश्मीर में इतनी सुरक्षा व ऑपरेशन क्लीन के बावजूद टीआरएफ का वजूद चिंता पैदा करता है। पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक की है, सऊदी अरब की यात्रा पर गए पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह से बात की है, जेएंडके के सीएम उमर अब्दुल्ला और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा हमले के बाद की स्थिति पर चौकस हैं, लेकिन सवाल भी है कि पर्यटन के महीने में क्या सरकार के पास आतंकी हमले का खुफिया या सीआईडी इनपुट नहीं था? तमाम सुरक्षा के बीच मुट्ठी भर आतंकियों का गुट टीआरएफ इतने बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने में कैसे सफल हो जाते हैं, उन तक फंड व असलाह कैसे पहुंच रहे हैं? प्रशिक्षण कैसे मिल रहा है और बाहर से आ रहे हैं तो घुसपैठ कैसे हो रही है? जबकि लेजर प्रोटेक्टेड बाड़ है। अगर टीआरएफ को स्थानीय मदद मिल रही है, तो भी इसका पर्दाफाश जरूरी है। अब आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस केवल नीति में नहीं बल्कि एक्शन में जरूरी है। सर्जिकल स्ट्राइक से आगे की रणनीति की आवश्यकता है।

# अदालत का सम्मान करे कांग्रेस



नेशनल हेराल्ड
प्रमोद भार्गव

**ईडी ने नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी।**

देश के प्रथम व प्रतिष्ठित राजनीतिक गांधी परिवार की पुत्रवधू सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहला आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और पत्रकार सुमन दुबे भी आरोपी हैं। दुबे राजीव गांधी फाउंडेशन के ट्रस्टी भी हैं। यह आरोप पत्र 9 अप्रैल 1925 को विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में पेश किया गया। अब इस पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी ने इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी। इस समय भी केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अतएव कांग्रेस को ईडी और अदालती कार्यवाही का सम्मान करने की जरूरत है। नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे।

दरअसल दो हजार करोड़ रुपये के नेशनल हेराल्ड से संबंधित स्वामित्व व परिसंपत्तियों के हस्तांतरण से जुड़ा एक मामला निजी इस्तगासे के तहत निचली अदालत में विचाराधीन है। याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी ने अदालत में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके यह दावा किया था कि अखबार का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी 'द एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड' के स्वामित्व और परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में धोखाधड़ी की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी हैं। न्यायालय ने पहली नजर में इस मामले को सुनने योग्य माना और प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। तभी से कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस मामले को झूठा ठहराने में लगी हुई है। साफ है, सोनिया, राहुल अपने को फंसता देख जानबूझकर मामले को सियासी साजिश करार देने में लगे हैं। यहां सोचने की जरूरत है कि वाकई न्यायपालिका राजनीति की कठपुतली है तो फिर 2013 में जब स्वामी ने अदालत में याचिका दाखिल की थी, तब अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल इस याचिका को खारिज कराने में क्यों नहीं किया? याचिकाएं लगाने में सिद्धहस्त स्वामी ने कोई इकलौती यही याचिका दाखिल नहीं की, वे कई जनहित याचिकाएं लगाकर अपनी कानूनी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। यदि न्यायालय राजनेताओं के दिशा-निर्देशन के अनुसार चलती हैं तो सोनिया गांधी संप्रग सरकार की भद पिटवाने वाली इस कार्यवाही को क्यों



नहीं रोक पाईं ? गोया पूरा देश जानता है कि अदालतों का राजनीतिक हस्तक्षेप से कोई वास्ता नहीं है। न्यायालयीन प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से कानूनी दायरे में गतिशील रहते हुए अंतिम परिणाम तक पहुंचती है।

इस लिहाज से कांग्रेस द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को दोषी ठहराना उचित नहीं है। नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला बेहद गंभीर है। प्रथम दृष्टया दस्तावेजी साक्ष्यों की पड़ताल करने से ही यह साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने एजेएल को 90 करोड़ का कर्ज दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये की अंश पूंजी से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया व राहुल की 38-38 फीसदी भागीदारी तय की गई। शेष बची 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी कांग्रेस नेता और पार्टी के कोषाध्यक्ष मोतीलाल बोरा और ऑस्कर फर्नांडीज को दी गई। अब दोनों नेता दिवंगत हो चुके हैं। इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए।

इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का कर्ज भी चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन का एजेएल की 99 फीसदी हिस्सेदारी मिल गईं। कांग्रेस ने 90 करोड़ जैसी बड़ी धनराशि का ऋण भी माफ कर दिया। मसलन कागजों में एक कंपनी का कृत्रिम वजूद खड़ा करके एजेएल का स्वामित्व बड़ी आसानी से हस्तांतरित कर दिया गया। स्वामी ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए इस प्रकरण में हवाला करोबार को अंजाम देने का संदेह भी जताया था। जाहिर है, मामला बेहद गंभीर है। अब 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति यंग इंडियन को गलत तरीके से स्थानांतरित की गई थी, आरोप है कि संपत्तियों का उपयोग करके फर्जी लेन-देन के जरिए लाखों-करोड़ों की रकम जुटाई गई। फर्जीदान, फर्जी अग्रिम किराया और फर्जी विज्ञापन के रूप में अवैध आय अर्जित की गई। जांच में पाए गए ऐसे ही दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। ईडी 2021 से इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से पांच दिन में पचास घंटे और जुलाई 2022 में सोनिया गांधी से तीन दिन में करीब 12 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में मां-बेटे दिसंबर 2019 से जमानत पर हैं। वास्तव में अब जरूरत तो यह है कि एक जिम्मेदार और अनुभवी राजनीतिक दल होने के नाते सोनिया और राहुल समेत सभी आरोपियों को अपने निर्दोष होने के साक्ष्यों के साथ अदालत में अपना पक्ष रखना चाहिए। केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने और संसद से सड़क तक हंगामे की बजाय कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप व्यवहार जताने की आवश्यकता है। अदालती कार्यवाही पर भी उंगली उठाना, सर्वथा अनुचित आचरण का प्रतीक है। इस मामले में सोनिया गांधी को अपनी सास इंदिरा गांधी से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अदालत की कार्यवाही का सामना करने में कभी हिचक नहीं दिखाई। रायबरेली चुनाव में धांधली के आरोप की सुनवाई के दौरान श्रीमती गांधी 18 मार्च 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हाजिर हुई थीं, वह भी प्रधानमंत्री रहते हुए। हालांकि मनमाफिक फैसला नहीं होने पर इंदिरा गांधी जून 1975 में आपातकाल घोषित करने से भी नहीं चूकी थीं। संभव है जिरह और न्यायिक प्रक्रिया की कसौटी पर स्वामी के दस्तावेजी साक्ष्य और ईडी के आरोप बेदम साबित हो जाएं और अदालत मामला ही खारिज कर दे ? यह एक उम्मीद है, लेकिन यदि स्वामी जैसी कि दलील दे रहे हैं कि प्रस्तुत साक्ष्य कूटरचित और कथित रूप से व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने वाले हैं और अदालत उन्हें सही पाती है तो कानून में ऐसे आरोप में जिस सजा का प्रावधान है, अतएव आरोपियों का बच निकलना मुश्किल होगा ?

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पर्यावरण
विकेश कुमार बडोला




# प्राकृतिक असंतुलन को लेकर गंभीर हो मनुष्य

जहां राजधानी और महानगरों वाला भारत न्यायालयों के जंजाल में फंसा हुआ है, वहीं प्राकृतिक असंतुलन समानांतर रूप में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विनाश-लीला रचने में लगा हुआ है। 20 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के रामबन जनपद में सूर्योदय से पहले हुई तीव्र वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई। बाढ़ की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और बाढ़ में फंसे सौ से अधिक लोगों को किसी प्रकार सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नाशरी और बनिहाल के बीच बारह से अधिक स्थानों पर भूस्खलन, मृदाधंसाव और भारी पत्थर गिरने-लुढ़कने की घटनाएं हुईं। ढाई सौ किलोमीटर लंबे राजमार्ग के बंद होने के कारण इस पर सैकड़ों यात्री और वाहन चालक फंसे हुए हैं। समीप ही स्थित ग्लेशियर सुरंग के अंदर-बाहर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। सुरंग सहित लगभग तीन किलोमीटर राजमार्ग की पृष्ठभूमि में स्थित पूरा पर्वत भरभराकर धंस गया। इसके बाद राजमार्ग का दूसरा हिस्सा धंसाव के बाद बहे पर्वतों के मलबे के साथ सरपट खाई में बदल गया है। घटना के चलचित्र देखकर प्राकृतिक आपदा की गंभीरता भली-भांति समझी जा सकती है। जलवायु की निरंतर विकृत एवं विनाशक होती स्थितियों की भी हमारे द्वारा अनदेखी की जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ दिनों के लिए स्थितियां सामान्य होते ही हम पिछला सब कुछ भूल जाते हैं और फिर जलवायु असंतुलन के कारण एक नई दुर्घटना घट जाती है। विगत कई दशकों से हिमालयी पर्वत क्षेत्र में यही हो रहा है। विद्युत उत्पादन के लिए बांधों के निर्माण, पर्यटन में वृद्धि हेतु रहने-घूमने की संरचनाओं के निर्माण और इन निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने व इनके भोगोपभोग के लिए इन तक जाने-पहुंचने हेतु मार्गों के निर्माण के कारण पर्वतों की प्राकृतिक शक्ति समाप्त हो चुकी है। पर्वतों पर विकास के परिणामस्वरूप बढ़े आवागमन, भारी मोटर वाहनों के चालन-परिचालन और तरह-तरह की संरचनाएं खड़ी करने के लिए विस्फोटकों की सहायता से तोड़े गए पर्वतीय पठार पारस्परिक नैसर्गिक पर्वत-बंधन से मुक्त हो चुके हैं। विभिन्न पर्वतीय भाग अब पारस्परिक अवलंबन की अवस्था से पृथक हो चुके हैं। इसीलिए उनमें अत्यधिक या तीव्र वर्षण का भार वहन करने का शक्तिगुण नहीं बचा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड में माह डेढ़ माह के अंतराल में कोई न कोई प्राकृतिक विपदा घट ही रही है। यह घटनाक्रम तीन-चार दशकों से निरंतर चला आ रहा है और विगत दस-पंद्रह वर्षों में तो ऐसी घटनाएं भयंकर रूप में घटी हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक परिव्याप्त हिमालयी गिरिमाला पर आधुनिक विकास के कारण पड़ने वाले जो भी प्रतिकूल प्रभाव हैं, वे पर्वतों के सबसे ढलान वाले अंशों पर अधिक हैं। उत्तराखंड में सर्वाधिक पर्वत-विचलन हुआ है। इसके बाद उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बीच स्थित हिमाचल प्रदेश में अधिक पर्वतीय अस्थिरताएं हो रही हैं। पर्वतों के सर्वाधिक निचले और मध्य भाग में दीर्घ समय तक होने वाले ऐसे विचलनों व अस्थिरताओं के कारण एक दुर्भाग्यशाली दिन वह भी आएगा जब जम्मू-कश्मीर में स्थित हिमालय का सर्वोच्च शिखर जलवायु असंतुलन का अकल्पनीय विनाश झेलेगा। क्या इससे सुरक्षित रहने के लिए भारत और हिमालय पट्टिका के दोनों ओर स्थित देशों की कोई तैयारी है? संभवतः कोई तैयारी नहीं है और ना ही हो सकती है। अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर केंद्रित दुनिया हर संभव औद्योगिक व भौतिक अनुसंधान कर देना चाहती है। फिर चाहे इसके लिए समग्र पृथ्वी की पूरी प्रकृति ही ध्वस्त क्यों न हो जाय। कुछ देश तो इस संबंध में दिखावटी-बनावटी चिंता भी नहीं कर रहे। वे तो निर्मम आधुनिकता पर सवार होकर पृथ्वी से अंतरिक्ष तक विस्तारित क्षेत्र को वैज्ञानिक प्रयोगों से इस सीमा तक अप्राकृतिक कर चुके हैं कि संवेदनशील व्यक्ति को यदि आंख उठाकर आकाश की नीलिमा देखने की इच्छा होती है तो वायुमंडल में पसरी हुई मटमैली कुरूपित धुंध उसे दुखित आहें भरने को ही विवश करती है। अधिसंख्य मनुष्यों को असंतुलित जलवायु के कारण उत्पन्न ऐसे वातावरण के बारे में कोई स्वाभाविक समझ ही नहीं है। प्राकृतिक असंतुलन के कारण आए दिन वे किसी न किसी असाध्य रोग से ग्रस्त ही रहते हैं मनुष्य चाहे साधारण व्यक्ति, नागरिक, पारिवारिक सदस्य के रूप में हो अथवा विद्वान, पदाधिकारी या धन-संसाधन संपन्न विशिष्ट व्यक्ति के रूप में, उसे गंभीर होकर यह जान लेना होगा कि अंधाधुंध आधुनिक विकास आने वाले कुछ वर्षों में महाविनाश का ही पर्याय होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मर्यादा के दायरे में कर्तव्यों का पालन



संकलित
## दर्शन

भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा के दायरे में रहकर कर्तव्यों का पालन करने की सीख देता है। उनके जीवन से हम कई चीजों की प्रेरणा ले सकते हैं, जो जीवन में हमें सही मार्ग प्रशस्त करते हैं। भगवान श्रीराम ने कठिन से कठिन हालातों में भी आत्मसंयम, धैर्य और साहस से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कभी भी क्रोध में आकर कोई निर्णय नहीं लिया, बल्कि हर चुनौती का सामना शांति और विवेक के साथ किया। श्रीराम अपने वचनों के प्रति अत्यंत निष्ठावान थे। उन्होंने जीवन भर अपने वचनों और दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन किया। वनवास के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता ने सिर्फ कंद-मूल और फल खाकर जीवन बिताया। उन्होंने कभी भी मांसाहार या तामसिक भोजन को नहीं अपनाया। शबरी के प्रेमपूर्वक दिए बेर भी उन्होंने आदरपूर्वक ग्रहण किए। राजसी वैभव छोड़कर वनवास के समय भगवान राम ने तपस्वियों का वेश धारण किया। उन्होंने सादगी से जीवन जिया जहां जो मिला उसी में संतुष्ट रहकर आगे बढ़ते गए। श्रीराम हर कार्य सोच-समझकर और पूर्व नियोजन के साथ करते थे। माता सीता को वापस लाने के लिए उन्होंने समुद्र पार करने हेतु रामसेतु का निर्माण कराया, जो उनके रणनीतिक कौशल को दर्शाता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में अनेक जनजातीय और वनवासी समुदायों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। शबरी, केवट और अहिल्या जैसे प्रसंग उनके करुणा और सेवा भाव को दर्शाते हैं।

# ऐसे लोगों से कभी न करें दुश्मनी



संकलित
## प्रेरणा

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजा और सत्ताधारी या शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता नहीं करनी चाहिए। आधुनिक संदर्भ में देखा जाए तो बड़े राजनीतिक नेताओं या प्रशासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अनबन करने से गंभीर नुकसान हो सकता है, क्योंकि जिनके पास अधिकार होते हैं, वे परिस्थितियों को अपने अनुरूप मोड़ सकते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार धनवान व्यक्ति से शत्रुता करना भी अपने लिए नुकसानदायक होता है। धन से व्यक्ति की शक्ति बढ़ती है और इससे वह दूसरों पर अधिक हावी होने की क्षमता रखता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि शारीरिक या मानसिक रूप से बलवान व्यक्ति से टकराव मोल लेना हानिकारक हो सकता है। ऐसा व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इसलिए ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखनी चाहिए। धन और बल में श्रेष्ठ व्यक्ति से शत्रुता करना अनावश्यक संकट को आमंत्रित करने जैसा है। चाणक्य की इन नीतियों का अनुसरण कर व्यक्ति अपने जीवन को सुरक्षित और सफल बना सकता है। उनके विचारों को समझना और व्यवहार में लाना, जीवन में संतुलन और समृद्धि लाने में सहायक हो सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए। *-विजय कुमार सेन*

## करंट अफेयर

# व्यापार के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को किया परिभाषित

सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और व्यापार समझौतों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को परिभाषित किया। आयातकों को शुल्क रियायतें पाने के लिए एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदार से किसी उत्पाद का प्रमाण या उत्पत्ति का प्रमाण पत्र लेना होगा। राजस्व विभाग के परिपत्र के अनुसार, उत्पत्ति के प्रमाण का अर्थ है कि व्यापार समझौते के अनुसार जारी किया गया प्रमाण पत्र या घोषणा, जिससे यह प्रमाणित होता है कि माल उत्पत्ति के देश के मानदंडों को पूरा करता है। उत्पत्ति का प्रमाण पत्र उन देशों को निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिनके साथ भारत के व्यापार समझौते हैं। एक निर्यातक को आयात करने वाले देश के बंदरगाह पर प्रमाण पत्र जमा करना होता है। मुक्त व्यापार समझौतों के तहत शुल्क रियायतों का दावा करने के लिए यह दस्तावेज महत्वपूर्ण है। इस प्रमाण पत्र से यह पता चलता है कि माल मूल रूप से कहां से आया है। इस कदम पर टिप्पणी करते हुए परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि सीमा शुल्क परिपत्र के जरिये मूल प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता को साबित करने के लिए अच्छी तरह परिभाषित तंत्र और एक मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई है।



## ऑफ बीट

# अस्पताल में भर्ती होने के लिए 45 किमी तक की यात्रा

भारत में वृद्धों को बाह्य-रोगी सेवाओं के लिए 15 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ सकती है तथा अस्पताल में भर्ती होने के लिए लगभग 45 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ सकता है। यह जानकारी एक नए शोध से मिली है। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित अनुमानों में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता भी दिखाई गई है। इसके मुताबिक, शहरी बुजुर्गों को 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर बाह्य-रोगी सुविधाएं मिल जाती हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वृद्धों के लिए यह दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोधकर्ताओं ने 2017-2018 में भारत के अनुदैर्ध्य आयु अध्ययन (एलएएसआई) की पहली लहर के दौरान एकत्र किए गए 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 32,000 वृद्धों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। भारत में करीब 13.8 करोड़ बुजुर्ग हैं। जब स्वास्थ्य सुविधाएं 10 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध थी तो बाह्य-रोगी और अस्पताल में भर्ती होने, दोनों प्रकार की सेवाओं का इस्तेमाल करने की दरें उच्च थी, जो क्रमशः 73 प्रतिशत और 40 फीसदी थी।



## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण



इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ दिल्ली के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हम जलवायु जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### हर बच्चे को शिक्षा



जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### थोरियम से बनाएं बिजली



आने वाले दिनों में, भारत में बिजली का सबसे ज़्यादा कन्ज़म्प्शन होगा। सबको सस्ती बिजली चाहिए। ईश्वर ने हमें न्यूक्लियर पॉवर का ईंधन, "थोरियम", बहुत बड़ी मात्रा में दिया है। थोरियम को यूज़ करके सस्ती बिजली बन सकती है। ये छोटे रिएक्टर जगह भी कम लेते हैं।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### माफी मांगता हूं



मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। मैं तहेदिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था।
-अनुराग कश्यप, फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

125 से अधिक लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई

# शराब की दुकान हटवाने की मांग को लेकर अपने आंखों पर काली पट्टी बांधकर कलेक्टोरेट पहुंचीं विजय नगर, साईंराम कॉलोनी की महिलाएं

## साईंराम कॉलोनी से शराब की दुकान हटवाने के लिए पिछले बीस दिनों से कर रहे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विजय नगर, साईंराम कॉलोनी में स्थित शराब दुकान को हटवाने के लिए पिछले बीस दिन से रहवासी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में आठवीं बार महिलाएं आंखों पर काली पट्टी बांधकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जबकि छोला क्षेत्र में स्थित शराब दुकान हटाने को लेकर भी रहवासियों ने शिकायत दर्ज करवाई है। मंगलवार को 125 लोगों से अधिक ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। जिपं सीईओ इला तिवारी ने आबकारी विभाग को मामले की जांच सौंपी है।

विजय नगर, साईंराम, बाबू कॉलोनी के निवासी विशाल कुरील, जितेंद्र अहिरवार, जयप्रकाश सिंह, संजय राठौर सहित अन्य रहवासियों ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वह शराब दुकान




हटाने की आठवीं बार शिकायत करने जनसुनवाई में आए हैं। पिछले 20 दिनों से महिलाएं, छात्र-छात्राएं व रहवासी शांतिपूर्वक ढंग से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है।

आबकारी विभाग द्वारा जगह तलाशने का हवाला देते हुए गुमराह किया जा रहा है, जिसको देखते हुए महिलाओं ने आंखों पर काली पट्टी बांध कलेक्टोरेट पहुंचकर विरोध कर ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। इधर, छोला नाका, कलचुरी भवन निवासी सुनील कौशल ने आवेदन देते हुए बताया कि छोला रोड गणेश मंदिर और फूटा मकबरा के पास देसी शराब की दो दुकानों की वजह से महिलाओं और छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से इन दुकानों को हटाया जाए।

## चोरी से फसल काटी, पटवारी पर मिलीभगत का आरोप

ग्राम रतवा शमशाबाद निवासी सनमान सिंह ने शिकायत करते हुए बताया कि उसकी जमीन ग्राम मजीतगढ़ बैरसिया में स्थित है। जिसमें फसल लगी हुई थी, जिसे बादाम सिंह, जितेंद्र सिंह ने चोरी से काट ली है। पता चलने पर विरोध किया तो मारने की धमकी दे रहे हैं, पटवारी और चौकीदार भी बादाम सिंह से मिले हुए, जिन्होंने पंचनामा तैयार किया है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

### छात्र को नवोदय में नहीं मिला एडमिशन

बैरसिया के ग्राम बर्री बगराज निवासी मोहन दांगी ने बताया कि उनका बेटा कृष्णा दांगी बैरसिया के एक निजी स्कूल में पढ़ता है। जवाहर नवोदय छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए बेटे का चयन हो गया था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने ऑनलाइन फार्म में स्कूल की लोकेशन ग्रामीण और ऑफलाइन में शहरी बता दी। इस वजह से नवोदय में प्रवेश नहीं मिल सका। ऐसे में स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप



### नपाध्यक्ष ने सार्वजनिक प्याऊ का किया शुभारंभ

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन ने के निर्देश पर मंगलवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ के शुभारंभ के दौरान नपाध्यक्ष ने स्वंय लोगों को पानी पिलाया। उन्होंने कहा, कि गर्मी में पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का काम हैं। इसके लिए लोग घर के बाहर पात्र में जलभर कर रखें ताकि पक्षियों को भी पीने के लिए पानी मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन टैंकरों से प्याऊ में रखे मटकों को भरा जाएगा, जिससे लोगों को शीतल जल मिल सके।

### भगवान परशुराम की जयंती की तैयारी जोरों पर

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के समीपस्थ सोमेश्वर महादेव मंदिर चिनार ड्रीम सिटी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों जोर सोर से चल रही है। समिति के जयपाल शर्मा ने बताया कि सोमेश्वर महादेव मंदिर में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। तीन दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन 28 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। अगले दिन 29 अप्रैल को भगवान परसुराम की नवीन प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा, हवन, कर महाअभिषेक किया जाएगा। अंतिम दिन हवन पूजन के बाद भंडारा किया जाएगा।

### शिविर में सैकड़ों निरंकारी अनुयाई करेंगे रक्तदान

**संतनगर।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तहत 24 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 10 से 4 बजे तक रक्तदान शिविर डी मार्ट के पास जहांगीराबाद, भोपाल स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया है। निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को समूचे भारत में संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर के लिए जोनल इंचार्ज एवं ब्रांच संयोजक अशोक जुनेजा ने सभी से आग्रह किया है कि इस सेवा कार्य में सहभागी बनकर स्वयं तो रक्तदान करें एवं अन्य नागरिकों को भी प्रेरित करें।

### ओला टैक्सी ड्राइवर ने फांसी लागाकर दी जान

**भोपाल।** छोला इलाके में एक युवक ने मंगलवार सुबह फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले में घरेलू कलह की वजह निकलकर सामने आ रही है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक शिवनगर निवासी 42 वर्षीय राकेश सिंह चंदेल पुत्र फूलसिंह चंदेल ने मंगलवार सुबह फांसी लगा ली। परिजनों ने सुबह फांसी के फंदे पर लटका हुआ देख अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 469 | 91 | 335 |
| रात: | 169 | 61 | 236 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 890 | 79 | 360 |
| रात: | 460 | 03 | 238 |

कटारा हिल्स क्षेत्र के गौरीशंकर आवासीय परिसर का मामला

# दोस्त की मौत से व्यथित रियल स्टेट कर्मचारी ने घर पर लगाई फांसी


◆ पत्नी ने खिड़की से देखा तो फंदा लगा रहा था पति, गेट तोड़कर अंदर पहुंची तो फंदे से झूलता नजर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स इलाके में रहने वाले एक रियल स्टेट कंपनी में काम करने वाले युवक ने फोन पर दोस्त के मौत की खबर सुनी तो इतना दुखी हुआ कि उसने खुद भी सुसाइड कर लिया। हालांकि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक गौरीशंकर आवासीय परिसर निवासी 29 वर्षीय संजय प्रजापति रियल स्टेट कंपनी में काम करता था। साथ ही उसकी पत्नी भी वहीं काम करती थी। वह सोमवार रात पत्नी के साथ बैठकर टीवी पर क्रिकेट मैच देख रहा था, तभी एक फोन आया, जिसे सुनने के बाद वह अचानक तेज आवाज में रोने लगा। कमरे में मौजूद उसकी पत्नी सीमा ने जब रोने का कारण पूछा तो उसने कहा कि उसके एक करीबी दोस्त की मौत हो गई। कमरे में उनका बच्चा भी मौजूद था, लिहाजा पत्नी ने बच्चे के सामने रोने से मना किया तो वह उठकर दूसरे कमरे में चला गया।

## आसपास के लोगों की मदद से तोड़ा गेट



कुछ देर बाद जब पति ने कमरा अंदर से लॉक किया तो पत्नी को शंका हुई। उसने खिड़की से देखा कि पति साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से झूल रहा है। उसने तत्काल आसपास के लोगों की मदद से गेट तोड़ा और फंदे से पति को उतारा। सूचना के आधार पर डायल हंड्रेड की एफआरवी भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। एफआरवी में तैनात पुलिसकर्मी तत्काल उसे एम्स ले गए। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और उसके कमरे को सील कर उसका मोबाइल जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

**दोस्त की मौत की भी जानकारी जुटा रही पुलिस**

उधर जिस दोस्त की मौत की सूचना मृतक को मिली थी, उसका नाम कृष्णा आया है। पुलिस उसकी भी जानकारी जुटा रही है। इसमें पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पत्नी से बातचीत के आधार पर पुलिस के पास अब तक यही कारण आया है कि युवक दोस्त की मौत से दुखी था। पत्नी के बयानों की भी तस्दीक की जा रही है। मौके पर पहुंचे एएसआई राकेश सिंह परिहार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल तो दोस्त की मौत से व्यथित होकर सुसाइड का मामला प्रतीत हो रहा है।

### नवविवाहिता फंदे पर झूली

सूखी सेवनिया इलाके में 24 वर्षीय नवविवाहिता आरती पति रवि ने सोमवार रात फांसी लगाकर जान दे दी है। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हुआ है। उधर, पुलिस ने मृतका के मायके वालों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद शव ससुरालवालों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक आरती का मायका करोंद निशातपुरा है और उसकी शादी बीते साल ही नवंबर में सीहोर जिले के कुरावर निवासी रवि शिवहरे से शादी हुई थी। शादी के बाद से आरती अपने पति के साथ सूखी सेवनियां में रह रही थी। वह नर्सिंग की पढ़ाई करने के साथ ही एक निजी अस्पताल में काम भी करती थीं, जबकि पति फोटो स्टूडियो चलाता है। जिस समय आरती ने फांसी लगाई उस समय पति स्टूडियो पर गया हुआ था। पुलिस को मामले की सूचना अस्पताल से मिली।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी गंभीर

कोलार इलाके में सोमवार रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रांग साइड से आकर एक वाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी, जिससे पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को परिजन नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां पर पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी का उपचार जारी है। फिलहाल पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कजलीखेड़ा निवासी 39 वर्षीय सोनू बाल्मीकी निजी काम करता था। वह सोमवार रात करीब आठ बजे बाजार से खरीददारी कर घर लौट रहा था तभी बोरदा जोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी जिससे, वे दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय पीछे दूसरी बाइक पर उसका भतीजा दीपक आ रहा था। वह दोनों घायलों को अस्पताल ले गया जहां सोनू ने दम तोड़ दिया और पत्नी सुशीला का उपचार जा रही है। इस मामले में ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

औबेदुल्लागंज नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

# नरवाई की आग से आदिवासी का घर जला, पूरी गृहस्थी हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

आमछा कला में मंगलवार को नरवाई की आग से एक मकान जलकर खाक हो गया। कलेक्टर के आदेश के बाद भी पटवारी तहसीलदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। मंगलवार को ग्राम आमछा कला में रामस्वरूप आदिवासी का मकान आग की लपटों में घिर गया और घर का पूरा सामान जल गया, जिससे काफी नुकसान हो गया।

रामस्वरूप का कहना है कि अगर मुझे सरकार के द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया तो मैं फांसी लगाकर मर जाऊंगा। जीतू नंदवंशी ने तुरंत तहसीलदार को फोन लगाया, इसके




बाद तहसीलदार ने पटवारी को भेजा और फायर ब्रिगेड उपलब्ध करवा कर आग पर काबू पाया।

नगर परिषद की छोटी फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। वहीं खेत के पास अन्य लोगों के खेत बने हुए हैं, जो काफी चिंतित और भयभीत नजर आए। उनका कहना है कि आग से हमारे मकानों को भी क्षति पहुंच सकती थी। युवा नेता जीतू नंदवंशी, आमछा के पटेल कन्हैया नंदवंशी ने मांग की है कि गरीब रामस्वरूप को मुआवजा दिया जाए।

कन्या उमा विद्यालय परिसर में पृथ्वी दिवस मनाया

# पृथ्वी बचाओ नाटक का मंचन बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनंदराम टी.शाहानी कन्या उमा विद्यालय परिसर में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका विषय हमारी पृथ्वी हमारी ताकत रखा गया था। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि आज से पृथ्वी को सुरक्षित रखेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी दिवस कब और क्यों मनाया जाता हैं तथा इसको कैसे सुरक्षित रखा जा सकता हैं इस पर भी चर्चा की। नवयुवक सभा की प्रबंध समिति, अध्यक्ष वासदेव वाधवानी, संरक्षक विष्णु गेहानी, सुरेश राजपाल, धरमप्रकाश मोटवानी, पुरषोत्तम टिलवानी,



प्राचार्या ज्योति चौहान मौजूद थीं।

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल और कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल करोंद में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में प्रार्थना सभा का आरंभ गायत्री मंत्र, प्रार्थना और सुविचार से हुआ। शिक्षिका अंजना त्रिपाठी ने विश्व पृथ्वी दिवस पर जानकारी एवं पृथ्वी बचाओ नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी। मानवी अहिरवार ने पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए अपने सुविचार सभी के समक्ष रखें। प्रार्थना सभा का संचालन अंजना त्रिपाठी ने किया और अंत में राष्ट्रगीत के पश्चात विद्यार्थियों को कक्षा में प्रस्थान कराया गया।

दूषित पानी पीने से लिवर खराब होता है: आसवानी

# बोरबन पार्क की सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पर्यावरण वानिकी वन मंडल द्वारा मंगलवार को दीनदयाल बोरवन पार्क स्थित तलाब क्षेत्र के आस-पास इकट्ठे हुए कचरे और पॉलीथिन को बोरवन क्लब के सदस्यों व वानिकी वन मंडल की टीम द्वारा उठाया गया। वन मंडल जन भागीदारी द्वारा जल संचयन का काम किया जा रहा है, जिससे जलाशयों जैसे नहरों, झीलों, तालाबों को पॉलीथिन मुक्त करने का जिम्मा उठाया हैं।

जगह-जगह जागरूक अभियानों द्वारा नागरिकों को जल संरक्षण संवर्धन का महत्व भी समझा रही हैं। क्लब अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने स्वच्छता अभियान में शामिल होकर बताया पर्यावरण की महत्वपूर्ण शाखा जल है। दूषित जल से



लिवर संबंधित कई रोग उत्पन्न होते हैं। सरकार अपना कार्य कर रही है, पर हमारा भी दायित्व है कि हम भी पॉलीथिन का उपयोग न करके, कपड़े के झोले का उपयोग करके और सहयोग करें। आज के अभियान में जगदीश आसवानी, वन रक्षक डीपी तिवारी, शेट्टी चांदनानी, दिनेश सोनी, अशोक तनवानी, कमल शेवानी, अमर खियानी, पप्पू भैया, धनु भैया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन आज

**मंडीदीप।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग रायसेन तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्कों उज्जैन द्वारा सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र रायसेन में बुधवार 23 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। इस जिला स्तरीय शिविर में भारत सरकार की एपिड योजना के अंतर्गत रायसेन जिले के 210 दिव्यांगजनों को मोट्रेट ट्रायसाइकिल, व्हील चेयर, हेयरिंग हेड, बैसाखी, कैलीपर्स सहित कुल 343 कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

# बाबा साहेब के पोते भीमराव यशवंत आंबेडकर का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के पोते भीमराव यशवन्त आंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समता सैनिक दल के मंगलवार को औबेदुल्लागंज पहुंचने पर आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा भव्य स्वागत किया। औबेदुल्लागंज पहुंचर कर भीमराव यशवन्त आंबेडकर ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर उनके साथ बीएच गायकवाड़ राष्ट्रीय सचिव दा बुद्धिष्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. जगदीश सूर्यवंशी राष्ट्रीय अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ भारत, एमएल वर्मा पूर्व डीएसपी एवं प्रदेश अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ मध्यप्रदेश, डॉ देवेंद्र सूर्यवंशी राष्ट्रीय प्रभारी युवा प्रकोष्ठ अहिरवार



समाज संघ, कल्पना वर्मा पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, महाराज सिंह सूर्यवंशी भोपाल संभाग अध्यक्ष, डॉ. नारायण वर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ, हरिप्रसाद चौधरी जिला अध्यक्ष रायसेन, डॉ. गौतम पाटिल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### नगर के विकास के लिए व्यापार संघ चिंतित एक जुट होने को कहा

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के सदस्यों की नगर के विकास के लिए चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों में आपसी तालमेल बनाने के लिए विक्रम धाड़ी, आशीष दीक्षित व्यापार महासंघ से चर्चा कर रहे है। उनका कहना है कि मीडिया प्रभारी नीरज चावला और कैलाश डब्बू नागर भी एक जट होकर नगर के विकास के लिए आगे आएं। इस पर विवेक मित्तल, श्याम मालवीय और रतन मेघानी का कहना है कि हम सब एक हैं, राजनीति न करो। रवि कमल, विजय जैन, और अमित राय, बल्लू अरोरा, गिरीश चावला मौन हैं। बहरहाल संरक्षक अशोक मित्तल, जगदीश चंदानी अध्यक्ष, व्यापार संघ सचिव प्रदीप अरोरा, रमेश वासवानी का कहना है कि नगर के विकास के लिए सबको एक होना चाहिए।

## एफआईआर के बाद भी क्षेत्र में लगातार जलाई जा रही नरवाई

पिछले 12 दिनों में गौहरगंज के 31 किसानों पर 77 हजार का लगाया जुर्माना

# मंडीदीप में अब तक 10 से ज्यादा किसानों पर नरवाई जलाने पर एसडीएम ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। है। पृथ्वी की संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ ही भूमि की उपजाऊ क्षमता भी बनाए रखनी होगी। पर नगर में किसानों द्वारा साल में तीन फसल लेने के चक्कर में तेजी से नरवाई जलाई जा रही है। जुर्माना और एफआईआर की कार्रवाई के बाद भी किसान खेतों में नरवाई जलाना बंद नहीं कर रहे हैं। अब तक 10 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर की कार्रवाई की गई है। वहीं गौहरगंज एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव ने पिछले 12 दिनों में 31 लोगों पर 77 हजार 500 रुपए से ज्यादा जुर्माना नरवाई जलाने पर किया



है, लेकिन इसके बाद भी आसपास खेतों में नरवाई जलाने की घटना कम नहीं हो रही है।

खेतों पर नरवाई जलाने से 12 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। कृषि उप संचालक ने बताया एक हेक्टेयर की नरवाई जलाने से नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश खत्म हो रहे हैं। प्रति हेक्टेयर नरवाई जलाने से 37 किलो नाइट्रोजन, 47 किलो फॉस्फोरस और 112 किलो पोटाश नष्ट हो जाता है। इसका असर फसल की उत्पादकता पर पड़ रहा है।

मालूम हो कि खरीफ में सोयाबीन और धान की बोवनी के बाद फसल का कचरा, पराली जलाई जा रही है। इसके बाद किसान तीसरी फसल मूंग की बोवनी के लिए गेहूं की नरवाई जला रहे हैं। नरवाई जलाने से सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी आ रही है।

**जिला कलेक्टर ने लगाई नरवाई जलाने पर रोक**

जिला कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2003 की धारा 163 के तहत जिले में नरवाई जलाने पर रोक लगाई है। गांव-गांव में चौपाल लगाकर किसानों को समझाया जा रहा है।

**चंद्रशेखर श्रीवास्तव,** एडीएम गौहरगंज

# केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने की सकोरा अभियान की शुरुआत

## जगह-जगह लगाए पक्षियों को पानी पीने के लिए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं से मांग कर पानी पी लेता है। पर पशु-पक्षियों को पानी के लिए तड़पना न पड़े, उनकी प्यास बुझाने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए, जिसके लिए जीताश ने प्रदेशभर में सकोरा अभियान चालाया है। यह अभियान समाज में जागरुकता का संदेश देगी।

इस अभियान की शुरुआत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। जीवताशा फाउंडेशन के सचिव कार्तिक जैन ने बताया कि हमारा उद्देश्य सिर्फ पानी देना नहीं,



बल्कि लोगों में जागरुकता भी फैलाना है। उन्होंने कहा इस छोटे से प्रयास से हजारों पक्षियों की जान बचाई जा सकती है।

अभियान के तहत फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थानों पर परिंदों के लिए मिट्टी के सकोरे रखे जा रहे हैं, जिनमें नियमित रूप से साफ पानी भरा जाएगा।




### रविंद्र भवन में आयोजित नृत्यरंजिनी 2025 महोत्सव में दूसरे दिन भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति

# दुर्गा स्तुति में नजर आए महिषासुरमर्दिनी, निशुंभ शुंभ हारिणी और चंड मुंड विनाशिनी के रूप

**भोपाल।** जय दुर्गे दुर्गति परिहारिणी... ऋषि मार्कण्डेय द्वार रचित अर्गला स्तोत्र के पहले श्लोक में मां दुर्गा के रुप महिषासुरमर्दिनी, निशुंभ शुंभ हारिणी, चंड मुंड विनाशिनी के रूप में मां दुर्गा की स्तुति को दर्शाती प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

वहीं रामाष्टकम् प्रस्तुति में भगवान राम की महिमा को दर्शाने के साथ ही सीता स्वयंवर और श्री राम को चौदह वर्ष के वनवास और अतंतः रावण के अभिमान पर विजय प्राप्त कर श्री राम की विजय पताका दर्शाती नृत्य प्रस्तुतियों ने भक्ति रस का अद्भुत रुप प्रस्तुत किया। राम और मां दुर्गा के रुपों पर आधारित इन प्रस्तुतियों का संयोजन देखने को मिला रविंद्र भवन में आयोजित नृत्यरंजिनी 2025 महोत्सव में दूसरे दिन। जिसमें भरतनाट्यम नृत्यांगना श्वेता देवेंद्र और शिष्याओं ने नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभागार को गीत संगीत और नृत्य की मनमोहक छटा का परिचय दिया।




### भगवान शिव को नमन करती दर्पणम् की प्रस्तुति

अपनी मनमोहक प्रस्तुति देते हुए नृत्यांगनाओं ने आचार्य नंदकेश्वर द्वारा रचित अभिनय दर्पणम का प्रथम श्लोक नमस्क्रिया में भगवान शिव को नमन करती प्रस्तुति से दर्शकों की खूब वाह वाही लूटी। प्रस्तुत नृत्य में नमस्क्रिया के बाद गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु श्लोक द्वारा गुरुओं का नमन किया गया हैं। वहीं, अगली कड़ी में शिव स्तुति भो शंभो खास रही। नटराज- शिव को समर्पित स्तोत्र में तांडव नृत्य करते शिव, समस्त विश्व के स्वामी की प्रस्तुति राग रेवती और ताल आदि में निबद्ध कर प्रस्तुत किया।




### रागमालिका एवं ताल मिश्र चापू में निबद्ध जातिस्वरम्

*कार्यक्रम की शुरुआत नृत्यांगनाओं ने आदियोगी से की। इस प्रस्तुति में दिखाया कि सप्तर्षियों ने मानव जाति के संवर्धन के लिए हजारों साल पहले इस सर्वोच्च ज्ञान को आत्मसात किया। इसकी अगली कड़ी में गणेश स्तुति खास रही, जिसमें गजमुख, विघ्नहर्ता गणेश के अलौकिक रूप का गुणगान कर नृत्यांगनाओं ने मंच से ही गणपति की जयजय कार की। इसके बाद जातिस्वरमॅ की प्रस्तुति खास रही। भरतनाट्यम नृत्य शैली के ताल प्रधान अंग जातिस्वरम में मृदंग के बोलो को स्वरों में पिरोया, इसे रागमालिका एवं ताल मिश्र चापू में निबद्ध कर प्रस्तुत किया।*

### विश्व पुस्तक दिवसः ऐसे लेखकों की पुस्तकें जो देती हैं समाज को एक नया संदेश

# समाज के वर्तमान और भविष्य पर पैनी नजर रखती पुस्तकें









हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहते हैं पुस्तकें समाज का दर्पण है, एक ऐसा दर्पण जिसमें समाज का वर्तमान नजर आता है और भविष्य की रूपरेखा पर विचार और भावनाएं व्यक्त की जा सकती हैं। वर्तमान सोशल मीडिया के जमाने में पुस्तकों का महत्व कहीं से भी कम नहीं हुआ बल्कि आज भी युवा अच्छी पुस्तकों की तलाश में नजर आते हैं। आज विश्व पुस्तक दिवस पर हरिभूमि ने ऐसे ही लेखकों को तलाशा, जिनकी पुस्तकें अगली पीढ़ी को कुछ नया करने और अपनी सोच में परिवर्तन लाने का संदेश देती हैं साथ ही उन्हें पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित भी करती हैं।

### वैश्या की आत्मकथा कहती बेस्ट सेलर पुस्तक 'मानसी'


चंद्रभान राही की पुस्तक 'मानसी' अमेजॉन पर बेस्ट सेलर घोषित हो चुकी है। स्त्रियों की भागीदारी को 19वीं शताब्दी के अंत और 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में रेखांकित करने वाली यह पुस्तक एक वैश्या की आत्मकथा है कि जिसमें वैश्या सवाल करती है कि जब कमरे में एक वैश्या के साथ पुरुष भी होता है, तो बदनाम उस वैश्या रूपी स्त्री को ही क्यों किया जाता है?

### 25वीं सदी में कैसा इंसान होगा, कैसा विज्ञान होगा?

राही की पुस्तक 'अंतिम समय का सच' में विदेश में रेंटल फैमिली के चलन को दर्शाया जिसमें कोरोना में एक व्यक्ति की सारी फैमिली खत्म हो जाती है और वह अपने लिए रेंटल फैमिली को हॉयर करता है। करीब 60 पुस्तकें लिखने वाले राही ने कहा, मेरी एक पुस्तक 25वीं सदी की हकीकत दर्शाती है कि आज 21वीं सदी में यह हाल है तो 25वीं सदी में कैसा इंसान का ईमान होगा, कैसा विज्ञान होगा।

### नीति आयोग की लाइब्रेरी में मौजूद 'बादल-बादल प्यास'

*लेखक मनीष बादल ने कहा कि आज युवा काफी जागरूक हैं, उन्हें पता हैं कि उन्हें क्या पढ़ना है, क्या नहीं। पाठक अच्छी विषय वस्तु की पुस्तक को पढ़ना पसंद करते हैं। इसलिए मैंने हाल ही में विशुद्ध हिन्दी विधा में दोहे की पुस्तक 'बादल-बादल प्यास' प्रकाशित की। जो विश्व पुस्तक मेला में भी गई और नीति आयोग की लाइब्रेरी में भी मौजूद है। इसके साथ ही मेरा एक गजल संग्रह 'दो मिसरों में' नौ दिन में बिक गईं। जिसमें गजलों का विशाल संग्रह मैंने प्रस्तुत करने की कोशिश की।*




### प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे भी प्रोत्साहित करते रहेंगेः मंत्री लोधी

# देश में सुरक्षित मध्यप्रदेश की संदेश वाहक आशा मालवीय को भेंट की कॉर्बन साइकिल



मंत्री लोधी और एमडी इलैया राजा ने किया आशा को रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिलाओं हेतु सुरक्षित मप्र का संदेश देने वाली साइकलिस्ट एवं पर्वतारोही आशा मालवीय को पर्यटन संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी एवं सचिव पर्यटन एवं एमडी, राज्य पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैया राजा टी. ने पर्यटन भवन में उपहार स्वरूप बेहद आधुनिक हाइब्रिड साइकिल, साइकिलिंग किट सौंप कर पचमढ़ी रवाना किया। भोपाल से पचमढ़ी, फिर पचमढ़ी से भोपाल तक की यात्रा नारी सशक्तिकरण, एमपीटी का प्रचार प्रसार और साहसी जीवनशैली के संदेश को लेकर की जा रही हैं। आशा भोपाल से भीमबेटका, मढ़ई होते हुए पचमढ़ी के पर्यटन एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर निगम की पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित इकाई होटल अमलतास में ठहरेंगी तथा पचमढ़ी से तवा, तवा से सलकनपुर मंदिर होते हुए भोपाल वापस आएगी।

### चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव 2025 का भव्य समापन

# विकसित भारत के लिए कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने की है आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव 2025 का दूसरा दिन वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को समर्पित रहा। भोपाल में आयोजित इस आयोजन में देशभर के नीति-निमार्ता, बैंकिंग विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। इसके उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि मप्र शासन के कौशल विकास और रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल रहे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में आईसेक्ट बेहद महत्वपूर्ण तरीके से अपना योगदान दे रहा है।

विकसित भारत का अर्थ है कि हर नागरिक को सशक्त बनाना, सभी को मुख्यधारा से जोड़ना। उन्होंने 3 प्रमुख बिंदुओं को रेखांकित किया जो विकसित भारत के लिये बहुत जरूरी हैं। ये हैं, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, सामाजिक उद्यमिता। आज जरूरत ऐसे युवाओं की है जो अवसर पाने वाले नहीं बल्कि अवसर देने वाले बनें।





### 65 से ज्यादा देशों में अपनी नेटवर्किंग कर चुका है आईसेक्ट

*वहीं, संतोष चौबे ने कहा कि आज आईसेक्ट 60 हजार से ज्यादा केन्द्रों का संचालन कर रहा है। आईसेक्ट 65 से ज्यादा देशों में अपनी नेटवर्किंग कर चुका है। आईसेक्ट ने ही पहला फाइनेंशियल कियोस्क सेंटर खोला था जिसकी संख्या बढ़कर आज लगभग 8000 पहुंच चुकी है।*

### फाइनेंशियल इन्क्लूजन को बढ़ा रहा आईसेक्ट

सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि आईसेक्ट फाइनेंशियल इन्क्लूजन को बढ़ाने को कार्य बेहद लंबे समय से करते हुए आ रहा है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी फाइनेंशियल इन्क्लूजन से संबंधित केन्द्रों की बैठकें देशभर में 20 से ज्यादा स्थानों पर आयोजित होने वाली है।

### शहीद भवन में तीन दिवसीय नाट्य समारोह के अंतिम दिन नाटक 'मेरे बच्चे' का मंचन

# द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित गहन नाट्य प्रस्तुति 'मेरे बच्चे'

***भोपाल।*** *समांतर नाट्य संस्था के तीन दिवसीय नाट्य समारोह के अंतिम दिन शहीद भवन में नाटक 'मेरे बच्चे' का मंचन किया गया। नाटक में निर्देशन सौरभ लोधी का रहा और लेखन आर्थर मिलर हैं। यह प्रस्तुति द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सत्य घटना पर आधारित है जो युद्ध के सहाय पहलुओं और मानवीय नैतिकता के जटिल प्रश्नों को गहराई से उजागर करती है। मेरे बच्चे एक मार्मिक और शक्तिशाली नाट्य अनुभव है जो दर्शकों को युद्ध के विनाशकारी परिणाम, व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सत्य की खोज जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराता है।*



### नाटक की कहानी

*नाटक के केंद्र में जमुना प्रसाद नामक एक व्यवसायी है, जिसने अपने भागीदार सीताराम के साथ मिलकर लड़ाकू विमान के लिए सिलेंडर की आपूर्ति का कार्य किया था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जमुना प्रसाद पर युद्ध मुनाफाखोरी के आरोप लगते हैं। खराब गुणवत्ता वाले सिलेंडर की आपूर्ति के कारण 21 पायलट की दुखद मौत हो जाती है, जिसके लिए सीताराम को दोषी ठहराया जाता है, और वह कारावास में चला जाता है। सीताराम लगातार यह दावा करता रहा है कि उसने जमुना प्रसाद के टेलिफोन के आदेश पर ही उन सिलेंडरों को भेजा था। जबकि जमुना प्रसाद बीमारी के कारण उस दिन कार्यस्थल पर अनुपस्थित थे, जिसके चलते उन्हें कानूनी कार्रवाई से बचाया गया। युद्ध के 3 साल बाद जमुना प्रसाद अपने लापता बेटे शरद के शोक में डूबी पत्नी कमल और सेवानिवृत बेटे प्रदीप के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रदीप, जमुना से पूछता है कि उसके बेटे की मौत का जिम्मेदार कौन है, पश्चाताप से भरा जमुना प्रसाद खुद को गोली मार लेता है।*

### दुष्यंत संग्रहालय में उज्ज्वल सिन्हा के निर्देशन में हुआ नाटक का मंचन

# अपने जीवन के अनुभवों को लघु कहानी का स्वरूप देकर कथा कोलाज में किया प्रस्तुत

*भोपाल। दुष्यंत संग्रहालय में मंगलवार को हास्य और व्यंग्य से परिपूर्ण नाटक कथा कोलाज का मंचन किया गया। उज्ज्वल सिन्हा द्वारा निर्देशित नाटक की प्रस्तुति एलएनसीटी एंसेंबल आर्ट एंड ड्रामा क्लब के छात्रों ने दी। लगभग 55 मिनट की इस प्रस्तुति में कलाकारों ने समाज के विभिन्न ज्वलंत विषयों को अभिनय के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा और उनके सामने कई प्रश्न खड़े किए। नाटक में 10 कलाकारों ने अपने जीवन के अनुभवों को लघु कहानी के माध्यम से मंच पर प्रदर्शित किया।*

### सामूहिक गीत से हुआ प्रस्तुति का आगाज



नाटक की शुरुआत सामूहिक गीत से होती है। इसके बाद एक एक कर कलाकार अपनी प्रस्तुति लेकर दर्शकों के सामने आते हैं और अभिनय के माध्यम से अपने अनुभवों को साझा करते हैं।

### सामाजिक ढांचे की तस्वीर को प्रदर्शित किया

निर्देशक उज्जवल सिन्हा ने बताया कि यह नाटक युवा कलाकारों के साथ किया गया एक ऐसा रंग प्रयोग है जो आज के तेज रफ़्तार और सोशल मीडिया के दौर में उन्हें, अपनी, यथार्थ की कहानी कहने की अनुकूल परिस्थिति प्रदान करता है। नाटक विभिन्न रसों को मिलाकर बनाया गया वो रसास्वादन है, जो हंसाने के साथ ही आंखें नम भी करेगा, गुदगुदाने के साथ साथ सामाजिक ढांचे की तस्वीर दिखाकर दर्शकों को ऐसे झंझावात में ले जाएगा।

## राहुल के दावे को ईसी ने बताया बेबुनियाद

# 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग औसत प्रति घंटे के वोटिंग ट्रेंड से काफी कम

### बोस्टन में नेता प्रतिपक्ष के दावे पर ईसी ने कहा उतने समय में डाले जा सकते थे 116 लाख वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर उठाए सवालों का इलेक्शन कमीशन ने जवाब दिया है। ईसीआई सूत्रों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 6,40,87,588 मतदाताओं ने सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोट डाला। औसतन प्रति घंटे लगभग 58 लाख वोट पड़े। इस एवरेज ट्रेंड के अनुसार आखिरी 2घंटों में करीब 116 लाख मतदाता वोट डाले जा सकते थे। इसलिए, दो घंटों में 65 लाख मतदाताओं की ओर से वोट डालना औसत प्रति घंटे के वोटिंग ट्रेंड से काफी कम है।



#### राहुल ने महाराष्ट्र में मतदान पर खड़े किए थे सवाल

*राहुल ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए भारत की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की सरकार के साथ मिलीभगत है। उन्होंने अमेरिका के बोस्टन में दावा किया कि भारत की चुनावी प्रणाली में कुछ न कुछ गड़बड़ है। राहुल ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि सरल शब्दों में कहें तो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया।'*

#### आयोग को बदनाम करना गलत

*चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की ओर से गलत सूचना फैलाना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है। यह उन हजारों प्रतिनिधियों को भी बदनाम करता है जो अपनी राजनीतिक पार्टी से नियुक्त किए जाते हैं। हमें बदनाम करने की कोशिश पूरी तरह से बेतुकी है। चुनाव से ठीक पहले या हर साल एक बार वोटिंग लिस्ट में संशोधन किया जाता है। मतदाता सूची की अंतिम कॉपी सभी राष्ट्रीय/राज्य राजनीतिक दलों (जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी शामिल है) को सौंपी जाती है। उन्होंने बताया कि देश में सभी चुनाव कानून के अनुसार कराए जाते हैं। भारत में जिस पैमाने और सटीकता के साथ चुनाव आयोजित किए जाते हैं, उसकी विश्व भर में प्रशंसा होती है। येबयान लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोड़ते हैं जो पारदर्शी रूप से काम करते हैं।*

#### राहुल ने बताया था असंभव



राहुल ने कहा कि इतने समय में इतने अधिक लोगों का मतदान केंद्र तक पहुंच कर वोट डालना संभव नहीं है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर हिसाब लगाएं तो इसका मतलब है कि मतदाताओं की कतारें देर रात 2 बजे तक लगी रही होंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्रॉफी के लिए कहा तो उन्होंने न केवल इनकार कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया।

## श्रीनगर में अनुराग का ऐलान- 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' देश के लिए फायदेमंद होगा



**श्रीनगर।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' फॉर्मूला लागू करना देश के लिए फायदेमंद साबित होगा क्योंकि यह न केवल विभिन्न चुनावों पर होने वाले खर्चों में कटौती करेगा, बल्कि इससे काफी समय भी बचेगा। ठाकुर ने कहा कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर में (विधानसभा) चुनाव पिछले साल लोकसभा चुनाव के कुछ महीनों के भीतर हुए थे। इसके बाद महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में (विधानसभा) चुनाव हुए। इस प्रकार, साल भर में कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव हुए। संवाददाताओं से कहा कि यदि सभी चुनाव एक साथ कराए जाते हैं तो इससे खर्च में कमी आएगी, समय की बचत होगी और मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। एक साथ चुनाव कराने से उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों का खर्च कम होगा और देश को धन की बचत करने में मदद मिलेगी। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, अन्य संस्थानों और केंद्र द्वारा (2024) लोकसभा चुनावों में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, जिसे बचाया जा सकता है। यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.5 प्रतिशत जोड़ सकता है।

### खबर संक्षेप

#### मैं मर्यादा भूल गया था कश्यप का माफीनामा

**मुंबई।** फिल्म निर्माता-निर्देशन अनुराग कश्यप ने बीते दिनों एक जाति समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी की।



उनकी इस टिप्पणी पर जमकर विवाद हो रहा है और कश्यप की आलोचना हो रही है। कश्यप को भी अब अपनी गलती का अहसास हो गया है, जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी है। कश्यप ने पोस्ट साझा कर लिखा है, 'मैं गुस्से में मर्यादा भूल गया'। कश्यप ने एक माफीनामा दिया है।

#### आतिशी की घटी सुरक्षा वाई कैटेगरी मिलेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी की नेता



आतिशी की सुरक्षा को 'जेड' कैटेगरी से घटाकर 'वाई' कैटेगरी किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने इसके लिए दिल्ली पुलिस को निर्देश दे दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह फैसला केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आतिशी की सुरक्षा और खतरे की समीक्षा के बाद लिया गया है।

#### पूर्व खुफिया प्रमुख अंजनेयुलु गिरफ्तार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सीआईडी ने मुंबई स्थित एक्ट्रेस-मॉडल



कादंबरी जेठवानी उत्पीड़न केस में कथित भूमिका के लिए निलंबित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुख पीएसआर अंजनेयुलु को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। वे 3 आईपीएस अधिकारियों में से एक हैं, जिन्हें एक मामले में उचित जांच के बिना गिरफ्तार करने केलिए निलंबित किया गया था।

#### शहीद पुलिसकर्मी की विधवा को बनाया डीएसपी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने 26/11 के आतंकवादी हमलों में शहीद हुए



पुलिस कांस्टेबल अंबादास पवार की विधवा कल्पना पवार को मंगलवार को परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक नियुक्त किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कल्पना की सीधी नियुक्ति को लेकर यह आदेश जारी किया। कल्पना ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

#### रमानी को बरी किया सितंबर में फिर सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व



केंद्रीय मंत्री एम. जे. अकबर की उस अपील की सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी, जिसमें पत्रकार प्रिया रमानी को आपराधिक मानहानि मामले में बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। रमानी के एक वकील ने वरिष्ठ अधिवक्ता की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया।

### वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में बंगाल जल रहा

**हुजूर आते आते बहुत देर कर दी**

# मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जाएंगी ममता, हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगी

### मुर्शिदाबाद, मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में लोग बेघर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करेंगी। यह दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए होगा। एक सरकारी कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी। हिंसा में 3 लोगों की जान चली गई थी और कई घर छोड़कर भाग गए। विरोध प्रदर्शन मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जैसे कई अन्य जिलों में भी फैल गया। इन इलाकों से आगजनी, पत्थरबाजी और सड़क जाम की खबरें आईं।

पिछले हफ्ते, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने ममता के अनुरोध को दरकिनार करते हुए मुर्शिदाबाद का दौरा किया था। राज्यपाल बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को सुरक्षा की भावना चाहिए। उन्होंने यह भी वादा किया कि वे उनकी चिंताओं को केंद्र और राज्य सरकारों के सामने उठाएंगे। बोस ने कहा था कि वे (पीड़ित) सुरक्षा की भावना चाहते हैं और निश्चित रूप से कुछ अन्य मांगें या जो भी सुझाव उनके द्वारा दिए गए हैं, उन सभी पर विचार किया जाएगा। हम उनके संपर्क में रहेंगे। निश्चित रूप से बहुत प्रभावी सक्रिय कदम उठाए जाएंगे।



#### हिंदुओं को मुस्लिम-बहुल मुर्शिदाबाद से भगाया

मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने सत्ता में आने पर कार्रवाई करने का वादा किया है। बीजेपी ने ममता बेनर्जी की



आलोचना तेज कर दी है। सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा के पीछे के लोगों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की धमकी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुओं को मुस्लिम-बहुल मुर्शिदाबाद से भगाया जा रहा है। उन्होंने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बेनर्जी पर स्थिति को संभालने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने उन पर जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया।

#### वेतन की व्यवस्था हम करेंगे, शिक्षक स्कूल आएं: ममता



यहां शिक्षक भर्ती विवाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया और 26 हजार शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द हो गई। अब सभी शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच सीएम ममताने शिक्षकों को वेतन का आश्वासन दिया है। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग मुख्यालय के बाहर शिक्षकों का प्रदर्शन जारी है। इस बीच ममता ने शिक्षकों से कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

#### सीपीआईएम ने न्यायिक जांच की मांग

*सीपीआईएम ने इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की है। उसने भाजपा और टीएमसी दोनों पर बेरोजगारी और महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए सीबीआईएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि दोनों पार्टियां 2026 के राज्य चुनावों से पहले मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने के लिए मिलीभगत कर रही हैं। लेफ्ट पार्टी ने ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक बड़ी रैली के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।*

#### हिंसा के 8 आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद दंगों के सिलसिले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. हिंसा के तार ओडिशा से जुड़े हैं। दंगाई यहां मजदूर बनकर छिपे थे। इधर जम्मू-कश्मीर के रामबन में भारी बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है, जिससे कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और सड़कें अवरुद्ध हैं। पकड़े गए लोग मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में शामिल थे। बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स की एक 6 सदस्यीय टीम ने झारसुगुड़ा में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की। पुलिस को इनपुट मिला था।

#### बंगाल में मुस्लिम भी मारे गए: सिन्हा



*शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि आप 100 करोड़ हैं, यहां 25 करोड़ मुस्लिम रहते हैं। उनका तो सुनते रहते थे कि इस्लाम खतरे में है। अब ये कह रहे हैं कि हिंदू खतरे में हैं। हिंदू- मुस्लिम नहीं मारे गए। भारत माता की संतान मारे गए। दो मौत हिंदुओं की हुई तो एक मुस्लिम भी मारा गया। आप कितनी जगह सुन रहे हैं कि एक मुस्लिम भी मारा गया? जो लोग पकड़े जाते हैं, उनको बंगाली भी नहीं आती। क्या इसके पीछे साजिश नहीं थी?*

### कर्नाटक उच्च न्यायालय का फैसला

## आरक्षण के लिए किसी जाति को अलग अलग श्रेणियों में नहीं रखा जा सकता



#### याची का जाति प्रमाण पत्र हो गया था अमान्य

*उन्हें 1996 में एक नोटिस मिला जिसमें कहा गया था कि उनके समुदाय को रोजगार के लिए समूह 'डी' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, जिससे नौकरी से संबंधित आरक्षण के लिए उनका जाति प्रमाण पत्र अमान्य हो गया। विभागीय अपीलों और कर्नाटक प्रशासनिक न्यायाधिकरण के माध्यम से निवारण के कई असफल प्रयासों के बाद, सुमित्रा को 1986 की एक सरकारी अधिसूचना मिली, जिसमें यह दोहरा वर्गीकरण किया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के पीछे संवैधानिक मंशा सुसंगत है और इसका उद्देश्य समान वंचित समूहों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने राज्य के वर्गीकरण को चुनौती दी और इसे विरोधाभासी बताया।*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि एक ही समुदाय को शिक्षा और रोजगार के लिए दो अलग-अलग आरक्षण श्रेणियों के अंतर्गत नहीं रखा जा सकता। यह निर्णय पूर्ववर्ती मैसूरु जिले के कोल्लेगल तालुक की निवासी वी. सुमित्रा द्वारा दायर याचिका पर आया। उन्होंने राज्य द्वारा बालाजिगा/बनाजिगा समुदाय के वर्गीकरण को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सूरज गोविंदराज ने कर्नाटक सरकार को निर्देश दिया कि वह समुदाय को शिक्षा और रोजगार उद्देश्यों के लिए समान रूप से समूह 'बी' के अंतर्गत वर्गीकृत करे। समुदाय को शिक्षा के लिए समूह 'बी' (अनुच्छेद 15(4) के तहत) और रोजगार के लिए समूह 'डी' (अनुच्छेद 16(4) के तहत) के अंतर्गत रखने वाला राज्य का मौजूदा वर्गीकरण भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक है।

#### संवैधानिक सुरक्षा का उल्लंघन बताया

अदालत ने कहा कि इस प्रकार का कोई भी विभेदकारी व्यवहार संवैधानिक सुरक्षा का उल्लंघन करता है तथा सकारात्मक कार्रवाई को एक समान तरीके से लागू किया जाना चाहिए। यदि किसी समुदाय को शिक्षा के मामले में पिछड़ा माना जाता है, तो रोजगार के मामले में उसके साथ अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। दोहरे वर्गीकरण को आरंभ से ही अमान्य घोषित करते हुए न्यायालय ने उन आदेशों को रद्द कर दिया, जिनमें रोजगार में समूह 'बी' के तहत आरक्षण को सुमित्रा के दावे को खारिज कर दिया था।

### धूप से बचने संगम का सहारा



**प्रयागराज।** प्रयागराज में मंगलवार को गर्मी के मौसम में लोग चिलचिलाती धूप से बचने के लिए खुद को ढंककर संगम की ओर जाते हुए।

### मणिपुर स्पीकर दिल्ली पहुंचे

## मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे, नियुक्ति की सुगबुगाहट

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर विधानसभा के अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत केंद्र सरकार के अधिकारियों के बुलावे पर मंगलवार को दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना होकर दिल्ली पहुंचे। एक अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। भाजपा की राज्य इकाई के नेताओं ने पहले बताया था कि अध्यक्ष जातीय हिंसा प्रभावित राज्य के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे हैं।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। अधिकारी ने बताया कि थोकचोम दोपहर करीब एक बजे वाणिज्यिक उड़ान में सवार होकर इंफाल से रवाना हुए और रात में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर



सकते हैं। बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद सत्यब्रत ने इंफाल में भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा के साथ बंद कमरे में बैठक की थी। इस बीच बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था।

राज ठाकरे की पार्टी 26 को कुछ नया करेगी

## उद्धव गुट, कांग्रेस समेत कई दलों को भेजा न्योता, जनता की आवाज उठाएं

### 'प्रतिपालिका सभागृह' में होगा कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राज्य के प्रशासनिक कामकाज पर नजर रखने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने राज ठाकरे के नेतृत्व में पहले 'शैडो कैबिनेट' की स्थापना की थी। हालांकि वह प्रयोग ज्यादा सफल नहीं रहा। अब मनसे ने एक नया प्रयोग करते हुए 'प्रतिपालिका सभागृह' आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह विशेष सभा 26 अप्रैल को मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय के सामने स्थित पत्रकार भवन में होगी। इस समय बृहन्मुंबई महानगरपालिक का संचालन प्रशासकीय अधिकारियों के माध्यम से हो रहा है, क्योंकि 3 वर्षों से कोई निर्वाचित जनप्रतिनिधि नहीं है। मनसे का कहना है कि इसी कारण आम जनता की समस्याएं उपेक्षित रह जा रही हैं। इसी के विरोध में और जनता की आवाज उठाने के उद्देश्य से यह 'प्रतिपालिका सभागृह' आयोजित किया जा रहा है।

#### कई मुद्दों पर होगी खुली चर्चा



*इस सभा में 'प्रतिमा महापौर' की भी नियुक्ति की जाएगी और मुंबई से जुड़ी अहम समस्याओं जैसे सड़कों की हालत, स्वास्थ्य सेवाएं और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर खुली चर्चा होगी।*

#### इन दलों को भेजा आमंत्रण

महासचिव संदीप देशपांडे ने भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशिष शेलार, राकांपा के सिद्धार्थ कांबले, सपाई सईदभाई शेख, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़,उद्धव ठाकरे गुट के आदित्य ठाकरे, (शिंदे गुट) के मंत्री उदय सामंत आमंत्रण भेजा है।

### उच्चतम न्यायालय ने याचिका को कर दिया खारिज और बोला

# हाईकोर्ट '142' के तहत शक्ति का इस्तेमाल नहीं सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत शीर्ष अदालत को हासिल शक्ति उच्च न्यायालयों को प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया था। अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय को देश के भीतर उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी डिक्री या आदेश पारित करने का अधिकार देता है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि हम इस तरह के अनुरोध को कैसे मंजूरी दे सकते हैं? इसके लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता है। आप संसद के पास जाइए।

#### अनुरोध पूरी तरह से गलत और अस्वीकार्य



*पीठ ने कहा कि याचिका में किया गया अनुरोध पूरी तरह से गलत है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त शक्ति केवल इस अदालत को हासिल है, उच्च न्यायालयों को नहीं। इसलिए, हम उच्च न्यायालयों को अनुच्छेद 142 के तहत शीर्ष अदालत को हासिल शक्ति का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दे सकते। उच्चतम न्यायालय ने गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) अभिनव भारत कांग्रेस की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया।*

#### सुप्रीम कोर्ट को विशेष अधिकार मिला

*संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र के संदर्भ में, पूर्ण न्याय करने के लिए कर्तव्यबद्ध है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनावी लोकतंत्र की प्रक्रिया को इस तरह के छल-कपट से बाधित न होने दिया जाए। अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो।*

#### उधर, बंबई उच्च न्यायालय की पीठ को उड़ाने की धमकी

**छत्रपति संभाजीनगर।** बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ को



मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस ने इमारत में तलाशी ली। उच्च न्यायालय की पीठ को एक ई-मेल के जरिए धमकी मिली। अइसके बाद खोजी श्वान दस्ते, बम का पता लगाने और उसे नष्ट करने वाले दस्ते, साइबर अपराध व विशेष शाखा के कर्मियों समेत स्थानीय पुलिसकर्मियों की पुलिस टीम ने परिसर की तलाशी शुरू की।

### प्रियंका के फिलिस्तीन संदेश पर बांसुरी बोलीं

## 'नेशनल हेराल्ड की लूट' मुद्दे को अब हम जनता के सामने लाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर जेपीसी की बैठक होने जा रही है। प्रस्ताव वाले विधेयकों पर समिति की बैठक के लिए भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज एक बैग लेकर संसद भवन पहुंचीं। उनके काले बैग पर लाल रंग से 'नेशनल हेराल्ड की लूट' लिखा हुआ था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कार्यशैली को अब जनता के सामने लाया जाना चाहिए। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। कांग्रेस ने इसे भाजपा द्वारा अपने शीर्ष नेताओं के खिलाफ बदले की कार्रवाई करार दिया है।




सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हेमंत गुप्ता, भारतीय विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीएस चौहान और जाने-माने वकील और कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी उन हस्तियों में शामिल हैं, जो एक साथ चुनाव कराने पर संसद की संयुक्त समिति को अपने विचार देंगे।

## जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला

# दुनियाभर के नेताओं ने की एक स्वर में आतंकी हमले की निंदा कई देश बोले- हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा दुनिया भर के नेताओं ने की है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, इजराइलके विदेश मंत्री गिदोन सा'आर समेत कई ने शोक जताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की तरफ से जानकारी दी गई है और जैसे-जैसे और तथ्य सामने आ रहे हैं, उन्हें जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप जल्द से जल्द पीएम मोदी से बात करेंगे। हमारे देश का समर्थन हमारे मित्र भारत के साथ है। आतंकवादियों की तरफ से की जाने वाली इस तरह की भयावह घटनाओं के कारण ही हममें से जो लोग दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए काम करते हैं, वे अपना मिशन जारी रखते हैं'।

### भारत के लोगों के साथ हमारी सहानुभूतिः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा कि कश्मीर



से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। पीएम मोदी और भारत के अविश्वसनीय लोगों को हमारा पूरा समर्थन और गहरी सहानुभूति है। हमारी संवेदनाएं आप सभी के साथ हैं!

### पीड़ितों के प्रति हमारी संवेदनाएंः वेंस

वहीं भारत के दौरे पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस पर शोक



जताते हुए एक्स पर लिखा कि उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में, हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हैं। इस भयावह हमले पर शोक जताते हुए हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।

### इस क्रूर अपराध का कोई औचित्य नहींः पुतिन



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हमले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी को अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। रूस दूतावास ने राष्ट्रपति पुतिन के हवाले से लिखा कि कृपया पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दुखद परिणामों पर अपनी संवेदनाएं स्वीकार करें, जिसके शिकार नागरिक थे - कई देशों के नागरिक। इस क्रूर अपराध का कोई औचित्य नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि इसके जिम्मेदारों और अपराधियों को उचित सजा मिलेगी। मैं आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने में भारतीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहूंगा।

### आतंकवादी हमले से बहुत दुखीः मेलोनी



इटली के पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने ट्वीट किया कि भारत में हुए आतंकवादी हमले से बहुत दुःख हुआ, जिसमें अनेक लोग हताहत हुए। इटली प्रभावित परिवारों, घायलों, सरकार और सभी भारतीय लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

**अर्जेंटीना भारत के साथ खड़ाः काउसिनो**

भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो काउसिनो ने ट्वीट कर लिखा कि हम इस घृणित आतंकवादी कृत्य के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। अर्जेंटीना सभी प्रकार के आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता को खारिज करने में भारत के साथ खड़ा है। हमेशा जीवन के साथ और आतंक के खिलाफ।

### आतंकवाद के सभी रूप अस्वीकारः यूएई

*संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि वह अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन में सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से हिंसा और आतंकवाद के सभी रूपों को स्थायी रूप से अस्वीकार करता है। यूएई ने भारत सरकार और लोगों तथा इस जघन्य हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की, साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।*

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथः इजराइल

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सा'र ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए जघन्य आतंकी हमले से बहुत दुख हुआ है। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इजराइल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुट है।

# हरी घास पर पड़े थे खून से सने शव, चहुंओर आंसू-चीत्कार... आंखें हो जाएंगी नम

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने कायराना हरकत की है। पहलगाम से 10 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में दोपहर को दहशत फैल गई। हरे-भरे घास के मैदान गोलियों की तड़तड़ाहट से गूज उठे। घास के मैदानों की साइट पर बनी चाय की दुकानों के पीछे से अचानक आए आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इससे अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल के कुछ वीडियो सामने आए हैं।

**जख्म दिल पर भी**



हमले में घायल हुई एक महिला के पैर में चोट आई।

**अब रह गए सिर्फ दर्द के निशां**



हमले से सदमें में आई महिला को पानी पिलाते स्थानीय लोग।

**परिवार को बिलखता छोड़ गए पिता**



अपने दो बच्चों के साथ पीड़ित महिला के साथ सुरक्षाकर्मी।

**थम नहीं रहे आंसू**



अपने परिवारजन को खोने का दर्द से बिलखती महिला।

### पीड़ित महिला बोली- खुले स्थान पर छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी

वीडियों में चार लोग जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे हैं, जिनमें एक बच्चा भी है, जबकि कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति खून से लथपथ है। वीडियो में दो महिलाएं मदद की गुहार लगाती नजर आ रही हैं। एक स्थानीय उन्हें दिलासा दे रहा है। एक अन्य महिला पर्यटक ने बताया कि जैसे ही गोलियां चलीं, वहां अफरातफरी मच गई और पर्यटक छिपने के लिए भागने लगे, लेकिन खुले स्थान पर छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी। एक महिला ने बताया कि आतंकवादियों ने गोली मारने से पहले पीड़ितों का नाम पूछा। बैसरन में आए पर्यटक कई राज्यों से थे। मृतकों में कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पर्यटक शामिल थे।

# लोगों ने पूरे कश्मीर में कैंडल मार्च निकाला

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ कश्मीर में कई स्थानों पर कैंडल मार्च निकाले गए। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। अधिकारियों ने बताया कि हमले के विरोध में पहलगाम, श्रीनगर, सोपोर, गांदरबल, हंदवाड़ा, कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपोरा में कैंडल मार्च निकाला गया। हमले के विरोध में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और इसकी निंदा की। इसमें शामिल लोगों ने कहा कि हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त करने और एकता का संदेश देने के लिए मार्च निकाला गया। इस बीच, सेना की चिनार कोर ने एक बयान में कहा कि कश्मीर के लोगों ने हिंसा के जवाब में कैंडल मार्च निकाला। बयान में कहा गया है कि हिंसा के एक कायरतापूर्ण और दिल दहला देने वाले कृत्य में आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों और स्थानीय लोगों पर गोलीबारी की। इसके तुरंत बाद, संयुक्त बल स्थिति की देखरेख कर रहे हैं।

### घास के मैदान तक पहुंचने के सीमित माध्यम

बता दें कि, इस मैदान तक पहुंचने के लिए कोई भी सीधी सड़क नहीं है। इस प्रसिद्ध घास के मैदानों तक केवल पैदल या टट्टुओं की मदद से ही पहुंचा जा सकता है। वहीं इस वारदात के बाद सेना ने घायलों को वहां से निकालने के लिए हेलीकॉप्टर बुलाए है। हालांकि, हेलीकॉप्टर के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने अपने टट्टुओं पर कुछ घायलों को नीचे उतार लिया था। सामने आए वीडियो में स्थानीय पर्यटक गाइड और टट्टूवालों ने जिंदा बचे लोगों की मदद की। उन्होंने घायल पर्यटकों को अपने कंधों पर पास के मोटरेबल प्वाइंट तक पहुंचाया।

## पहलगाम हमलाः जयराम ने की सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक जैराम रमेश ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। इस हमले में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें 1-2 लोगों की मौत और 12-20 लोगों के घायल होने की खबर है, हालांकि कुछ स्रोतों ने 20 से अधिक मौतों का दावा किया। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी मांग रखी और केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने इस हमले को सुरक्षा में गंभीर चूक करार देते हुए कहा कि यह घटना जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। रमेश ने कहा कि इतने बड़े आतंकी हमले के बाद सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर लाकर स्थिति पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह तुरंत एक ऑल-पार्टी बैठक बुलाए, जिसमें जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति, हमले के कारणों, और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपायों पर विचार-विमर्श हो। रमेश ने केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय पर निशाना साधते हुए पूछा कि पहलगाम जैसे पर्यटक स्थल पर इतना बड़ा हमला कैसे हो गया। उन्होंने इसे "खुफिया तंत्र की विफलता" और "सुरक्षा व्यवस्था में कमी" का परिणाम बताया।

# तो पहलगाम आतंकी हमले के पीछे नापाक पाकिस्तान की साजिश

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीछे कहीं पाकिस्तान का नापाक हाथ तो नहीं है? कहीं यह हमला भारत के निकट पड़ोसी दुश्मन देश के पाले हुए आतंकियों का कारनामा तो नहीं है? यह वो तमाम जरूरी सवाल हैं जो पहलगाम आतंकी हमले के साथ ही देश के सैन्य-सामरिक गलियारों में तेजी से घूमने लगे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि हाल ही में पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर का एक बेहद विवादित बयान सामने आया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि 'कश्मीर' पाकिस्तान के गले की नस है। पाकिस्तान दो राष्ट्र के सिद्धांत का समर्थन करता है और मुसलमान, हिन्दुओं से हर तरह से अलग हैं।' इसके तुरंत बाद पहलगाम में आतंकी हमला हो गया। रक्षा सूत्रों का कहना है कि इस हमले से जुड़ी टाइमिंग इस बात की ओर साफ इशारा कर रही है कि हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। क्योंकि बीते वक्त में पाक सेनाप्रमुख के बयान के साथ ही केंद्रशासित प्रदेश में स्थित भारत-पाक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम समझौते के लागू होने के बाद भी पाक की तरफ से आतंकी घुसपैठ और भारतीय सेना की चौकियों पर गोलीबारी की जा रही है। हाल में इसे लेकर हुई एक फ्लैग मीटिंग में भारत ने मामले पर पाकिस्तान के समक्ष कड़ी नाराजगी जताते हुए उसे समझौते की अनुपालना को लेकर चेताया भी था।

### सैन्य अभियान में जुटी सेना

मौजूदा हमले के बाद आतंकियों के समूल नाश के लिए सेना भी बाकी सुरक्षा बलों के साथ संयुक्त अभियान में जुटी हुई है। बल का कहना है कि अगर आवश्यकता पड़ी तो वह अतिरिक्त दक्ष सैन्य बलों की भी अभियान में तैनाती करने के लिए तैयार है।

### पहले भी अमेरिकी राष्ट्रध्यक्षों की यात्रा के दौरान हुआ हमला

सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी (सेवानिवृत) ने कहा कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ है। इसमें कोई शक नहीं है। क्योंकि इसके जरिए वह अमेरिका के साथ ही बाकी दुनिया को यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि भारत का वो दावा खोखला है, जिसमें वो कहता है कि कश्मीर में शांति है और उसके प्रयासों से पर्यटन बढ़ रहा है, लोग बढ़ चढ़कर चुनावों के दौरान मतदान कर रहे हैं और सूबे में शांति और सौहार्द का वातावरण कायम है। उन्होंने कहा कि इतिहास में देखें तो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के वक्त पर भी पाकिस्तान ने भारत पर आतंकी हमला किया था। वर्तमान में अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भारत यात्रा पर हैं और पहलगाम में आतंकी हमला हो गया।

## खबर संक्षेप

### क्रैश के बाद विमान में ब्लास्ट, पायलट की मौत


**अमरेली।** गुजरात के अमरेली के



शास्त्री नगर स्थित रिहायशी इलाके में एक निजी कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे विमान के पायलट की मौत हो गई। बताया जाता है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विस्फोट हुआ था। जिससे आग लग गई थी। सूचना लगते ही अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस कर्मियों सहित एक काफिला तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, जहां उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। विमान में फंसे पायलट को बाहर निकला।

### डेल्टा विमान में लगी आग बाल-बाल बचे 282 यात्री

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अटलांटा जा रहे डेल्टा एयरलाइंस के एक



विमान में रनवे पर आग लग गई। आग की घटना टर्मिनल में मौजूद एक यात्री के मोबाइल में कैद हो गई, जिसके चलते एयरलाइन के कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए। विमान में सवार 282 यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिये बाहर निकाला गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एफएए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एयरलाइन ने विमान में आग की घटना के लिए खेद व्यक्त किया है।

## चीन ने अरुणाचल प्रदेश में 22 जगहों के बदले नाम

# सीएम पेमा खांडू बोले- ये उनका पुराना हथकंडा, हम इसकी कड़ी निंदा करते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने अरुणाचल प्रदेश में 22 जगहों के नाम बदले हैं। इस पर सीएम पेमा खांडू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये चीन का पुराना हथकंडा है। उन्होंने कहा कि चीन के अरुणाचल प्रदेश के कई जगहों के नाम बदलने की बात नई नहीं है, ये तीसरी या चौथी बार किया है। चीन की इस कार्रवाई का हम अरुणाचल की ओर से इसकी आलोचना करते हैं। पेमा खांडू ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का असर दिख रहा है। चीन सीमा के विकास का काम काफी



पहले से कर रहा है। हमने दो साल पहले इसको शुरू किया है। सीमा इलाके में सड़क बनाने का काम शुरू किया है, लोगों के जीवन स्तर को सुधारने को लेकर हम लोग तमाम काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा किफ्रांटियर हाईवे बनने का काम शुरू किया है। ये 2500 किमी का हाईवे बनेगा।

### नाम बदलना पॉलिटिकल स्टंट

वहीं अरुणाचल प्रदेश के पर्यटन मंत्री पीडी सोना ने कहा कि हमारे प्रदेश के कई इलाकों का नाम बदलना, चीन का महज पॉलिटिकल स्टंट है। हम इसकी परवाह नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा अरुणाचल प्रदेश को अपने देश का हिस्सा क्लेम करता रहा है, लेकिन यहां का कल्चर भारतीय सरकार के प्रति यहां के लोगों का समर्पण दिखाता है। चीन के बोलने से कुछ नहीं होता अरुणाचल प्रदेश के लोगों को भारतीय होने पर गर्व है। हालांकि, सरहद के उस पार यानी चीन अपने क्षेत्र में बहुत कुछ कर रहा है।


## राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बिजनेस समिट में जेडी वेंस बोले

# पीएम मोदी कठिन वार्ताकार, हम चाहते हैं कि भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण दें

एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार संग चार दिवसीय जयपुर दौरे पर हैं। राजधानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट में जेडी वेंस ने कहा कि यूएस दुनिया में सबसे जुड़ा सैन्य अभ्यास करता है। भारत रक्षा में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है।

अमेरिका भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भारत को पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू युद्धक विमान देना चाहते हैं। मोदी के कठिन वार्ताकार स्वभाव पर वेंस ने कहा कि पीएम मोदी बहुत सख्त नेगोशिएटर हैं। वे



भारतीय उद्योगों के हितों के लिए दृढ़ता से लड़ते हैं। मैंने स्वयं देखा कि वे अपने देश के व्यापारिक हितों की कितनी मजबूती से रक्षा करते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मुझसे कह चुके हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी हार्ड नेगोशिएटर (कठिन वार्ताकार) हैं।

### ट्रंप ने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया

वेनिस ने कहा कि आलोचक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ पालिसी की आलोचना कर रहे हैं, कह रहे हैं कि ट्रंप ने ट्रेड वार शुरू कर दिया है। यह सही नहीं है, जबकि उन्होंने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका प्रशासन ट्रेड पार्टनरशिप करना चाहता है, जो संतुलित हो। वेंस ने बताया कि फरवरी में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग और समझौतों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारें ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत कर रही हैं और जल्द ही नतीजों तक पहुंचेंगी।

### भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी

*वेंस ने कहा कि यह मेरी पहली भारत यात्रा है, जहां मेरी पत्नी के माता-पिता का जन्म हुआ। भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी है। भारत की प्राचीन वास्तुकला, समृद्ध इतिहास और परंपराओं ने मुझे बहुत प्रभावित किया। भारत का भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण भी प्रेरणादायक है। परंपरा और भविष्य के प्रति यह संतुलन भारत को अद्वितीय ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे वेवन की पीएम हाउस में खाना इतना पसंद आया कि उसने मुझसे कहा, डैड हमें इंडिया में ही रहना चाहिए। लेकिन आज जयपुर की गर्मी देख कर उसने कहा कि हमें इंग्लैंड चलना चाहिए।*

## कर्नाटक के सीएम ने पुलिस को दिए जांच के निर्देश


# अपने अधिकारी से जुड़े रोडरेज के मामले में जांच में सहयोग कर रही वायुसेना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शिलादित्य बोस और एक कॉल सेंटर के कर्मचार विकास कुमार के बीच रोडरेज की घटना पर एक ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने वायुसेना के अधिकारी के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर वायुसेना ने मंगलवार को एक बयान जारी राज्य प्रशासन को मामले में सहयोग देने की बात कही है।

वायुसेना के मुताबिक, बेंगलुरु में बीते सोमवार को वायुसेना के एक अधिकारी से जुड़ा हुआ दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है। जिसमें कानून के तहत उचित समाधान के लिए वायुसेना स्थानीय प्राधिकारियों को जांच में सहयोग कर रही है। पुलिस की जांच खत्म होने के बाद वायुसेना, विंग कमांडर शिलादित्य बोस के संबंध में आंतरिक जांच यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) करेगी।

**वायुसेना बोस के संबंध में सीओआई करेगी**



### लोगों संग सम्मान से पेश आते कर्नाटकवासी

सिद्धारमैया ने कहा, कर्नाटक में देशभर के लोगों को गले लगाने, उनके साथ सम्मान से पेश आने और उन्हें अपने लोगों की तरह स्वीकार करने की लंबी और गौरवशाली परंपरा है। इस भूमि की समावेशी भावना इतिहास में अच्छी तरह से प्रलेखित है। मुख्यमंत्री ने कुछ मीडिया आउटलेट्स की कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी और पेशेवर नैतिकता की अनदेखी करते हुए एक व्यक्ति द्वारा लगाए गए निराधार आरोप को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया है, जिससे पूरे प्रदेश की गरिमा पर आंच आई और उससे हर कन्नड़ व्यक्ति को दुख और पीड़ा हुई है।

### संकीर्ण, असहिष्णु नहीं हैं कन्नड़जन

मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक्स पोस्ट में स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने पुलिस आयुक्त को मामले में शामिल व्यक्तियों के पद या रैंक की परवाह किए बगैर उनके खिलाफ कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपनी पोस्ट में वायुसेना अधिकारी द्वारा घटना के बाद सोशल मीडिया में कर्नाटक और कन्नड़ लोगों के बारे में की गई टिप्पणियों को भड़काऊ और अपमानजनक बताते हुए कहा कि कन्नड़ लोगों को अपनी मातृभाषा पर गर्व है।

## शनिवार को होगा पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार

# वेटिकन ने शुरू की तैयारी, आज सुबह से होंगे सार्वजनिक दर्शन

एजेंसी ▶▶ रोम

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह होगा। वेटिकन ने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। ताबूत में लेटे पोप फ्रांसिस की पहली तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में पोप फ्रांसिस के पास वेटिकन राज्य सचिव प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। वेटिकन के मुताबिक पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कराएंगे।



### नौ दिन बाद होगा नए पोप का चुनाव

पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नौ दिन का शोक मनाया जाएगा। इस अवधि को नोवेन्डिएल कहा जाता है। नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। कुछ दिनों में दुनियाभर के कार्डिनल पापल कॉन्क्लेव के लिए रोम पहुंच जाएंगे।




# कोहली 13, बटलर 11 और गेल-राहुल 10 बार चूके शतक से, 90+ रन पर हुए आउट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते शनिवार को इंडियन प्रीमियर 2025 के 35वें मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जीत के लिए मिले 204 रन के लक्ष्य को जीटी ने जोस बटलर की नाबाद 97 रन की पारी की मदद से हासिल किया। इस बीच आईपीएल के इतिहास में 10 या उससे अधिक 90+ रन के स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### जोंस बटलर (11)

बटलर ने 11 पारियों में 90+ रन के स्कोर बनाए हैं, जिसमें 7 शतक शामिल हैं। उन्होंने अब तक के करियर में 114 मैचों में 39.36 की औसत और 148.74 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,897 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 22 अर्धशतक भी लगाए हैं। बटलर का आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर 124 रन है। वह जीटी से पहले मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की टीमों से खेल चुके हैं।

## इन बल्लेबाजों ने भी 10 या अधिक बार बनाए हैं 90 से ज्यादा रन



### विराट कोहली (13)

विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने 13 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए हैं। वह इस लीग में निरंतर रन बनाते हैं। वह अब तक 260 मैचों की 251 पारियों में 38.92 की औसत और 132.23 की स्ट्राइक रेट के साथ 8,253 रन बना चुके हैं। उन्होंने 113* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 58 अर्धशतक लगाए हैं।

### केएल राहुल (10)

केएल राहुल आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। राहुल ने अब तक 138 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान 45.82 की औसत और 135.70 की स्ट्राइक रेट से 4,949 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 132* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 शतक और 39 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 134* रन रहा है। वह आईपीएल 2025 में **DC** की टीम से खेल रहे हैं।



### क्रिस गेल (10)

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज क्रिस गेल अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए दुनियाभर में जाने जाते थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा विश्व भर की तमाम टी-20 लीग्स में भी गेल ने हिस्सा लिया था। आईपीएल में उन्होंने 2009 से 2021 तक 142 मैचों में 4,965 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 175* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 6 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। उन्होंने 10 पारियों में 90+ रन के स्कोर किए थे।

### डेविड वार्नर (10)

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वार्नर भी आईपीएल में 10 पारियों में 90+ स्कोर कर चुके हैं। वार्नर ने 2009 से लेकर 2024 तक आईपीएल में कुल 184 मैच खेले, जिसमें 40.52 की औसत और 139.77 की स्ट्राइक रेट के साथ 6,565 रन बनाए थे।

खास खबर

## पूरन के छक्के से फूटा फैन का सिर बल्लेबाज ने साइन कर जर्सी की भेंट



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अपने एक नेक काम से फैंस का दिल जीत लिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में पूरन के एक तूफानी छक्के ने स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर चोट पहुंचा दी थी। इसके बावजूद पूरन ने जो किया, उसने हर किसी को उनका मुरीद बना दिया। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले पूरन ने उस फैन से मुलाकात की और उनका हाल-चाल पूछा।

**छक्के से लगी थी फैन को चोट**

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में निकोलस पूरन ने 34 गेंदों में 61 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी, जिसमें 7 छक्के शामिल थे, लेकिन उनकी पारी का एक छक्का स्टैंड्स में बैठे एक फैन के सिर पर जा लगा। चोट गंभीर थी और फैन के सिर पर पट्टी बांधनी पड़ी। फिर भी उस फैन का जज्बा कम नहीं हुआ और वह मैच देखने के लिए स्टेडियम में ही रुका रहा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उस मैच में जीत हासिल की, जिससे फैन की खुशी दोगुनी हो गई।

### पूरन का दिल छू लेने वाला कदम

मैच के बाद एलएसजी ने वीडियो शेयर किया, जिसमें पूरन ने फैन से पूछा, सब ठीक है? फैन ने उत्साह से जवाब दिया, बढ़िया! पूरन सर ने मुझे बुलवाया। मैं आया, उनसे मिला। उन्होंने पूछा, सब ठीक है? मैं कल फिर मैच देखने आ रहा हूं। चाहे छक्का लगे, सिर फूटे, कोई दिक्कत नहीं। बस हमारी लखनऊ की टीम जीतती रहे। उस दिन हमारी टीम जीती, मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी टीम ट्रॉफी का सपना पूरा करे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| मुंबई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

### खबर संक्षेप



#### शिवम दुबे उभरते खिलाड़ियों के लिए देंगे 7 लाख रुपए

**चेन्नई।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला कदम उठाते हुए मंगलवार को तमिलनाडु के 10 उभरते हुए खिलाड़ियों को 70-70 हजार रुपये देने का वादा किया। आईपीएल में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले दुबे ने यहां तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ के पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह के दौरान यह दिल को छू लेने वाला फैसला लिया। दुबे को यह पुरस्कार टीएनएसजेए द्वारा दी जाने वाली 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति के अतिरिक्त दिया गया। दुबे ने समारोह के दौरान कहा, "जब मैं टीम होटल से इस स्थान पर आ रहा था, तो टीएनसीए सचिव ने मुझे बताया कि यह कार्यक्रम यहां के कुछ युवाओं की मदद करने का एक प्रयास है। ऐसे में यह कदम सभी युवा एथलीटों का हौसला बढ़ायेगा।

#### मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगी: कुजूर

**पर्थ।** जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब की तरफ से खेलते हुए हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम में जगह बनाने वाली युवा मिडफील्डर अजमीना कुजूर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में मौके का फायदा उठाने के लिए बेताब हैं। भारत को 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद उसे एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं।



#### 25 से 27 तक एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत 25 से 27 अप्रैल तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस चैंपियनशिप का आयोजन योगासन भारत द्वारा खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 21 एशियाई देशों के कुल 170 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच इसका हिस्सा होंगे।



## आईपीएल : मार्करम ने लगाया सीजन का चौथा अर्धशतक

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ को हराते हुए दर्ज की छठी जीत, पोरेल-राहुल ने ठोके अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 8 विकेट से हराते हुए अपनी छठी जीत दर्ज की। इकाना स्टेडियम में हुए मैच में लखनऊ ने पहले खेलते हुए 159/6 का स्कोर बनाया। जवाब में दिल्ली कैपिटल की टीम ने 17.5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। यह मौजूदा सीजन में एलएसजी की चौथी हार है।

### इस तरह से रहा रोचक मुकाबला

एलएसजी के एडेन मार्करम (52) और मिचेल मार्श (45) ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। हालांकि, दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद एलएसजी के बल्लेबाजों ने निराश किया। वहीं, मध्यक्रम में आयुष बडोनी ने 36 रन की पारी खेलते हुए टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल से मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए। जवाब में अभिषेक पोरेल (51) और केएल राहुल (57*) की पारियों की मदद से दिल्ली ने लक्ष्य हासिल किया।




### राहुल ने पूरे किए आईपीएल 5,000 रन

दिल्ली ने जब 36 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब राहुल क्रीज पर आए। उन्होंने मैच की परिस्थिति के हिसाब से बल्लेबाजी की। टिककर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 40 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह मौजूदा सीजन में तीसरा और उनके आईपीएल करियर का कुल 40वां अर्धशतक रहा। इस बीच उन्होंने आईपीएल में अपने 5,000 रन भी पूरे किए। उन्होंने पोरेल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी भी की।

### मुकेश ने की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

मुकेश ने अब्दुल समद के रूप में पहली सफलता हासिल की। इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपनी ही गेंद पर समद का कैच पकड़ा। इसके बाद उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी करने वाले मिचेल मार्श (45) को बोल्ड कर दिया। उन्होंने अपने चौथे और पारी के 20वें ओवर के दौरान आयुष बडोनी (36) और ऋषभ पंत (0) के विकेट चटकाए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 33 रन दिए। मुकेश ने अपने 3 विकेट बोल्ड करते हुए हासिल किए।

### सनराइजर्स और मुंबई इंडियंस में भिड़ंत आज

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना मुंबई इंडियंस से आज बुधवार 23 अप्रैल को हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में होगा। अंकतालिका में फिलहाल छठे पायदान पर मौजूद एमआई ने अब तक 4 मैच जीते हैं और इतने में ही हार झेली है, जबकि नौवें स्थान पर मौजूद एसआरएच ने सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है।

### स्कोर बोर्ड


| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन मारक्रम का स्टब्स बो चमीरा | 52 | 33 | 2 | 3 |
| मिचेल मार्श बो मुकेश | 45 | 36 | 3 | 1 |
| निकोलस पूरन बो स्टार्क | 09 | 05 | 2 | 0 |
| अब्दुल समद का एवं बो मुकेश | 02 | 08 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 14 | 15 | 1 | 0 |
| आयुष बडोनी बो मुकेश | 36 | 21 | 6 | 0 |
| ऋषभ पंत बो मुकेश | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01, कुल स्कोर: 20 ओवर में 159/6 रन
गेंदबाजी: अक्षर 4-0-29-0, स्टार्क 4-0-25-1, मुकेश 4-0-33-4, चमीरा 3-0-25-1, निगम 1-0-14-0, कुलदीप 4-0-33-0

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का मिलर बो मारक्रम | 51 | 36 | 5 | 1 |
| करूण नायर बो मारक्रम | 15 | 09 | 2 | 1 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 57 | 42 | 3 | 3 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 34 | 20 | 1 | 4 |

अतिरिक्त: 04, कुल योग: 17.5 ओवर में दो विकेट पर: 161 रन
गेंदबाजी: शारदुल 2-0-28-0, राठी 4-0-24-0, प्रिंस 2.5-0-23-0, मारक्रम 3-0-30-2, आवेश 3-0-19-0, बिश्नोई 3-0-36-0

## 100वें टूर-स्तरीय खिताब पाने मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच



**मैड्रिड।** पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब हासिल करने की उम्मीद में तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच को टूर्नामेंट में चौथी वरीयता दी गई है। उन्हें ड्रॉ के उसी आधे भाग में रखा गया है जिसमें स्थानीय खिलाड़ी और पिछले दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले कार्लोस अल्कराज भी हैं। मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच ने 2022 में सेमीफाइनल में अल्कराज से हारने के बाद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच ने अपना 99वां खिताब पिछले अगस्त में पेरिस ओलंपिक में जीता था। इसके बाद उन्हें चार टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें पिछले महीने मियामी ओपन का फाइनल भी शामिल है।

### अभी तक ये खिलाड़ी जीते हैं 100वां खिताब

जोकोविच अगर यहां चैंपियन बनते हैं तो वह टूर स्तर पर 100 खिताब जीतने वाले दुनिया के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक जिमी कॉनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) ही यह कारनामा कर पाए हैं। जोकोविच ने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीता था। उन्होंने 2016 के फाइनल में अपने कोच एंडी मरे को हराया था।

नए खुलासे से मचा हड़कंप

## राजस्थान रॉयल्स की टीम फिक्सिंग में शामिल!



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में राजस्थान रॉयल्स की टीम एक बार फिर विवादों के घेरे में है. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के एक बड़े अधिकारी ने टीम पर मैच फिक्सिंग का गंभीर आरोप लगाया है। बता दें कि इससे पहले राजस्थान की टीम का इस साल प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। तो वहीं लखनऊ के खिलाफ एक आसान कैच छूटा था, जिसके बाद फैंस ने ये आरोप लगाया था कि राजस्थान की टीम ने मुकाबले को फिक्स कर लिया है।

### आखिरी ओवर में हार ने उठाए सवाल

आईपीएल के मैच नंबर 36 में राजस्थान रॉयल्स को 181 रनों का पीछा करना था। कप्तान संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम को आखिरी ओवर में सिर्फ 9 रनों की जरूरत थी, और उनके पास 6 विकेट बाकी थे लेकिन हैरानी की बात यह रही कि लखनऊ के गेंदबाज आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को 2 रनों से जीत दिला दी।

### नीरज पवन ने आरोपों को बेबुनियाद बताया


बिहानी ने इसके साथ-साथ स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष नीरज के पवन पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एडहॉक कमेटी को नजरअंदाज किया जा रहा है और उन्हें इस बार मैच के लिए एक्रीडेशन कार्ड तक नहीं मिले हैं। इस पर नीरज ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और बिहानी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। नीरज ने स्पष्ट किया कि फिक्सिंग जैसी चीजों पर नजर रखना बीसीसीआई का काम है।

### घरेलू मैदान में ऐसी हार, संदिग्ध : जयदीप

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने एक इंटरव्यू में कहा, हमारी टीम अपने घरेलू मैदान पर इतने कम रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी, यह समझ से परे है। यह हार संदिग्ध लगती है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के पुराने विवादों का जिक्र करते हुए 2013 के स्पॉट फिक्सिंग कांड को भी याद किया, जिसमें टीम के कुछ खिलाड़ी दोषी पाए गए थे।

## अमन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के अगले दौर में

**अम्मान।** भारतीय मुक्केबाज अमन सिवाच ने यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में किर्गिस्तान के अबुबकिर दुशीव पर जीत हासिल की। पुरुषों के अंडर-17 के 63 किग्रा वर्ग में सिवाच ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दुशीव को 4-1 से हराया। पहले दो दिनों में पुरुषों की अंडर-15 और अंडर-17 दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करके जीत हासिल की और अब सिवाच ने भी ठोस जीत हासिल करके भारत की उम्मीदों को मजबूती दी है। पुरुषों के अंडर-17 के 70 किग्रा भार वर्ग में अंशुल खासा हालांकि कजाकिस्तान के कुआनीश उरुंबसार से 0-5 से हार गए।



## पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत

### विश्व कप निशानेबाजी : भारतीय दल ने जीते दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| लीमा (पेरू)

भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही।

### चीन रहा शीर्ष तालिका में टॉप पर

सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अमेरिका ने भी सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया लेकिन अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह भारत से आगे दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा।



### सुरुचि इंदर ने जीते दो स्वर्ण पदक

भारत के लिए असाधारण प्रदर्शन करने वाली 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह थी, जिन्होंने देश के लिए दोनों स्वर्ण जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल का मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी हासिल किया। सोमवार को ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में टोंडिमान और दुबे 134 का संयुक्त स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहे। लक्ष्य और नीरू की अन्य भारतीय जोड़ी 128 के कुल स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रही। केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक दौर में पहुंची।

## शानदार रहा है रविंद्र जडेजा का आईपीएल करियर

# एक टीम के लिए 2,000+ रन और 100+ विकेट लेने वाले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में विश्व के तमाम बड़े ऑलराउंडर शिरकत करते हैं। वह अपने प्रदर्शन से टीम को खिताब जिताने का प्रयास करते हैं। इस लीग के इतिहास में अब तक सिर्फ 2 ऐसे ऑलराउंडर हुए हैं, जिन्होंने एक फ्रेंचाइजी की ओर से खेलते हुए बल्लेबाजी में 2,000+ रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 100+ विकेट लिए हैं।

### रविंद्र जडेजा (सीएसके के लिए)

रविंद्र जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से 180 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27.97 की औसत और 135.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,042 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 62* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 अर्धशतक लगाए हैं। दूसरी तरफ सीएसके से उन्होंने 167 पारियों में गेंदबाजी की है, जिसमें 28.21 की औसत और 7.60 की इकॉनमी रेट के साथ 138 विकेट चटकाए हैं।





### शानदार रहा है जडेजा का आईपीएल करियर

जडेजा **IPL** में 248 मैच की 192 पारियों में 27.46 की औसत और 129.60 की स्ट्राइक रेट से 3,104 रन बना चुके हैं। इसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 62 रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 219 पारियों में 30.48 की औसत से 165 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं।

### आंद्रे रसेल (केकेआर के लिए)

वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल आईपीएल 2014 से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से खेल रहे हैं। उन्होंने इस टीम से 127 मैच खेले हैं, जिसमें 28.60 की औसत और 174.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,460 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 88* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 11 अर्धशतक लगाए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 21.05 की औसत और 9.40 की इकॉनमी रेट के साथ 119 विकेट लिए हैं।

### ऐसा है रसेल का आईपीएल करियर

रसेल आईपीएल 2012 और 2013 में दिल्ली कैपिटल्स से खेल चुके हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 110 पारियों में 27.97 की औसत और 173.53 की स्ट्राइक रेट से 2,518 रन बना चुके हैं। इसमें 11 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 115 पारियों में 22.78 की औसत और 9.44 की इकॉनमी रेट से 120 विकेट चटकाए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

आजीविका मिशन घोटाला मामला

# आईएफएस ऑफिसर ललित मोहन बेलवाल, विकास अवस्थी और सुषमा रानी शुक्ला की जमानत खारिज

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पूर्वमुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित मोहन बेलवाल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकास अवस्थी और राज्य परियोजना प्रबंधक सुषमा रानी शुक्ला के अग्रिम जमानत के आवेदन को ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश ने सुनवाई करने के बाद गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से निरस्त कर दिया है। आरोपियों के अधिवक्ता ने आरोपियों को प्रकरण में निर्दोष बताते हुए अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान करने की मांग की थी।

### आरोपी बोले झूठा फंसाया

अधिवक्ता ने आरोपियों को प्रकरण में दस साल बाद झूठा फंसाया जाना बताते हुए कहा कि उनकी प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। ईओडब्ल्यू अधिवक्ता कासिम अली ने आरोपियों के अग्रिम जमानत के आवेदन पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि आरोपियों के द्वारा किया गया अपराध गंभीर किस्म का है। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप की शिकायत मिलने पर शिकायत का सत्यापन कराए जाने के बाद ही आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### गिरफ्तारी से बचने आरोपी फरार

फरियादी राकेश कुमार मिश्रा की शिकायत पर 1 अप्रैल को ईओडब्ल्यू ने ललित मोहन बेलवाल, विकास अवस्थी सहित सुषमा रानी शुक्ला के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। गिरफ्तारी से बचने आरोपी फरार हो गए हैं। फरियादी ने ईओडब्ल्यू में कहा था कि आरोपियों ने वरिष्ठ अधिकारियों और शासन को गुमराह करते हुए मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की नस्ती में छेड़छाड़ करते हुए राज्य , जिला, ब्लाक और संकुल स्तर पर मनमाने एवं तरीके से सूची तैयार कर संविदा नियुक्तियां दी हैं।



# आरक्षक चयन प्रक्रिया में फर्जी मार्कशीट पेश करने वाले दोषी को पांच साल की सजा

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश पुलिस के 7वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल में आरक्षक बैंड के रिक्त पदों के लिए 22 सितंबर 2017 को आयोजित भर्ती प्रक्रिया में 10 वीं की फर्जी मार्कशीट पेश करने वाले आरोपी आकाश पंसोरिया को अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन ने दोषी ठहराते हुए 5 के सश्रम कारावास और 1400 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक नूतन नागर ने पैरवी की। आरोपी पंसोरिया ने राज्य ओपन स्कूल की हाईस्कूल की फर्जी मार्कशीट पेश की थी। सत्यापन के दौरान राज्य ओपन स्कूल भेजी गई आरोपी द्वारा पेश की गई मार्कशीट सत्यापन में फर्जी पाई गई थी। मप्र पुलिस के 7वीं वाहिनी के तत्कालीन सेनानी आशुतोष प्रताप सिंह ने 29 सितंबर 2017 को तत्कालीन एसपी को शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर आरोपी के विरूद्व अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग की थी। पुलिस थाना जहांगीराबाद ने मामले के अनुसंधान के पश्चात 14 जनवरी 2018 को आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के पश्चात कोर्ट में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

इंदौर, रीवा, ग्वालियर-चंबल संभाग में लू का अलर्ट, भोपाल-उज्जैन भी तपेंगे

# खजुराहो में पारा 44.4 डिग्री 27 शहरों में चलीं गर्म हवाएं

खजुराहो के बाद सीधी सबसे गर्म, यहां पारा 43.4 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के पूर्वी हिस्सा सीधी, सतना, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो सबसे गर्म है। मंगलवार को खजुराहो में पारा 44.4 डिग्री के पार रहा। वहीं, 27 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। बुधवार को भी प्रदेश में तेज गर्मी रहेगी। इंदौर, रीवा, ग्वालियर और चंबल संभाग के 9 जिलों में लू चल सकती है। इनमें अलीराजपुर, बड़वानी, शिवपुरी, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। भोपाल, उज्जैन, सागर और जबलपुर संभाग में भी गर्मी का असर बना हुआ है। यहां अगले तीन दिन लू जैसे हालात ही रहेंगे। गर्म हवाओं की वजह से खजुराहो में पारा 44.4 डिग्री से. दर्ज किया गया। एक दिन पहले यहां तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया था। खजुराहो के बाद सीधी में सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां पारा 43.4 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि भोपाल में दिन का तापमान 40.1 डिग्री से. दर्ज किया गया।


भोपाल की दोपहर

भोपाल में दिन का तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस रहा

### यहां रही तेज गर्मी

दमोह, मंडला, शिवपुरी, उमरिया, मलाजखंड, सागर, खरगोन, खजुराहो, सिवनी, नरसिंहपुर, गुना, रतलाम, नर्मदापुरम, रायसेन, खंडवा, बैतूल, धार और छिंदवाड़ा में भी तेज गर्मी रही।

### पारे में बढ़ोतरी का दौर रहेगा जारी

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक गर्मी का असर तेज रहेगा। बुधवार को लू का अलर्ट भी है। दरअसल उत्तर-पश्चिमी हवाओं के जोर पकड़ने के साथ इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, नर्मदापुरम संभागों में न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। पूरे प्रदेश में दिन में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। दो से 3 दिन लू चल सकती है।

### सीजन में 20 दिन चलेगी लू

मौसम विभाग ने मई तक 15 से 20 दिन लू चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल-मई में 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में अलग-अलग जिलों में लू का असर देखने को मिलेगा। अप्रैल के पहले और दूसरे सप्ताह में तेज गर्मी और बारिश का दौर बना रहा। पहले सप्ताह में सभी संभागों में सामान्य से 2-3 डिग्री ज्यादा 21-24 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिन में पश्चिमी गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान इंदौर, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से ज्यादा 39 से 44 डिग्री तक पहुंच गया। उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर समेत बाकी संभागों में यह 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है दक्षता निर्माण कार्यक्रम

# अपनी स्मृति पर भरोसा करता है भारतः डॉ. कपिल तिवारी

कार्यक्रम में देश भर से भाग ले रहे हैं 33 फैकल्टी प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत में वाचिक परंपरा में सभ्यता विकसित हुई है, हमारे यहां कृषि, हस्तशिल्प लोकनृत्य जैसे विषयों के शास्त्र नहीं हैं, उन्हें वाचिक परंपरा में ही विकसित किया गया है। भारत स्मृति पर भरोसा करता है। हमारा स्मृति वांग्मय समृद्ध रहा है। यह बात संस्कृति अध्येता पद्मश्री डॉ कपिल तिवारी ने कही। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसन्धान परिषद के सहयोग से आयोजित दो सप्ताह के युवा सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए दक्षता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दो सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में देश भर से 33 फैकल्टी प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मुख्य वक्ता डॉ तिवारी ने कहा कि हमें औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होना चाहिए। भारतीय दृष्टि से ही विषयों का अध्ययन करना चाहिए।



### यूरोप केंद्रित शिक्षा व्यवस्था को हमें भारत केंद्रित बनाना है : अशोक कुमार पाण्डेय

संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय ने शिक्षा के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यूरोप केंद्रित शिक्षा व्यवस्था को हमें भारत केंद्रित बनाना है। करियर के साथ कैरेक्टर पर भी फोकस होना चाहिए। संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की पृष्ठभूमि और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

जल संसाधन मंत्री ईंटखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल हुए

# बाणगंगा विसर्जन घाट पर सफाई, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के लिए सिलावट ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ईंटखेड़ी में बाणगंगा नदी के विसर्जन घाट पर सफाई, सौंदर्यीकरण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बलिदान स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग और बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में विधायक विष्णु खत्री,जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह जाट, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रमोद राजपूत,सरपंच हरि सिंह सैनी, तीरथ सिंह मीणा, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री सिलावट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जल संरक्षण के संकल्प को पूरा करने अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में 13 मिनट तक जल गंगा संवर्धन और संरक्षण की आवश्यकता बताई थी। सिलावट ने जन-आंदोलन के साथ इस कार्य को करने का आहवान किया। उन्होंने कहा गांव, जिले, राज्य और देश में श्रमदान को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। बैरसिया विधानसभा में 70 अमृत सरोवर हैं, जिनका संवर्धन करना है।

# नौकरी के लिए सीवी अपलोड करें, लेकिन जरा संभलकर...

### स्टेट साइबर पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर कहा- साइबर गुलामी से रहें सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेट सायबर पुलिस ने सायबर गुलामी से सतर्क रहने के लिए जनहित में एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के माध्यम से बताया गया है कि सोशल मीडिया में सक्रिय रहने वाले युवाओं पर इंटरनेशनल सायबर फ्रॉड माफिया की नजर है। युवाओं द्वारा नौकरी के लिए सोशल साइड पर जो सीवी अपलोड किए जा रहे हैं। सायबर माफिया तत्काल ही उनकी स्क्रीनिंग में जुट जाते हैं। इसके बाद वह उनके नंबर पर संपर्क कर विदेशों में नौकरी का लुभावना ऑफर देते हैं। थाइलेंड , म्यामार और आसपास के देशों में युवाओं को बुलाया जाता है। इसके बाद उनके पासपोर्ट और मोबाइल छीन लिए जाते हैं ताकि वो किसी से संपर्क न करे। इसके बाद उनकी फर्जी प्रोफाइल बनवाई जाती है और धोखाधड़ी सहित अन्य अपराधों में उनकी प्रोफाइल का उपयोग होता है। इस लिए सायबर गुलामी से बचने के लिए किसी भी प्रकार से विदेशों में नौकरी के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करे। भारतीय दूतावास से संपर्क किए बिना किसी भी प्रकार से विदेश जाने की जल्दबाजी न करे। किसी भी प्रकार से सायबर अपराध से पीड़ति व्यक्ति की जानकारी मिलने पर सायबर हेल्प लाइन को जानकारी दें।

# आंचलिक विज्ञान केंद्र में किया विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन



**भोपाल।** राजधानी स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र ने क्षेत्रीय निदेशालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित कर मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। कार्यक्रम में, स्कूली विद्यार्थियों के लिए 'पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता' और 'रंगोली बनाओ प्रतियोगिता' आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कुल 229 विद्यार्थियों ने भाग लिया और रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में कुल 26 टीमों ने भाग लिया।

# आदिवासी क्षेत्रों में महुए के अलावा दूसरी शराब तत्काल बंद होः भूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में अवैध शराब को लेकर राजनीति तेज हो गई है। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में यह आरोप लगाया कि आदिवासी इलाकों को शराब का गढ़ बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने पूजा-पाठ में महुआ की शराब का उपयोग करता है।

इसलिए आदिवासी क्षेत्रों में महुआ की शराब को छोड़कर हर तरह की शराब पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। भूरिया ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में में डी थ्री मुहिम चल रही है जिसका मतलब है- दहेज, दारू और डीजे। इनके खिलाफ यह अभियान चल रहा है।



इस अभियान के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। अब आदिवासी समाज के युवा खुद शराब से मुक्ति पाने मुहिम चला रहे हैं।

डॉ भूरिया ने कहा कि धार कलेक्टर का लेटर है, जिसमें उन्होंने खुद ये बात लिखी कि नकली होलोग्राम से शराब का कारोबार हो रहा है। जब अवैध शराब पकड़ी जाती है तो परिवहन करने वाले वाहन के ड्राइवर पर कार्रवाई होती है, लेकिन ठेकेदारों और उस शराब के असली मालिक पर एक्शन नहीं होता।

## स्थानीय खेल समाचार

96 रन पर नाबाद रहे कनिष्क

# भोपाल संभाग ने चंबल को 5 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्वालियर के सिंधिया स्कूल फोर्ट मैदान पर मंगलवार को एमपीसीए द्वारा आयोजित जेएन भाया इंटर डिवीजनल टूर्नामेंट में चंबल और भोपाल संभाग की टीम के बीच मुकाबला टी-20 खेला गया गया, जिसे भोपाल की टीम ने 16वें ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर पांच विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। भोपाल के कनिष्क दुबे ने 96 रन बनाए और वे महज 4 रन से शतक से चूक गए। उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। टॉस चंबल की टीम ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए चंबल की टीम को 165 रन बनाए, इनमें अभिषेक पाठक ने 30, सुमित कुशवाहा ने 19, अमन सोलंकी ने 6, अक्षय शिंदे ने 9,सोमू अहिरवार ने 68, साहिल कुमार ने 24, तवारिक खान ने एक रन का योगदान दिया। वहीं भोपाल संभाग के राहुल बाथम, प्रियांशु शुक्ला ने दो-दो विकेट लिए और प्रियांशु शुक्ला और प्रारब्ध मिश्रा को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल संभाग की टीम टीम ने 15.2 ओवर में ही पांच विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया और यह मैच पांच विकेट से जीत लिया। भोपाल संभाग की ओर से पृथ्वीराज तोमर ने तीन चौके मारकर 12, अंकुश सिंह ने 2 चौके और एक छक्के की सहायता से 17, कनिष्क दुबे ने 7 छक्के और 7 चौकों की मदद से 96 रन बनाए, प्रारब्ध मिश्रा ने तीन चौके की सहायता से 31, तनिष्क यादव ने 4 और विकास शर्मा ने 3 और राहुल बाथम(नॉट आउट) ने 6 रन का योगदान दिया।



25 अप्रैल से छोटे तालाब पर शुरू होगा वाटर स्पोर्ट्स का रोमांच

# मध्यप्रदेश की 35वीं राष्ट्रीय जूनियर, सब जूनियर केनो स्प्रिंट, ड्रैगन बोट और पैरा टीम हुई घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में 35वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट जूनियर महिला पुरुष व सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए मप्र टीम घोषित कर दी गई है। मप्र कयाकिंग एंव कैनोइंग संघ के सचिव मयंक ठाकुर ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ 25 अप्रैल से छोटे तालाब पर प्रारंभ हो रहा है। इसी के साथ 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन और 18वीं राष्ट्रीय पैरा केनो प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही हैं। इसमें देशभर के 800 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। तीनों खेलों में चयनित मप्र के खिलाड़ियों का एक माह का प्रशिक्षण शिविर छोटे तालाब पर ही आयोजित किया जा रहा है।

पुरुष प्रशिक्षक पीके बरोई, सोहेल खान व संजीब लाखर तथा महिला प्रशिक्षकों की जिम्मेदारी विश्वेश्वरी देवी को दी गई है।



### जूनियर व सब जूनियर कैनो टीम

**कयाक जूनियर पुरुषः** के संतोष सिंह, आदित्य सिंह, मंजीत मैतई, रोहन यादव, सचिन व अभिषेक आर्य। कयाक जूनियर महिलाः डाल विश्नोई, रूकमणी देवी, चंद्रकला कुशवाहा, माही रावत, प्रियांश रजक व वंशिका। कैनो जूनियर पुरुष लेफ्टः सुधीर कुमार, प्रणीत मीणा व हर्ष शर्मा। कैनो जूनियर पुरुष राइटः प्रिंस गोस्वामी, कृष्णा जाट व नीतेश। कैनो जूनियर महिला लेफ्ट : दीपक ढीमर, मासूमा यादव व दिव्यानी जाट। कैनो जूनियर महिला राइट : जानकी लावरिया व प्रगति शर्मा।
**कयाक सब जूनियर बालकः** पीवाय सिंह, अभिषेक आर्य, वांगथोई, देवजीत, ईशान मिश्रा व डिमसन। कैनो सब जूनियर बालक लेफ्टः प्रणीत मीणा, एल लेसराम व सी एलेक्स।
**कैनो सब जूनियर बालक राइटः** हर्ष साहू, नीतेश व सुमित कुमार। **कयाक सब जूनियर बालिका** : निहारिका, स्नेहा, एस साहू, मानवी जाट, नीलू वर्मा व वैदही अशोकराव खोट। **कैनो सब जूनियर बालिका राइटः** प्रगति शर्मा व वैदिका विश्नोई। कैनो सब जूनियर बालिका लेफ्ट माही साहू व कनुप्रिया। **ड्रैगन बोट टीम : पुरुष टीमः** अमन ठाकुर, सुजल वर्मा, रितिका वर्मा, अनुराग वर्मा, एस सुमित कुमार, राजकुमार कुशवाहा, पवन उपाध्याय, कृष्णा रायकवार, रोहन वर्मा, रितिक कुमार यादव, रोहित कोनजेनग्बाम, सागोल्सेम तोम्पोक हर्षित नागरीकर, विशाल राणा, सुमित सविता, विपिन मधोलिया, चित्रांश थापा, हर्षित सिरसत, आदित्या गुर्जर, सुदीप ढिमर, रामपाल विश्नोई, इज्यान वली, अरहम खान, आदेश खनाडे, आरती नागले। महिला टीम : पायल चौधरी, अल्फिया खान, रिषिका वर्मा, पलक चौधरी, संजना पवार, शिल्पी वर्मा, प्रणय अहीर, गार्गिस रघुवंशी, अनाया फैज, गौरी शर्मा, दिव्या मिश्रा व पायल वर्मा। नफीस कुरैशी, दिलीप सिंह नेगी, मैनेजर आकश शुक्ला। **पैरा टीमः** प्राची यादव, मानव कौरव, सतीश, पूजा गर्ग, राजीव सिंह, गिरराज सिंह, राधेश्याम, संजीप कोटिया, नृपेंद्र कुमार, मनीष कुमार, सोनम राठौर, करिश्मा व अनुराधा।

24 अप्रैल तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों की टीमें ले रही हैं भाग

# रविंद्रनाथ टैगौर विश्वविद्यालय का दूसरा इंटर स्कूल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट द्वारा इंटर स्कूल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का दूसरे वर्ष आयोजन किया जा रहा है। यह 22 से 24 अप्रैल तक आयोजित होगा। इस आयोजन में भोपाल शहर के स्कूल के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

आर्मी पब्लिक स्कूल, बाल भारती स्कूल निशातपुरा, बाल भारती पब्लिक स्कूल, दी आइकोनिक स्कूल, वर्ल्ड वे इंटरनेशनल स्कूल , सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईदगाह हिल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल और विंध्याचल एकेडमी की टीम प्रतिभागिता कर रही हैं।



टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. नितिन वत्स, डीन डॉ. किरण मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने खेलों की भूमिका को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण बताया।

### आज इनके बीच हुए मुकाबले

टूर्नामेंट के पहले दिन ब्वायज ग्रुप में वर्ल्ड वे इंटरनेशनल स्कूल विरुद्ध बाल भारती स्कूल निशातपुरा के मध्य मुकाबला हुआ जिसमें बाल भारती ने 23-11 के रोचक मुकाबले में जीत हासिल की बाल भारती स्कूल निशातपुरा के नैतिक ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया। वही, दूसरा मैच बाल भारती पब्लिक स्कूल नीलबड़ विरुद्ध इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें बाल भारती ने 23-20 से जीत हासिल की। बाल भारती के पेवांश ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया। इधर, गर्ल्स ग्रुप में वर्ल्ड वे इंटरनेशनल विरुद्ध बाल भारती स्कूल निशातपुरा के मध्य मुकाबला हुआ। जिसमें बाल भारती स्कूल निशातपुरा ने 5-4 से जीत हासिल की। वर्ल्ड वे इंटरनेशनल स्कूल की निहिता ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया। दिन का गर्ल्स का दूसरा मैच बाल भारती पब्लिक स्कूल नीलबड़ विरुद्ध विंध्याचल एकेडमी के मध्य खेला गया। जिसमें विंध्याचल एकेडमी ने एकतरफा मुकाबले में 15-8 से जीत हासिल की। कांटे की टक्कर की आश्वी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच प्राप्त किया।

# अकीरा ने संजय गुप्ता एकेडमी को तीन विकेट से हराया

**भोपाल।** राजधानी के ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे बीडीसीए से मान्यता प्राप्त 6वें स्व. साद अंसारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को अकीरा क्रिकेट एकेडमी और संजय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। संजय एकेडमी ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम 30.2 ओवर में 146 रनों पर ऑल आउट हो गई। इनमें अर्णव भंडारी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 64 रन बनाए। वहीं अकीरा की ओर से राघव ने 3 और दानवीर ने 2 विकेट झटके।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकीरा की टीम ने यह लक्ष्य 39.2 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इनमें वेदांत ने 40 और राघव ने 35 रन का योगदान दिया। राघव को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन (3 विकेट व 35 रन) के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930